@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 154 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

सलमान की कार को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई, 14 अप्रैल। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें अभिनेता के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही धमकी देने वाले ने सलमान की कार को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी देने वाले की तलाश में जुट गए हैं। संदेश कहां और कैसे भेजा गया? इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर संदेश मिलने के बाद सीनियर्स को सूचित किया। पीटीआई के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन को हाल के दिनों में अभिनेता को निशाना बनाते हुए कई धमकी भरे संदेश मिले हैं। बीते साल 14 अप्रैल की सुबह सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर बाइक से आए दो शूटर्स ने पांच राउंड फायरिंग की थी। इस गोलीबारी में एक गोली सलमान के घर की दीवार पर भी लगी थी। एक गोली सलमान के घर पर लगे नेट को चीरती हुई अंदर लगी थी। फायरिंग करने के बाद हमलावर बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे। घटना की जांच के दौरान गोलीबारी की जिम्मेदारी लेने वाला एक फेसबुक पोस्ट भी सामने आया था। पुलिस के मुताबिक यह पोस्ट कथित तौर पर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई ने अपलोड किया था। इस हमले के बाद सलमान खान की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया था। सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी करने वाले दोनों विक्की गुप्ता (24 साल) और सागर पाल (21 साल) को भुज, गुजरात से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार हुए दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि उन्होंने घटना को अंजाम देने से पहले अभिनेता के घर के आसपास तीन बार रेकी की थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को सुनाई खरी-खोटी

सिम्मी कौर बब्बर

हरियाणा, 14 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुनानगर में 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट और कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का मॉडल है जो पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है, दूसरी तरफ भाजपा का मॉडल है, जो सत्य पर चल रहा है। सपना है देश को विकसित भारत बनाने का। यमुनानगर भी इसी तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि हरियाणा के मेरे भाई-बहनों को मोदी की राम-राम साथियों, आज मैं उस धरती को प्रणाम करता हूं, जहां मां सरस्वती का उद्गम हुआ। जहां मंत्रा देवी विराजती हैं। जहां पंचमुखी हनुमान जी हैं। जहां कपाल मोचन साहिब का आशीर्वाद है। जहां संस्कृति, श्रद्धा, समर्पण की त्रिवेणी बहती है। आज बाबा साहब आंबेडकर जी की 135वीं जयंती भी है। मैं सभी देशवासियों को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देता हूं। बाबा साहब का विजन, उनकी प्रेरणा, निरंतर विकसित भारत की यात्रा में हमें दिशा दिखा रही है। कहा कि यमुनानगर सिर्फ एक शहर नहीं है, यह भारत के औद्योगिक नक्शे का अहम हिस्सा है। प्लाईवुड से लेकर पीतल और स्टील का यह पूरा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। कपाल मोचन मेला, वेद व्यास की तपोभूमि और गुरु गोविंद सिंह की एक प्रकार से शस्त्र भूमि है। साथियों, यह अपने आप में एक गरिमा बढ़ाने वाली बात है। यमुनानगर के साथ तो मेरी कई पुरानी यादें जुड़ी हुई हैं। जब मैं हरियाणा का प्रभारी था, तो पंचकूला से यहां आना-जाना लगा रहता था। यहां काफी पुराने कार्यकर्ताओं के साथ काम किया। मोदी ने कहा कि हमारी यह परंपरा आज भी चल रही है। हरियाणा लगातार तीसरी बार डबल इंजन की सरकार की रफ्तार देख रहा है। अब तो सैनी जी कह रहे हैं कि अब यहां ट्रिपल इंजन की सरकार है। हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए, यहां के युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए हम ज्यादा गति से, ज्यादा बड़े स्केल पर काम करते रहते हैं। आज यहां शुरू हुई विकास परियोजनाएं भी इसी का उदाहरण हैं। मैं हरियाणा के लोगों को इन विकास परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं। साथियों, मुझे गर्व है कि हमारी सरकार बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाते हुए चल रही है। बाबा साहेब ने उद्योगों के विकास को सामाजिक न्याय का मार्ग बताया था। बाबा साहेब ने भारत में छोटी जोतों की समस्या को पहचाना था। वे कहते थे कि दलितों के पास खेती के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इसलिए दलितों को उद्योगों से फायदा होगा। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार भारत में मैन्युफैक्चरिंग पर इतना बल दे रही है, इस साल के बजट में इसको लेकर हमने घोषणा भी की है। इसका मतलब है कि देश के पिछड़े लोगों और युवाओं को अधिक से अधिक फायदा मिले। एमएसएमई सेक्टर में भी इस पर काम होगा। हमारे उत्पाद दुनिया में सबसे बेहतरीन हों, इस पर हम काम कर रहे हैं। इसके लिए ऊर्जा बहुत जरूरी है, हमें बिजली पर भी आत्मनिर्भर होना ही होगा। इसके लिए यहां तीसरी इकाई का शुभारंभ हुआ है। इसका फायदा यहां के लोगों को होगा। भारत में जितना औद्योगिक विकास, जैसे प्लाईवुड बनता है, उसका आधा तो हरियाणा में ही बनता है। यहीं से पेट्रोकेमिकल प्लांट के उपकरण दुनिया के कई देशों में भेजे जाते हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ावा होने से उद्योगों को खूब फायदा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार बिजली को लेकर पूरी गंभीरता से काम कर रही है।

फर्जी तस्वीरें शेयर कर दंगे भड़काने की कोशिश: साकेत गोखले

कौमी संवाददाता

कोलकाता, 14 अप्रैल। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मजूमदार ने देश के अलग-अलग हिस्सों की हिंसा की तस्वीरें शेयर करके उन्हें पश्चिम बंगाल से जुड़ा बताने की कोशिश की, ताकि राज्य में सांप्रदायिक तनाव फैलाया जा सके। गोखले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए दावा किया कि सुकांत मजूमदार ने अन्य राज्यों की हिंसा की पुरानी तस्वीरें साझा कर यह दिखाने की कोशिश की कि ये तस्वीरें बंगाल में हिंदू त्योहारों के दौरान हुई हिंसा की हैं। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार पर आरोप लगाते हुए गोखले ने आगे लिखा कि केंद्र सरकार के एक मंत्री को बंगाल में सांप्रदायिक दंगे भड़काने की कोशिश करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने भाजपा शासित राज्यों से हिंसा की तस्वीरें पोस्ट कीं और कहा कि ये बंगाल की हैं। साथ ही गोखले ने आरोप लगाया कि जब कई लोगों ने सच्चाई उजागर की, तो मजूमदार ने चुपचाप अपना ट्वीट डिलीट कर दिया। उन्होंने ये भी कहा कि यह सब जानबूझकर एक राजनीतिक साजिश के तहत किया गया ताकि राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती का बहाना बनाया जा सके। गोखले ने आगे सवाल उठाया कि क्या सुकांत बाबू को केंद्रीय मंत्री होने की जिम्मेदारी का कोई एहसास है? आपने जानबूझकर फर्जी तस्वीरें शेयर कीं और दंगे भड़काने की कोशिश की। इसके अलावा गोखले ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी सवाल पूछा कि क्या वे अपने मंत्री को इस हरकत के लिए फटकार लगाएंगे, या 2026 के बंगाल चुनाव से पहले भाजपा अब ऐसी गंदी चालें चलेगी?

वक्फ कानून पर ममता बनर्जी का बयान ठीक नहीं

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि वक्फ संशोधन कानून को लेकर सीएम ममता बनर्जी का बयान ठीक नहीं है। दरअसल ममता बनर्जी ने कहा था कि वे बंगाल में वक्फ कानून को लागू नहीं करेंगी। मेघवाल ने कहा कि ममता बनर्जी ने नागरिकता कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, लेकिन बंगाल में नागरिकता कानून लागू हुआ है। गौरतलब है कि वक्फ कानून को लेकर बंगाल में हिंसा का दौर चल रहा है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो चुकी है और सैंकड़ों घायल हैं। केंद्रीय कानून मंत्री ने बंगाल में जारी हिंसा को लेकर सवाल किया गया, जिसमें उनसे ममता बनर्जी के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, जिसमें ममता बनर्जी ने बंगाल में वक्फ संशोधन कानून लागू नहीं करने की बात कही थी। इस पर मेघवाल ने कहा कि उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून के वक्त भी ऐसा ही बयान दिया था, जबकि बंगाल में नागरिकता संशोधन कानून लागू हुआ। ये संसद द्वारा बनाए गए कानून हैं, जो पूरे देश में लागू होते हैं। ऐसे में सीएम ममता बनर्जी का बयान कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा, वह सही नहीं है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने ये बातें कही। वक्फ कानून के विरोध में बंगाल के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। खासकर मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में हुए विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए। मुस्लिम बहुल सुती, धुलियान, शमशेरगंज और जंगीपुर इलाकों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हुई है और सैंकड़ों लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने हिंसा के मामले में 150 लोगों को हिरासत में लिया है। प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए गए हैं और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई है।

वसुंधरा के गढ़ में पहुंचे सचिन पायलट

जयपुर, 14 अप्रैल। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट एक बार फिर से राजस्थान में सक्रिय होते नजर आ रहे हैं। सोमवार को सचिन पायलट पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के गृह जिले झालावाड़ में पहुंचे। यहां रतनपुरा में आयोजित एक कार्यक्रम में पायलट ने बीजेपी सरकार और वसुंधरा राजे पर निशाना साधा। पायलट ने कहा कि वसुंधरा राजे को झालावाड़ के अलावा पूरे राजस्थान का दौरा भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर भी वसुंधरा राजे की बात सुनी जाती है। पायलट ने कहा कि वसुंधरा झालावाड़ में बोलीं तो अधिकारी को एपीओ कर दिया गया। उनकी नाराजगी को लेकर दिल्ली तक हड़कंप मच गया। कांग्रेस नेता पायलट ने कहा कि हम विपक्ष में हैं और सत्ता के नशे में चूर लोग हमारी नहीं सुन रहे हैं। लेकिन कम से कम वसुंधरा राजे की सुनी जा रही है तो उन्हें झालावाड़ के अलावा प्रत्येक संभाग का दौरा करना चाहिए। राजे दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। पायलट ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग संविधान का अपमान कर रहे हैं। ताकतवर लोग अत्याचार और उत्पीड़न कर रहे हैं। दलित कमजोर और पिछड़े वर्ग के मन में सुरक्षा को लेकर शंका पैदा हो गई है। देश और प्रदेश में शासन करने वाले लोग संविधान को सामने रखकर शासन तो कर रहे हैं, लेकिन उसके प्रावधानों को नहीं मान रहे। पायलट ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पुलिस आम जनता के साथ जो व्यवहार कर रही है, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अलवर में दलित नेताओं के मंदिर जाने पर बीजेपी नेता शुद्धिकरण कर रहे हैं।

राजनीतिक लाभ के लिए आंबेडकर का नाम इस्तेमाल कर रहा विपक्ष: डॉ. वीरेंद्र कुमार

सौरभ शर्मा

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने सिर्फ बाबासाहेब के नाम का इस्तेमाल किया है, लेकिन उनके विचारों और संघर्षों को कभी नहीं अपनाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष आंबेडकर के योगदान का सम्मान नहीं करता है और ना ही उनके जीवन से जुड़े स्थानों पर विकास कर रहा है। बता दें कि आज देशभर में डॉ. बीआर आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई जा रही है। इसी दौरान एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए वीरेंद्र कुमार ने ये बातें कही। केंद्रीय मंत्री ने आगे कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब वे सत्ता में थे, तब उन्होंने कई बार संविधान का उल्लंघन किया और अपने स्वार्थ के लिए आपातकाल भी लगाया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने संविधान को ऐसा बनाया कि उसमें जरूरत के अनुसार संशोधन हो सके, लेकिन उसका मूल उद्देश्य न्याय, समानता और एकता को हमेशा बनाए रखना है। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने पिछड़ा वर्ग के लिए केंद्र सरकार के काम पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया, जो विपक्ष लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए भी नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक 56 साल तक शासन करने वालों ने आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया, लेकिन मोदी जी ने यह करके दिखाया। कुमार ने कहा कि भाजपा ने संविधान को सर्वोच्च सम्मान दिया है और हमारे लिए संविधान देश की आत्मा है। अपने बयान के अंत में केंद्रीय मंत्री डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबासाहेब ने एक छोटे परिवार से आकर, भेदभाव और अपमान सहते हुए भी अपनी शिक्षा पूरी की और समाज के सामने सवाल उठाया कि देश में भेदभाव क्यों है। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। गौरतलब है कि हर वर्ष 14 अप्रैल को देश में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का मानना था कि शिक्षा हर किसी को मिलनी चाहिए, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या समाज से आता हो। आज के इस खास मौके पर जानते है डॉ. आंबेडकर के पास कितनी डिग्रियां थीं।

सीमा पार से है खतरा, सतर्क रहें: एलजी सिन्हा

तेजिन्दर कौर बब्बर

राजोरी, 14 अप्रैल। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि सीमा पार के दुश्मनों से खतरा बराबर बना हुआ है। हमें निरंतर सतर्क रहना होगा। दुश्मन शांति भंग करने के लिए आतंकवादियों को सीमा पार से भेज रहा है। ऐसे समय में नागरिकों और सुरक्षा बलों को एकजुट होकर उनका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। हमें यह सीख और जज्बा खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह और राजोरी के बलिदानी नर नारियों से विरासत में मिला है। इससे हमारे संकल्पों को दृढ़ता और ताकत मिलती रहेगी। श्री सिन्हा राजोरी दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मनोज सिन्हा ने इस अवसर पर खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविन्द सिंह को याद करते हुए कहा कि उनकी अमृत वाणी में जोश और जज्बा भरा है। वे धार्मिक पथप्रदर्शक होने के साथ एक महान योद्धा भी थे। उनके आदर्श भारतीय जवानों के लिए सतत प्रेरणास्रोत हैं। उनसे विपरीत हालातों में हमारी सेना के बहादुर जवानों को लड़ने की ताकत मिलती है।इस दौरान उन्होंने राजोरी के उन सभी बलिदानियों, सेना के जवानों और सैन्य अधिकारियों को याद किया और श्रद्धांजलि दी जिन्होंने कंधे से कंधा मिलाकर पाकिस्तानी कबायलियों को गहरी शिकस्त दी और राजोरी को आजाद कराया। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग है कि जिस दिन राजोरी कबायलियों से मुक्त हुआ उसी दिन गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना भी की थी। उन्होंने गुरु गोविन्द सिंह की अमृत वाणी का जिक्र करते हुए बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने भोले शंकर से यह वर मांगा था कि मैं नेक काम करने में सदा आगे रहूं। युद्ध के मैदान में मौत से भी सामना हो जाय तो पीछे न हटूं और फतह करके वापस लौटूं। यही नहीं ?ब अंतिम समय आए तो मैं युद्ध क्षेत्र में लड़ते हुए वीरगति प्राप्त करूं। गुरु गोविन्द सिंह की इस अमरवाणी ने निरंतर हमारे वीर सैनिकों का मार्गदर्शन किया है। एलजी ने राजोरीवासियों और सैनिकों को आगाह करते हुए कहा कि दुश्मन की ओर से खतरा अभी भी बना हुआ है, ऐसे में नागरिकों को सदैव सतर्क रहना होगा। सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा, तभी दुश्मनों के नापाक मंसूबों का हम मुंहतोड़ जवाब दे पाएंगे। नागरिक, सेना के जवानों के हमसफर बनें। राजोरी के नागरिकों ने हर विपत्ति के समय ऐसा किया है। यह बलिदानियों की धरती है। यहां की महिलाएं भी वीरांगना हैं, बलिदान देने में पीछे नहीं रही हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने भारतीय सेना की बहादुरी और बलिदान की चिरस्थायी विरासत की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना के लिए हर दिन उसकी वीरता और देशभक्ति का प्रमाण होता है। राजोरी को पुन: प्राप्त करने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देते हुए एलजी ने पाकिस्तानी सेना द्वारा छह महीने तक किए गए कब्जे को भारत के इतिहास में काला युग करार दिया।

परिवार के आशीर्वाद से राजनीति में रखूंगा कदम: रॉबर्ट वाड्रा

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने राजनीति में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को लगता है कि उन्हें यह कदम उठाना चाहिए, तो वह अपने परिवार के आशीर्वाद से यह कदम उठाएंगे। सोमवार को एएनआई से खास बातचीत में वाड्रा ने कहा कि राजनीति से उनका जुड़ाव काफी हद तक गांधी परिवार से उनके जुड़ाव के कारण है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में कई राजनीतिक दलों ने उन्हें राजनीतिक चर्चाओं में खींचने की कोशिश की है और अक्सर चुनाव या अन्य मुद्दों के दौरान उनके नाम का इस्तेमाल ध्यान भटकाने के लिए किया जाता है। वाड्रा ने कहा, मेरा राजनीति से जुड़ाव सिर्फ इसलिए है क्योंकि मैं गांधी परिवार का सदस्य हूं। लेकिन मैं यह भी कहूंगा कि पिछले कई सालों में कई पार्टियों ने मेरे नाम का इस्तेमाल किया है और हमेशा मुझे राजनीति में खींच लिया है क्योंकि हर बार चुनाव आते हैं, उन्हें मेरा नाम याद आता है। हर बार जब उनके पास कोई मुद्दा होता है जिससे वे ध्यान भटकाना चाहते हैं, तो उन्हें मेरा नाम याद आता है। वाड्रा ने कहा कि यह अक्सर राजनीतिक प्रतिशोध की तरह लगता है।

क्या अब भारत लाया जाएगा भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी

नरेश मल्होत्रा

नई दिल्ली, 14 अप्रैल। भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को सोमवार सुबह बेल्जियम से गिरफ्तार किया गया है। चोकसी बीते करीब सात साल से भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर है। चोकसी की गिरफ्तारी के बाद यह चर्चा है कि क्या 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के बाद चोकसी का प्रत्यर्पण भी कर सकता है? मेहुल चौकसी कौन है? चोकसी किस मामले में आरोपी है? उससे जुड़ा पूरा मामला क्या है? इसमें कब-कब क्या हुआ? चोकसी बीते सात साल में कहां-कहां रहा? बेल्जियम में उसकी गिरफ्तारी क्यों हुई? और उसे भारत वापस कैसे लाया जा सकता है? आइये जानते हैं... मेहुल चोकसी का नाम पहली बार 2018 में सामने आया, जब एक विशेष पीएमएलए कोर्ट ने चोकसी और उसके भांजे नीरव मोदी और नीशल मोदी के खिलाफ एक गैर-जमानती वारंट जारी किया। आरोप है कि नीरव और मेहुल ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर बैंक को करीब 13,000 करोड़ रुपये का चूना लगाया। यह बैंकिंग इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला कहा जाता है। इन लोगों ने पीएनबी की मुंबई के फोर्ट में स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच के अधिकारियों की मदद से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स (स्श) के जरिए बैंक से कर्ज पर रकम लेकर विदेशों में ट्रांसफर की। आरोपियों ने फर्जीवाड़े से स्श की अवधि एक साल तक दिखाई और महंगे आभूषणों का आयात किया, जबकि रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस के मुताबिक, इनकी अवधि 90 दिन ही हो सकती है, जिसके बाद कर्ज वापसी जरूरी है।झ भारतीय बैंकों की विदेश में मौजूद शाखाओं ने आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया। वे ऐसे दस्तावेज मुहैया कराने में नाकाम रहे, जिसके जरिए विदेश में उनसे कर्ज हासिल किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेहुल चोकसी ने बेल्जियम में निवास कार्ड पाने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए। भारत ने इसे लेकर यूरोपीय देश को आगाह भी किया। बताया गया कि चौकसी ने यह भी छिपाया कि वह भारत और एंटीगुआ का नागरिक है। इससे पहले फरवरी में चोकसी के वकील ने मुंबई की एक अदालत को बताया था कि वह भारत नहीं लौट सकता, क्योंकि वह रक्त कैंसर के इलाज के लिए बेल्जियम में था। भगोड़े कारोबारी ने कहा था कि वह भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालतों में पेशी के लिए तैयार है। हालांकि, इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया और एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की दिशा में काम करती रहीं। भारत और बेल्जियम के बीच प्रत्यर्पण संधि है। इस संधि के तहत हत्या, धोखाधड़ी, जालसाजी जैसे कई अपराधों के अभियुक्तों को एक देश से दूसरे देश भेजने का अहम माध्यम है। 2020 में केंद्रीय कैबिनेट ने संधि में कुछ बदलाव भी किए थे। संधि के मुताबिक, किसी भी स्थिति में नागरिकों या निवासियों को तब तक नहीं सौपा जा सकता, जब तक किया गया अपराध दोनों देशों के कानून के हिसाब से प्रत्यर्पण लायक जुर्म नहीं है। सीधे शब्दों में समझें तो किसी व्यक्ति को तभी प्रत्यर्पित किया जा सकता है, जब उसके द्वारा किया गया काम भारत और बेल्जियम दोनों देशों में अपराध की श्रेणी में आता हो।

राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं अगले साल विधानसभा चुनाव: शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता, 14 अप्रैल। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मांग की है कि अगले साल बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद, सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज में जो अशांति है, वह राज्य सरकार की नाकामी है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकी और शांति व्यवस्था कायम नहीं रख सकी। भाजपा नेता ने दावा किया कि जब उन्मादी भीड़ तोड़फोड़ और तबाही कर रही थी तो सत्ताधारी पक्ष मूकदर्शक बना सब देख रहा था। मीडिया से बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जब भी हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं तो उन्हें वोट देने से रोका गया है। पुलिस सत्ताधारी पार्टी के कैडर की तरह काम करती है। मुक्त और पारदर्शी चुनाव के लिए अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत कराए जाने चाहिए। बंगाल के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हालिया हिंसा के पीछे जिहादी तत्व हैं। इन लोगों को खुला घुमने की मंजूरी मिली हुई है। हम उनका सामना करने के लिए तैयार हैं, लेकिन बराबरी का मुकाबला होना चाहिए। चुनाव आयोग को गंभीरत से अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराने पर विचार करना चाहिए। गौरतलब है कि वक्फ कानून के विरोध में बंगाल में हो रहे प्रदर्शन हिंसक हो गए हैं, जिसके चलते तीन लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हुए हैं। मुर्शिदाबाद से सैंकड़ों लोग पलायन कर माल्दा पहुंच गए हैं। जहां वे कैंपों में रह रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी के आरोपों पर टीएमसी नेता फिरहाद हकीम ने कहा कि लोग बंगाल में ही रह रहे हैं, राज्य छोड़कर नहीं भाग रहे। प्रशासन सभी का ख्याल रख रहा है और हालात को सामान्य करने की कोशिश हो रही है। हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन पुलिस दोषियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

बंगलादेश के मुख्य सलाहकार बौद्ध समारोह में शामिल हुए

एजेंसी

ढाका। बंगलादेश में अंतरिम सरकार के अंतर्गत इस्लामी कट्टरपंथ में वृद्धि के आरोपों के बीच मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने ढाका में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध मठ में एक समारोह में हिस्सा लिया और देश के नागरिकों से कल पोहेला बैसाख उत्सव को अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मनाने का आग्रह किया। मुख्य सलाहकार यूनुस ने बंगलादेश बौद्ध महासंघ द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ढाका में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध मठ में सम्प्रीति भवन की आधारशिला रखी। द डेली स्टार के अनुसार, समारोह की अध्यक्षता उप संघराजा आदरणीय श्रीमत धर्मप्रिय महाथेरा ने की, जिसमें धार्मिक मामलों के सलाहकार डॉ. एएफएम खालिद हुसैन और चटगांव हिल ट्रैक्ट्स मामलों के सलाहकार सुप्रदीप चकमा सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। बाद में मुख्य सलाहकार ने मुख्य प्रार्थना कक्ष और मठ का दौरा किया। एक संदेश में, श्री यूनुस ने सभी लोगों से देश की विविधता और एकता की भावना को प्रदर्शित करते हुए, अपने पारंपरिक धार्मिक-सांस्कृतिक रीति-रिवाजों और मान्यताओं के अनुसार पोहेला बैशाख उत्सव मनाने का आग्रह किया। द डेली स्टार के अनुसार श्री यूनुस ने अपने देशव्यापी संबोधन में कहा कि कल पहला बैशाख है। यह हमारे सौहार्द का प्रतीक है। हर कोई कल (पहला बैशाख) अपने तरीके से, अपने रीति-रिवाजों का पालन करते हुए मनाएगा।

ताजिकिस्तान में भूकंप के तेज़ झटके

दुशांबे। ताजिकिस्तान में भूकंप के तेज़ झटके महसूस किये गए। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) ने बताया कि भूकंप अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 4:24 बजे खुजंद शहर से 170 किलोमीटर से अधिक दक्षिण-पूर्व की दूरी पर आया। भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 16 किलोमीटर की गहराई पर स्थित रहा। अभी तक किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। कुछ घंटे पहले मध्य म्यांमार और पापुआ न्यू गिनी के तट पर क्रमशः 5.5 और 5.7 तीव्रता के भूकंप आए थे।

ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पेट दर्द के चलते अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

ब्राजील। ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो को पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन उन्हें उत्तर-पूर्वी ब्राजील से राजधानी ब्रासीलिया मेडिकल विमान से स्थानांतरित किया जाएगा। बोल्सोनारो को सुबह उस वक्त पेट में तेज दर्द हुआ जब वे उत्तर-पूर्वी ब्राजील के दौरे पर थे। डॉक्टरों ने बताया कि यह दर्द आंतों में रुकावट (बॉवेल ऑब्स्ट्रक्शन) की वजह से हुआ है, जो साल 2018 में चुनाव प्रचार के दौरान पेट में चाकू लगने की घटना से जुड़ी दीर्घकालिक समस्याओं का नतीजा है। पूर्व राष्ट्रपति पर 2018 में एक चुनावी रैली के दौरान हमला हुआ था, जिसमें उनके पेट में गंभीर चोट आई थी। उस हमले के बाद से वे कई बार अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं और 2019 से 2022 के बीच अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई सर्जरी करवाई थीं।

अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धः बांग्लादेश

ढ़ाका। बांग्लादेश के विदेश सचिव एमडी जाशिम उद्दिन ने हाल ही में बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के बीच हुई मुलाकात को एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। बैठक में पीएम मोदी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताओं को रेखांकित किया था। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और उनके खिलाफ अत्याचारों की गहन जांच की जाएगी। विदेश सचिव उद्दिन ने आश्वासन दिया कि

बांग्लादेश अपनी धरती पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम अपने नागरिकों को लेकर किसी भी तरह की हिंसा या धमकी को बर्दाश्त नहीं करते। हमें अपनी जिम्मेदारियों का पूरा अहसास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों नेताओं की इस मुलाकात से दोनों देशों के रिश्तों में आई खटास को दूर करने में मदद मिलेगी। उद्दिन ने कहा, हम उच्च राजनीतिक स्तर पर मुलाकात को दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान हुई यह बैठक दोनों नेताओं के लिए पहली व्यक्तिगत मुलाकात थी। मैं इसे एक महत्वपूर्ण कदम मानता हूं, जो हमारे रिश्तों पर छाए बादलों को हटाने और आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने भारत के साथ खुले संवाद और सहयोग पर जोर देते हुए हाल के उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान को भी रेखांकित किया।

पाकिस्तान में आधीरात ट्रेन को रास्ते में सुरक्षा कारणों से रोका गया

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कराची से क्वेटा जा रही बोलन मेल (3अप) को सुरक्षा कारणों से जैकोबाबाद रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। यात्री रात भर परेशान रहे। उनमें सुबह कुछ को बसों के जरिए उनके गंतव्य स्थानों के लिए भेजा गया। कुछ यात्रियों को किराया वापस कर दिया गया। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन आधी रात के बाद कराची से जैकोबाबाद पहुंची। संबंधित अधिकारियों ने स्टेशन मास्टर को सूचित किया कि ट्रेन को स्टेशन पर ही रोक दिया जाए और सुरक्षा मंजूरी मिलने तक इसे क्वेटा की ओर आगे न बढ़ने दिया जाए। पाकिस्तान रेलवे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आमिर अली बलूच ने क्वेटा जाने वाली बोलन मेल के घंटों तक रुके रहने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि

ऐसा सुरक्षा कारणों से किया गया क्योंकि रात के समय बलूचिस्तान में ट्रेन संचालन की अनुमति नहीं है। क्वेटा डिवीजन के एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि ट्रेन में करीब 150 यात्री सवार थे। उन्होंने दावा किया कि सुरक्षा मंजूरी नहीं मिलने के बाद ट्रेन को आगे की यात्रा स्थगित कर दी गई और यात्रियों को कड़ी सुरक्षा के बीच बसों के जरिए क्वेटा और अन्य गंतव्यों के लिए भेज दिया गया। सीईओ ने कहा कि यह ट्रेन रात के समय जैकोबाबाद पहुंची और अगर यह अपनी यात्रा जारी रखती तो देररात सिबी पहुंचती। इसलिए ट्रेन को जैकोबाबाद में रोककर यात्रियों से सुबह तक इंतजार करने को कहा। उन्होंने कहा कि कुछ यात्रियों को रिफंड दिया गया, जबकि करीब 100 यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था करने को कहा।

इसलिए उन्हें बसों के जरिए उनके गंतव्य तक भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से ट्रेन खाली करने को कहा। इस पर यात्री भड़क गए और उन्होंने जैकबाबाद में विरोध प्रदर्शन किया। गुस्साए यात्रियों ने कहा कि रेलवे प्रशासन ने उनसे कराची से क्वेटा तक का किराया तो वसूल लिया, लेकिन बीच यात्रा में उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया।

पश्चिमी सूडान में आरएसएफ के हमले में 56 लोगों की मौत

एजेंसी

खार्तूम। पश्चिमी सूडान के उत्तरी प्रांत दारफुर के उम्म कडाडा में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में 56 लोग मारे गए हैं।

स्वयंसेवी समूहों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरएसएफ ने शहर पर नियंत्रण करने के बाद हमला किया । सभी मृतक स्थानीय नागरिक हैं। एक स्थानीय स्वयंसेवी समूह ने मिलिशिया पर व्यापक उल्लंघन करने, निवासियों को जबरन विस्थापित करने और सभी संचार नेटवर्क बंद करने का आरोप लगाया।

आरएसएफ ने आवासीय घरों को जला दिया और संपत्तियों को लूट लिया। इसके अलावा स्थानीय अस्पताल पर भी हमला किया और अस्पताल के निदेशक सहित चार चिकित्सा कर्मचारियों की हत्या कर दी।

यूक्रेन युद्ध पर बातचीत सकारात्मक दिशा में, त्वरित हल की उम्मीद नहीं: क्रेमलिन

एजेंसी

मॉस्को। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से यूक्रेन युद्ध के समाधान की दिशा में की जा रही कोशिशों पर क्रेमलिन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वाशिंगटन के साथ संपर्क 'बहुत अच्छे' स्तर पर है, लेकिन त्वरित कोई परिणाम निकालना संभव नहीं है। क्रेमलिन ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सेंट पीटर्सबर्ग में चार घंटे लंबी वार्ता की। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रूसी राज्य टीवी से बातचीत में कहा, ÷संपर्क कई स्तरों पर हो रहे हैं- विदेश मंत्रालय, खुफिया एजेंसियों और निवेश प्रतिनिधियों के माध्यम से। लेकिन बाइडन प्रशासन के दौरान संबंधों को जो क्षति पहुंची, उसे देखते हुए त्वरित परिणाम की उम्मीद करना उचित नहीं होगा। प्रवक्ता ने कहा कि- डोनाल्ड ट्रंप, जो खुद को 'शांति दूत' के रूप में याद किया जाना चाहते हैं, कई बार

कह चुके हैं कि वे यूक्रेन में तीन साल से जारी 'रक्तपात' को खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप का प्रशासन अब इस युद्ध को अमेरिका और रूस के बीच एक 'प्रॉक्सी युद्ध' के रूप में देखता है, जो रूस के नजरिए से मेल खाता है। पेस्कोव ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और पुतिन की मुलाकात की संभावनाएं बनी हुई हैं, लेकिन अभी इस दिशा में संयम और धैर्य के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा, संबंधों की बहाली में समय और गंभीर प्रयास लगते हैं।÷वहीं शांति की पहल के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि कुछ हद तक बातचीत सही दिशा में जा रही है, लेकिन एक बिंदु आता है जब या तो आगे बढ़ना पड़ता है या चुप रहना होता है। दूसरी ओर, यूरोपीय देशों और यूक्रेन ने 2022 में शुरू हुए इस युद्ध को पुतिन की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्ष बताया है, जबकि रूस इसे पश्चिम की उकसावे वाली राजनीति का जवाब मानता है। फिलहाल रूस, यूक्रेन के लगभग पांचवें हिस्से पर नियंत्रण बनाए हुए है।

यूक्रेन के सुमी शहर पर रूसी मिसाइल हमले में 32 नागरिकों की मौत

एजेंसी

कीव। यूक्रेन के सुमी शहर में रूस द्वारा किए गए मिसाइल हमले में 32 नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, सुबह लगभग 10ः15 बजे दो बैलिस्टिक मिसाइलों ने शहर के मध्य हिस्से को निशाना बनाया। हमले के समय लोग पाम संडे का उत्सव मना रहे थे। कार्यवाहक मेयर आर्टेम कोबजार ने कहा, इस उजले पाम संडे पर हमारे समुदाय ने भयानक त्रासदी झेली है। दुर्भाग्यवश, 30 से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।÷ यूक्रेन की स्टेट इमरजेंसी सर्विस के अनुसार, 32 लोगों की मौत हो चुकी है और 84 अन्य घायल हुए हैं, जिनमें 10 बच्चे शामिल हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि राहत कार्य जारी है। उन्होंने कहा, हमले में दर्जनों नागरिक मारे गए और कई घायल हुए हैं। इस तरह के हमले केवल आतंकवादियों की मानसिकता दर्शाते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देने की अपील

की।एक सप्ताह पहले ज़ेलेंस्की के गृहनगर क्रिवी रीह में भी रूसी मिसाइल हमले में 20 लोगों की जान गई थी, जिनमें 9 बच्चे भी शामिल थे। उधर, खारकीव शहर में भी एक रूसी हमले में एक किंडरगार्टन को नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब अमेरिका की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच ऊर्जा संरचना पर हमले रोकने को लेकर बातचीत चल रही थी, लेकिन हालिया घटनाएं युद्धविराम की चुनौतियों को उजागर कर रही हैं।

नेपाली नव वर्ष पर पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह का वीडियो संदेश, हिंसक घटना पर जताया खेद

एजेंसी

काठमांडू। पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने 28 मार्च की घटना के बारे में अपना पक्ष रखा है। विक्रम संवत 2082 के अवसर पर नव वर्ष शुभकामना संदेश देने के लिए जारी एक वीडियो संदेश में, शाह ने काठमांडू में हिंसक घटना को संक्षेप में संबोधित किया। प्रधानमंत्री और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता हिंसक घटना पर पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग कर रहे थे। अपने नए साल की बधाई में, शाह ने टिप्पणी करते हुए हाल ही में सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा, आगजनी और बर्बरता के बारे में सुनकर बहुत दुखी होने की बात कही है। पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के सचिवालय के तरफ से उनके संवाद सचिव फणीराज पाठक ने वीडियो संदेश साझा करते

हुए देश की वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक अवस्था पर शाह के विचार को जनता के सामने लाने की बात कही है। पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह ने अपने नव वर्ष के शुभकामना संदेश में यह भी कहा कि कोई भी प्रणाली या विचारधारा नागरिकों की स्वतंत्रता से बड़ी नहीं है। उन्होंने कहा कि सच्चा लोकतंत्र मौजूद है जहां शिकायतों और प्रशंसा दोनों को सुनने की परंपरा और संस्कृति है। ज्ञानेन्द्र ने यह भी कहा कि हम राष्ट्र और उसके भविष्य के बारे में नेपाली लोगों के बीच जागृति को सकारात्मक रूप से देखते हैं। ज्ञानेन्द्र शाह ने अपने संदेश में स्वीकार किया कि देश को मौजूदा जटिलताओं से मुक्त करने और एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए जागरूकता बढ़ी है। शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि परिणाम 2082 में प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा नेपाल में राजशाही ने हमेशा आम नेपाली को अशांति, अराजकता, निराशा और असंतोष से मुक्त करने में योगदान दिया है। हमारा विश्वास हमेशा राष्ट्रवाद और लोकतंत्र में रहा है और जनता की भावनाओं के अनुरूप बहुदलीय लोकतंत्र और संवैधानिक राजशाही का पालन करता रहा है।

सऊदी अरब और अमेरिका नागरिक परमाणु समझौते की दिशा में अग्रसरः ऊर्जा सचिव

एजेंसी

रियाद। अमेरिका के ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने रियाद में कहा कि अमेरिका और सऊदी अरब एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर करने की दिशा में अग्रसर हैं, जिसके तहत सऊदी अरब में नागरिक परमाणु ऊर्जा उद्योग के विकास में सहयोग किया जाएगा। सऊदी अरब की अपनी पहली यात्रा के दौरान ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने सऊदी ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअज़ीज़ बिन सलमान से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने बताया कि दोनों देश एक रास्ते पर हैं जहां वे नागरिक परमाणु कार्यक्रम में सहयोग को लेकर समझौते तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस सहयोग पर आधारित एक ज्ञापन (एमओयू) के विवरण साल के अंत तक सामने आ सकते हैं। राइट ने कहा, अगर अमेरिका इस परमाणु कार्यक्रम में साझेदार बनता है, तो निश्चित रूप से एक 123 समझौता होगा। इस तरह के कई ढाँचे संभव हैं, जो सऊदी और अमेरिकी दोनों पक्षों के उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं। अमेरिका के परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1954 की धारा 123 के अंतर्गत आने वाला यह समझौता किसी भी विदेशी सरकार या कंपनी के साथ परमाणु तकनीक साझा करने से पहले आवश्यक होता है। इस समझौते के तहत गैर-प्रसार से जुड़ी नौ शर्तें पूरी करनी होती हैं, ताकि परमाणु तकनीक का दुरुपयोग नहीं हो सके। हालांकि, अब तक सऊदी अरब ने इन शर्तों को स्वीकार नहीं किया है।

दक्षिण कोरिया : यून की पेशी, अदालत के बाहर जमा हुए पूर्व राष्ट्रपति के समर्थक और विरोधी

एजेंसी

सोल। दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल के समर्थक और विरोधी सोमवार को सोल की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के बाहर जमा हुए। यून यहां एक आपराधिक मामले की पहली सुनवाई में शामिल होने आए थे। यह मामला पिछले साल उनके मार्शल लॉ लागू करने की घोषणा से जुड़ा है। करीब 20 लोग जो यून के समर्थक थे, सुबह 9 बजे से ही कोर्ट के सामने इकट्ठा हो गए। उन्होंने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के झंडे लहराए और यून फिर से जैसे नारे लगाए। कुछ लोगों ने जोर-जोर से कहा, राष्ट्रपति दोषी नहीं हैं। समाचार एजेंसी के मुताबिक, कोर्ट के गेट के सामने वाली सड़क पर एक बैनर लगा था, जिसमें यून के केस के मुख्य जज की तारीफ की गई थी। सुबह 9:50 बजे यून को लेकर एक कार कोर्ट में पहुंची। उन्हें

देखकर उनके समर्थक काफी जोश में आ गए। इसी दौरान, यून के विरोधियों का एक समूह कोर्ट के पास इकट्ठा हुआ। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूर्व राष्ट्रपति को फिर से गिरफ्तार करने और उन्हें सख्त सजा देने की मांग की। सोल की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में यून के खिलाफ बगावत के आरोपों पर सोमवार को सुनवाई होनी है। योनहाप न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यून को इस केस में आरोपी के तौर पर कोर्ट में मौजूद रहना जरूरी है। यून ऐसे पांचवें पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक मामले का सामना करना पड़ रहा है। जनवरी में यून को गिरफ्तार किया गया और उन पर आपराधिक विद्रोह का आरोप लगाया गया। लेकिन, पिछले महीने सोल कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को रद्द कर दिया और उन्हें बिना जेल में रखे मुकदमा चलाने की अनुमति दी, जिसके बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। बता दें राष्ट्रपति यून ने 03 दिसंबर की रात को दक्षिण कोरिया में आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा की, लेकिन संसद द्वारा इसके खिलाफ मतदान किए जाने के बाद इसे निरस्त कर दिया गया। मार्शल लॉ कुछ घंटों के लिए ही लागू रहा लेकिन इसने देश की राजनीति को हिला कर रख दिया। नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित किया। संवैधानिक न्यायालय ने पिछले दिनों उनके खिलाफ महाभियोग को जारी रखा जिसके बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा।

पाकिस्तान ने फिर से अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया

एजेंसी

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच लगातार तनाव होने के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बार फिर काबुल पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया है। टोलो न्यूज़ के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफ़कत अली खान ने संवाददाताओं को दिए एक बयान में कहा कि ÷हम इस बात पर बल देते रहे हैं कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंध है, हम इतिहास, संस्कृति, भाषा से बंधे हुए पड़ोसी देश हैं। हम संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं; लेकिन सबसे बड़ी बाधा, निश्चित रूप से, सुरक्षा स्थिति और आतंकवादियों को पनाह देना है।÷ इससे पहले, अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तान के पूर्व विशेष दूत मोहम्मद सादिक ने इस्लामाबाद में एक सत्र के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को मुख्य बाधा बताया था और इस मुद्दे का समाधान करने पर बल दिया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर इस मुद्दे को नहीं सुलझाया गया तो दोनों देशों के बीच सभी समझौते रद्द हो सकते हैं। इस्लामाबाद ने काबुल पर टीटीपी आतंकवादियों को शरण देने और उनका समर्थन करने का आरोप लगाया है, जो अफगानिस्तान की धरती का उपयोग पाकिस्तान में आतंकवादी हमला करने के लिए करते हैं, जिनमें आत्मघाती बम विस्फोट, सैन्यकर्मियों की हत्या और अवसंरचना को नष्ट करना शामिल है। अफगानिस्तान ने इन आरोपों का पूरी तरह खंडन करते हुए कहा कि टीटीपी एक पाकिस्तानी समूह है जिसे इस्लामाबाद ने बनाया है और उनसे निपटने में उनकी असमर्थता पूरी तरह से उनकी गलती है। राजनीतिक विश्लेषक गुल मोहम्मददीन मोहम्मदी ने अफ़गानिस्तान और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों के बारे में कहा कि ये दोनों पड़ोसी देश हैं। उन्हें बातचीत के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान करने की आवश्यकता है और डूरंड रेखा के दोनों ओर रहने वाले लोगों के लिए और ज़्यादा मुश्किलें पैदा करने से बचना चाहिए। दोनों देशों के बीच संबंध लगातार तनावपूर्ण और शत्रुतापूर्ण होते जा रहे हैं, क्योंकि काबुल ने बार-बार डूरंड रेखा को मान्यता देने से इनकार किया है तथा उसकी सेनाएं सीमा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा लगाए गए बाड़ों और अवसंरचना को नष्ट कर रही हैं। इसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच सीमा पार से गोलीबारी की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। इसके अलावा, अफ़गानिस्तान ने बार-बार पाकिस्तान द्वारा पश्तूनों के साथ किए जाने वाले खराब व्यवहार की शिकायत की है ।

अमेरिका-डीओजीई के कर्मचारी को ट्रेजरी विभाग की संवेदनशील जानकारी तक पहुंच की अनुमति

एजेंसी

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क की एक जज ने एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) पर लगी एक रोक में ढील दी है। डीओजीई को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की संवेदनशील जानकारी तक पहुंचने की अनुमति नहीं है। हालांकि, जज जेनेट ए. वर्गास ने कहा कि डीओजीई के कर्मचारी रयान वंडरली को ट्रेजरी विभाग के संवेदनशील भुगतान और डाटा प्रणाली तक पहुंचने की अनुमति दी जा सकती है,

गाजा में तुरंत खत्म हो युद्ध : इजरायल के भीतर उठी आवाज, पूर्व खुफिया अधिकारियों का नेतन्याहू को पत्र

एजेंसी

यरूशलम। इजरायल की मोसाद खुफिया एजेंसी के 250 से अधिक पूर्व अधिकारियों ने सरकार से गाजा पट्टी में युद्ध को तुरंत समाप्त करने की अपील की। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज के मुताबिक पूर्व अधिकारियों ने सरकार को पत्र लिखकर यह मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, हस्ताक्षरकर्ताओं में मोसाद के तीन पूर्व प्रमुख डैनी याटोम, एफ्रेम हेलेवी और तामीर पार्डो के साथ-साथ दर्जनों अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। मोसाद के पूर्व सदस्यों ने कहा, लगातार लड़ाई बंधकों और हमारे सैनिकों के जीवन को खतरे में डाल रही है। इस पीड़ा को समाप्त करने वाले समझौते तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। हम सरकार से साहसी फैसला लेने और देश की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी से काम करने की अपील करते हैं। समाचार एजेंसी

सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने उन सैकड़ों सैन्य कर्मियों, [चाहे वे रिजर्व में हों या रिटायरमेंट], के प्रति समर्थन व्यक्त किया जिन्होंने इसी तरह के पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। पत्र में युद्ध समाप्त करने और बंधकों की वापसी की अपील की गई थी। गुरुवार को एयरक्रू सदस्यों के पत्र के प्रकाशन के बाद, इजरायली वायु सेना कमांडर टोमर बार ने हस्ताक्षरकर्ताओं में शामिल सक्रिय रिजर्विस्टों की सेवा समाप्त करने का फैसला लिया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बर्खास्तगी के फैसले का समर्थन किया और ऐसे पत्रों की निंदा की। उन्होंने हस्ताक्षरकर्ताओं को एक चरमपंथी हाशिए का समूह कहा, जो इजरायली समाज को अंदर से तोड़ने की कोशिश कर रहा है। पत्र की प्रति प्रकाशित करने वाले कई मीडिया आउटलेट्स के अनुसार, लगभग 200 इजरायली सैन्य डॉक्टरों ने लड़ाई रोकने और बंधकों को घर वापस लाने की मांग के साथ एक याचिका पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया, गाजा में जारी लड़ाई का मुख्य उद्देश्य राजनीतिक और व्यक्तिगत हितों की पूर्ति करना है, इसका कोई सुरक्षा उद्देश्य नहीं है, इससे सैनिकों और बंधकों का जीवन खतरे में पड़ रहा है।हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमला करके 251 लोगों को बंधक बना लिया। वर्तमान में, 59 इजरायली बंधक गाजा में हैं, जिनमें से 24 के अभी भी जीवित होने का अनुमान है। जनवरी में इजरायल और हमास ने बंधकों के लिए तीन चरणों में संघर्ष विराम पर सहमति जताई थी। हालांकि, छह सप्ताह का पहला चरण 1 मार्च को समाप्त होने के बाद दूसरे दौर की बातचीत में गतिरोध पैदा हो गया। इसके बाद इजरायल ने युद्धविराम गतिरोध के बीच 18 मार्च को गाजा में सैन्य अभियान फिर से शुरू कर दिया।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

ईडी ने छापे के दौरान जब्त की दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और नगदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लखनऊ टीम ने धन शोधन निवारक अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मेसर्स भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैंड वेनेज़िया कमर्शियल टावर्स प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रमुख कर्मियों के परिसरों में तलाशी अभियान में कई दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और लाकर तथा नगदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में बताया कि यह कार्रवाई 10 अप्रैल को देश के विभिन्न स्थानों पर की गई। ईडी की ओर से जारी बयान के मुताबिक 10 अप्रैल को दिल्ली, नोएडा और गोवा में नौ स्थानों पर छापे और तलाशी की कार्रवाई की गई। तलाशी अभियान के दौरान, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए। बयान के मुताबिक इस कार्रवाई में इसके अलावा विभिन्न बैंकों में कुछ लॉकर की चाबियाँ और 30 लाख रुपये की नकदी जब्त की गयी है । ईडी ने संबंधित फर्मों के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में कई संदिग्ध बैंक खाते भी फ्रीज करवा दिए हैं।

मोदी ने आंध्र प्रदेश में पटाखा फैक्ट्री हादसे में आठ लोगों की मौत पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में पटाखा बनाने वाली यूनिट में विस्फोट से आठ लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्री मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, अनकापल्ली जिले में फैक्ट्री हादसे में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। अनकापल्ली जिले के कैलासपट्टनम गांव में एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में विस्फोट से आठ श्रमिकों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये।

सात साल से फरार हाशिम बाबा गैंग का बदमाश पकड़ा गया

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले की स्पेशल स्टाफ ने कुख्यात हाशिम बाबा गैंग के शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मोहम्मद शान उर्फ संजय भाटिया के रूप में हुई है। आरोपित हाशिम बाबा का साला है। पिछले 7 सालों से वह पुलिस को चकमा दे रहा था। चोरी के एक मामले में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। आरोपित के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में 16 केस दर्ज हैं। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि स्पेशल स्टाफ की टीम घोषित अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। इस दौरान सूचना के आधार पर स्पेशल स्टाफ की टीम ने हाशिम बाबा गैंग के एक प्रमुख बदमाश मोहम्मद शान उर्फ संजय भाटिया को पकड़ा। आरोपित गैंगस्टर हासिम बाबा का साला है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 16 केस दर्ज हैं। जांच में पता चला कि आरोपित को वसंत कुंज नॉर्थ थाने के चोरी के मामले में अदालत द्वारा वर्ष 2018 में भगोड़ा घोषित किया गया था। तभी से वह गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस ने मोहम्मद शान को अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

चोरों ने घर से लाखों के आभूषण व नकदी पर किया हाथ साफ

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के जगतपुरी इलाके में चोरों ने एक घर से 350 डॉलर व 50 हजार रुपये नकद, 30 तोला सोना व 500 ग्राम चांदी पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान पीड़ित परिवार घर में ताला बंद करके किसी काम के चलते रोहिणी गया हुआ था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित चोर फरार हैं। पुलिस के अलावा क्राइम व एफएसएल की टीमों ने मौके से जरूरी सुराग जुटाए हैं। इसके अलावा, मामला दर्ज करने के बाद पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर पुलिस चोरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित 69 वर्षीय बुजुर्ग शिवेंद्र कुमार तिवारी परिवार के साथ जगतपुरी इलाके में रहते हैं।

वह बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हैं और घर पर ही रहते हैं। चार अप्रैल दोपहर करीब एक बजे वह परिवार के साथ किसी काम से रोहिणी गये हुए थे। उन्होंने घर के मुख्य द्वार व आलमारियों में अच्छे से ताला लगाया था। लेकिन छह अप्रैल को पीड़ित के पड़ोसी गौरव ने कॉल कर उन्हें बताया कि उनके घर का ताला खुला हुआ है। पीड़ित ने अपने एक मित्र हितेश गुप्ता को जाकर देखने के लिए कहा और शिवेंद्र की पत्नी व बेटा भी घर पहुंचे। घर की जांच करने पर आलमारी का ताला भी टूटा हुआ मिला और कान के सोने की आठ बालियां, एक चेन, दो लॉकेट, एक मंगल सूत्र, एक नथ, चार कंगन, चार अंगूठी समेत कुल 30 तोला सोना और चांदी की एक अंगूठी, 10 सिक्के, तीन जोड़ी पाजेब समेत कुल 500 ग्राम चांदी, एक कैमरा, 50 हजार नकद व 350 डॉलर गायब थे। पीड़ित की ओर से मामले की सूचना पुलिस को देकर केस दर्ज करा दिया गया। पुलिस घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर आरोपित चोरों की पहचान करने की कोशिश के अलावा उनकी तलाश कर रही है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर 350 से ज्यादा उड़ानों में देरी, घंटों परेशान हुए यात्री

नई दिल्ली। राजधानी नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईजीआई) पर हवाई यातायात की भीड़ के कारण 350 से अधिक उड़ानों की आवाजाही में देरी हुई। इसकी वजह से सैकड़ों यात्री घंटों तक फंसे रहे, जिन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की। दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डायल) ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन में सुधार हो रहा है। हालांकि, मौसम की स्थिति के कारण कुछ उड़ानें अभी भी प्रभावित हैं। हमारी ऑन-ग्राउंड टीमें और सभी हितधारक यात्रियों को होने वाली किसी भी असुविधा को कम करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। ऑथिरिटी ने जारी एडवाइजरी में कहा कि कृपया नवीनतम अपडेट के लिए हमारी वेबसाइट और संबंधित एयरलाइंस की वेबसाइटों पर उड़ान की स्थिति की जांच करें। इस बीच 'फ्लाइटरडार24डॉट कॉम' पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 350 से अधिक उड़ानों की आवाजाही में देरी हुई है, जबकि उड़ान प्रस्थान में औसत देरी 40 मिनट से अधिक थी। प्रतिकूल मौसम के कारण शुक्रवार शाम इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईजीआई) पर परिचालन बाधित हो गया। इसके प्रभाव से भी उड़ानों की आवाजाही प्रभावित हुई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अभी केवल तीन रनवे चालू हैं

NAME CHANGE
I hitherto known as MADHU DEVI alias MADHAV DEVI D/o GOPAL JI JHA, and W/o CHANDER SHEKHAR JHA, residing at W-198, Janki Vihar Prem Nagar-2, Kirari Suleman Nagar, North West Delhi, Delhi-110086, have changed my name and shall hereafter be known as MADHAV DEVI, for all future purposes.

NAME CHANGE
I, Kim Sethi W/o Amit Dhawan R/o B-9, Panchsheel Garden, Naveen Shahdara, Delhi-110032 have changed my name to Shweta Dhawan.

NAME CHANGE
I hitherto known as S K Sariful Ali S/O: Mhrom Ali,R/O F-746. Inder Inclave Phase-2, Kirari Suleman Nagar, Nithari, PO: Sultanpuri C. Block. DIST: North West Delhi, Delhi-110086,have changed my name and shall hereafter be known as SHEIKH SARIFUL ALI.

बाबासाहेब ने महिलाओं और वंचित वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली । संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की आज जयंती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आंबेडकर जयंती पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बाबासाहेब की तस्वीर के साथ संदेश भी साझा किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संदेश में कहा, 'भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबासाहेब भीमराव रामजी आंबेडकर के जन्म दिवस पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। अपने प्रेरणादायी जीवन में बाबासाहेब ने अत्यंत विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए अपनी विशेष पहचान बनाई और असाधारण उपलब्धियों से विश्व स्तर पर सम्मान अर्जित किया।' संदेश में आगे कहा, 'विलक्षण क्षमताओं और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बाबासाहेब अर्थशास्त्री, शिक्षाविद, न्यायविद और महान समाज सुधारक थे। वे समानता के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने महिलाओं तथा पिछड़े और वंचित वर्गों को समान आर्थिक और

सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन मानते थे। विभिन्न क्षेत्रों में उनका अमूल्य योगदान भावी पीढ़ियों को राष्ट्र-निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा, ÷आइए, इस अवसर पर हम सब डॉ. आंबेडकर की शिक्षाओं और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें और एक ऐसे भारत का निर्माण करें जहां सामाजिक समरसता और समानता का आदर्श स्वरूप दिखाई दे।इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी थीं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा था, ÷हमारे संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। अपने प्रेरणादायक जीवन में बाबा साहेब ने अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपनी एक अलग पहचान बनाई और अपनी

राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बाबासाहेब की तस्वीर के साथ संदेश भी साझा किया।

असाधारण उपलब्धियों से दुनिया भर में सम्मान प्राप्त किया। बता दें कि हर साल 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाई जाती है। यह दिन भारत के संविधान निर्माता, सामाजिक सुधारक और दलित आंदोलन के प्रणेता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन को चिह्नित करता है। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम, रैलियां और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की समानता, शिक्षा, और सामाजिक न्याय के योगदान को याद किया जाता है।

न्यू अशोक नगर और सराय काले खां स्टेशन के बीच शुरू हुआ नमो भारत ट्रेन का ट्रायल रन

एजेंसी

गाजियाबाद। एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के संपूर्ण संचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रात्रि को न्यू अशोक नगर और सराय काले खां स्टेशन के बीच ट्रायल रन शुरू कर दिए। रात को नमो भारत ट्रेन को धीमी रफ्तार में एनसीआरटीसी की टीम द्वारा डाउन लाइन पर न्यू अशोक नगर से सराय काले खां लाया गया। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस ट्रायल की प्रक्रिया में सिग्नलिंग सिस्टम की अनुकूलता की जांच के लिए नमो भारत ट्रेन को मैन्युअल तरीके से चलाया गया। इसी कड़ी में जैसे-जैसे यह परीक्षण आगे बढ़ेगा, एनसीआरटीसी ट्रैक, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) और ओवरहेड पावर सप्लाई सिस्टम जैसे विभिन्न सबसिस्टम के साथ ट्रेन के इंटीग्रेशन और इसके समन्वय का आकलन करने के लिए व्यापक मूल्यांकन करेगी। इसके साथ ही आगामी दिनों में ट्रेन के हाई-स्पीड टेस्ट सहित व्यापक ट्रायल रन किए जाएंगे। ट्रायल प्रक्रिया के दौरान नमो भारत ट्रेन ने पहली बार यमुना को पार किया और आगे बढ़ते हुए बारपुला फ्लाईओवर व रिंग रोड के ऊपर से गुजरते हुए सराय काले खां स्टेशन पहुंची। उल्लेखनीय है यमुना को पार करने के लिए एनसीआरटीसी ने कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए 32 पिलर्स पर लगभग 1.3 किमी लंबा पुल तैयार किया, जिसका लगभग 626 मीटर का हिस्सा यमुना पर है और शेष हिस्सा दोनों ओर खादर क्षेत्र में है। यह पुल यमुना नदी पर डीएनडी यमुना पुल के समानान्तर बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर सराय काले खां स्टेशन तक पहुँचने के लिए भारी ट्रैफिक वाले बारपुला फ्लाईओवर और इसके बराबर से गुजर रहे रिंग रोड के ऊपर वायडक्ट निर्माण करना भी एनसीआरटीसी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन एनसीआरटीसी ने इस हिस्से में भी निर्माण को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

मुर्शिदाबाद हिंसा पर अधीर रंजन चौधरी का सियासी हमला: बोले दंगे वहीं होते हैं जहां सरकार चाहती है

एजेंसी

नई दिल्ली। मुर्शिदाबाद के बरहामपुर से कांग्रेस के पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने हाल ही में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा है। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति करती है और मुख्यमंत्री बनर्जी केवल धर्मनिरपेक्ष होने का दिखावा कर रही हैं। चौधरी ने कहा कि बंगाल सरकार भाजपा को यह अवसर दे रही है कि वह आम मुसलमानों को 'जिहादी' कहकर संबोधित करे। उन्होंने सवाल उठाया कि इस स्थिति से किसे लाभ हो रहा है? उनका स्पष्ट आरोप था कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा दोनों ही इस सांप्रदायिक तनाव से फायदा उठा रही हैं। कांग्रेस नेता ने एक विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि उनका मानना है कि दंगे वहीं होते हैं जहां सरकार चाहती है। उन्होंने गुजरात के गोधरा दंगों का उदाहरण



देते हुए कहा कि वह घटना इसलिए हुई क्योंकि तत्कालीन सरकार ऐसा चाहती थी। इसी तर्ज पर उन्होंने बंगाल में हो रही हिंसा पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह भी इसलिए हो रहा है क्योंकि राज्य सरकार कहीं न कहीं इसे होने देना चाहती है। अधीर रंजन चौधरी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। कांग्रेस लगातार इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है और राज्य सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रही है। चौधरी के इस तीखे हमले ने बंगाल की राजनीति में और गर्मी ला दी है, खासकर ऐसे समय में जब राज्य में पंचायत चुनाव नजदीक हैं। उनके बयान को टीएमसी और भाजपा दोनों ही पार्टियां खारिज कर सकती हैं, लेकिन चौधरी के आरोपों ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वाकई राजनीतिक फायदे के लिए सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा दिया जा रहा है। फिलहाल, मुर्शिदाबाद में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन अधीर रंजन चौधरी के इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में बहस और तेज होने की संभावना है।

श्रीमती जय श्री जलुथरिया ने अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के श्रीमती जय श्री जलुथरिया संयुक्त सचिव दिल्ली प्रदेश आप आरडब्ल्यूए विंग ने मंगलवार को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को उनके जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती जय श्री जलुथरिया ने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने हमेशा समानता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया। भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। हम बाबा साहेब को अपना आदर्श मानते हैं। उनके दिखाये रास्ते पर चलकर हम हर व्यक्ति तक शिक्षा, सम्मान और सुविधाएं पहुंचाने का काम कर रहे हैं। बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश हर वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाए, जो पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले और आगे बढने का बराबरी का अवसर मिले, उनके इसी सपने को साकार करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्रीमती जय श्री जलुथरिया संयुक्त सचिव दिल्ली प्रदेश आप आरडब्ल्यूए विंग कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान को विश्वभर में एक अद्वितीय स्थान प्राप्त है। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहाँ कोई भेदभाव न हो और सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हों। उनका यह दृष्टिकोण आज भी आधुनिक भारत की नींव है। श्रीमती जय श्री जलुथरिया डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और उनकी सोच आज भी लोगों को प्रेरित करती है। बाबा साहेब की सोच ने देश को एक नई दिशा दी जिसमें सामाजिक समरसता और न्याय की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर को मरणोपरांत भारतरत्न से सम्मानित किया गया जो देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान उनके समाज सुधार, न्याय और समानता के प्रति योगदान को दर्शाता है। उनका जीवन और कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे।

वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थलापति विजय की पार्टी, 16 अप्रैल को सुनवाई

एजेंसी

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन कानून के लागू होने के बाद भी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस कानून के खिलाफ विपक्षी दल और मुस्लिम संगठनों के विरोध के बीच इसके पक्ष में कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में भी डाली गई हैं। इसी कड़ी में तमिल फिल्म अभिनेता थलापति विजय की पार्टी ने भी सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की। तमिल फिल्म अभिनेता और राजनेता थलपति विजय की पार्टी तमिलनाडु वेत्री कझगम (टीवीके) ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस अधिनियम के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 16 अप्रैल 2025 को सुनवाई निर्धारित है। हालांकि, इस अधिनियम के समर्थन में भी कई अर्जियां सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की जा चुकी हैं। आपको बताते चलें इस मामले में केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट याचिका दायर की है। याचिका में केंद्र ने कोर्ट से अपील की है कि वह इस मामले में कोई भी आदेश पारित करने से पहले केंद्र सरकार की दलील भी सुने। केंद्र सरकार का कहना है कि अदालत को बिना सुनवाई के कोई एकतरफा आदेश पारित नहीं करना चाहिए। केंद्र सरकार ने कैविएट याचिका में स्पष्ट किया है कि उसे इस महत्वपूर्ण मामले में अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर मिलना चाहिए, ताकि अदालत द्वारा कोई भी निर्णय पारित करते समय केंद्र की दलील भी शामिल हो सकें। ज्ञात हो कि संसद के दोनों सदनों से बजट सत्र में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल चुकी है। इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी होने के साथ ही वक्फ अधिनियम, 1995 का नाम भी बदलकर यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, इम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) अधिनियम, 1995 हो गया है। विपक्षी दलों और कई मुस्लिम संगठनों के विरोध के बावजूद लोकसभा ने 3 अप्रैल को और राज्यसभा ने 4 अप्रैल को इसे मंजूरी प्रदान की। लोकसभा में इसके समर्थन में 288 और विरोध में 232 वोट पड़े थे, जबकि ऊपरी सदन में इसके पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े थे।

मदनी का सरकार पर सीधा हमला : बोले- वक्फ के बहाने मुसलमानों पर शिकंजा कसा जा रहा

नई दिल्ली। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। मदनी ने कहा कि इस अधिनियम को मुसलमानों के नाम पर, कभी उन्हें गाली देकर या कभी उनका हमदर्द बनकर दुर्भावना के साथ लागू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह मामला वक्फ संपत्तियों से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि इसके पीछे राजनीतिक मंशा काम कर रही है। मदनी ने इस अधिनियम या इसके संशोधन को देश, समाज और विशेष रूप से मुसलमानों के लिए सही नहीं ठहराया। जमीयत उलेमा-ए-हिंद प्रमुख ने आरोप लगाया कि इस कानून के माध्यम से मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है और उनकी धार्मिक संपत्तियों पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस अधिनियम के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को मुसलमानों के हितों को ध्यान में रखना चाहिए। मदनी का यह बयान वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक दलों के विरोध को और तेज कर सकता है। उनका कहना है कि यह कानून अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का हनन करता है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

NAME CHANGE
I hitherto known as PRATEEKSHA D/O SATEESH W/o VIPIN KUMAR R/o Maloopur, Dharmagandpur, Mainpuri, Uttar Pradesh – 205247 have changed my name and shall hereafter be known as BABITA KUMARI

NAME CHANGE
I, Jaswinder Kaur D/O Prit Pal Singh W/O Balwant Singh R/O JD/13 FF Block JD, Khirki EXT Malviya Nagar South Delhi 110017 Have changed my name to Jasvinder Kaur for all future purposes.

NAME CHANGE
I hitherto known as SHAHIL KUMAR KHATIK S/O SANJAY KUMAR R/O MO BALKISHAN, ALIGANJ, ETAH ALIGANJ, UTTAR PRADESH-207247 have changed my name and shall hereafter be known as SHARAD KUMAR

NAME CHANGE
I hitherto known as Shashi kala Pandey alias Shashi Pandey D/O Raj Dev Tiwari W/O Trilokay Nath Pandey, R/O RC-460, Azad Vihar, Block B, Khors Colony, Khors Ghaziabad, Uttar Pradesh-201309, have changed my name and shall hereafter be known as Shashi Kala Pandey

NAME CHANGE
It is for general information that I, DHARMAVIR S/o Late PITAM SINGH reading at 191. Vivekanand Nagar, Part 1 (HN 1 to 220) Ghaziabad, PO Ghaziabad, DIST: Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201001, declare that name of mine and my Father have been wrongly written as DHARAM VEER SINGH KASANA and Late PRITAM SINGH in my Aadhar Card No. 8908 2005 0595. The actual name of mine and my Father are DHARMVIR and Late PITAM SINGH, which may be amended accordingly.

NAME CHANGE
I, PAWAN KUMAR S/O JAGAT NARAIN SHARMA Residing at J/2304, ACE CITY SECTOR-1, GREATER NOIDA WEST, BISHRAKH, GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH-201306 have changed the name of my minor son IDHANT SHARMA aged 15 years and he shall hereafter be known as IDHAANT SHARMA.

NAME CHANGE
I, MRS JAYEETA MANDAL Wife of No-15418933X Rank-HAV Name-HARICHAND MANDAL Residing at VILL-3No. DURGANAGAR, BHAGIRATHI ROAD, PO-CHAKDAHA, DIST-NADIA, WEST BENGAL-741222, have changed my name from MRS JAYEETA MANDAL to JAYEETA MANDAL for all future purposes vide Affidavit dated 14/04/2025 before Notary Public, Delhi.

PUBLIC NOTICE
DEBAR NOTICE
I, Amit Sharma, advocate on behalf of My client Ashok Kumar S/o Sh. Bansi Lal R/o H. No. 34/423, Trilok Puri, Chilla, Saroda Khadar, Chilla, East Delhi-110091 do hereby declare that he has debarred all his relations with his first wife Vinesh, son Sh. Abhishek Kumar and daughter Ms. Sonia due to their quarreling nature and greediness. My above-named client has also disowned and debarred his said wife, son and daughter from all his movable and immovable properties and severed relations with them. My clients say that he won't be responsible from today for any monetary transaction/act done by them. Further my client won't be responsible for their any act which would be against law.
AMIT SHARMA ADVOCATE
OFFICE ADDRESS: F-1-362, Road No.3 Mahavir Enclave, Near Shiv Vani School, New Delhi-110045
Mob.No.:8588819461, 9891166497

NAME CHANGE
I,MAHAVIR MITTAL S/O R/O MURARI LAL R/O HNO.19/216 NAI BASTI BAHADURGARH JHAJJAR HARYANA-124507.HAVE CHANGED MY NAME TO MAHABIR MITTAL.

NAME CHANGE
I hitherto known as ABDUL MAJID S/O JAMALUDDIN R/O L6, First Floor, Abul Fazal Enclave, Jamia Nagar, South Delhi, Delhi- 110025, have changed my name and shall hereafter be known as MOHD WAZID.

PUBLIC NOTICE
Information is given to general public at large that our client Mrs. Rajani D/o Mr. Hemchand Kaushik is the owner of Freehold Residential Plot No. 48 area measuring 200 Sq. Yards i.e. 167.22 Sq Mtrs out of Khasra No. 307 situated at vandaan Enclave, Hadbast in the Village Khoda, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, U.P. by virtue of GPA in Blood Relation dated 06.09.2011 duly registered in the office of SRO-II Ghaziabad as Documents No. 301 in Book No. 4, Volume No. 311 on Pages No. 395-404 on dated 06.09.2011 Our client is declaring that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold too be Mr. Om Bir Sharma which is to be financed by AAVAS FINANCIERS LIMITED (Formerly Known as AU Housing Finance Ltd.) Branch- Noida, U.P. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
[NAVEEN KUMAR VERMA]
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

NAME CHANGE
I hitherto known as ARJUN G KADYAN alias ARJUN KADYAN S/o SUJATA KADYAN residing at Flat No. 158, Sector-28, Noida, Dist Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201303 have changed my name and shall hereafter be known as ARJUN KADYAN.

NAME CHANGE
I, SURESHNA DEVI Mother of No-3197930A Rank- HAV Name-AMIT KUMAR Presently Residing at BIRAJ ROAD, SHAKTI NAGAR, BIJNOR, UTTAR PRADESH-246701, have changed my name from SURESHNA DEVI to ROSHNA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 14/04/2025 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE
I, BHUPINDER SINGH S/o SURJIT SINGH Residing at 106-K, Type-2, Sector - 4, Raja Baza D I Z Area, New Delhi G.P.O, New Delhi - 110001 have changed the name of my minor Son SUDEEP aged 9 years and he shall hereafter be known as SUDEEP SINGH.

NAME CHANGE
I hitherto known as RUBY alias RUBY SURYAVANSHI D/o RAM SEWAK DASS W/o PRASHANT KUMAR, Residing at C-481, Divya Jyoti Apartment, Sector-19, Rohini, Delhi - 110089 have changed my name and shall hereafter be known as RUBY SURYAVANSHI.

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 84 BNSS देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज कुमार, पुत्रः प्रेम सिंह, पताः प्लॉट नं. 659, फ्लैट नं. 101, प्रथम तल, शक्ति खंड–04, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **CC No. 68/19, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना गोकल पुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पंकज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पंकज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 68/19, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना गोकल पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **पंकज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 73, पाँचवा तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/4544/NE/2025

NAME CHANGE
I, Tejasvi Bhardwaj S/O Arun Bhardwaj R/O W-15 J/21, Western Avenue Sainik Farms South Delhi - 110062 Have changed my name to Tejaswi Bhardwaj for all future purposes.

PUBLIC NOTICE
This is to inform the general public that **Mrs. Pooja Gaur** is the owner of Unit no. E-2 on Fourth Floor with roof rights, area measuring 58.53 sq. meters., built on Property bearing no. B-52A & B-52A/1, area measuring 127.09 sq. meters., out of Khasra no. 145 situated at Panchsheel Vihar, Khirki Village, New Delhi-110017 through Sale Deed dated 06.08.2024 as per Doc no. 2024/7/I/7817 executed by Mr. Amit Kumar as attorney of Mr. Imran Khan in favour of Mrs. Pooja Gaur read with Deed of Rectification dated 24.08.2024 as doc. No. 2024/7/I/8501 executed by Mr. Amit Kumar as attorney of Mr. Imran Khan in favour of Mrs. Pooja Gaur in respect of said unit.
Mrs. Pooja Gaur intends to transfer the ownership of above-mentioned Unit by way of Sale Deed to **Mrs. Payal Ramrakhwani.** Subsequently, **Mrs. Payal Ramrakhwani** is in the process of mortgaging the said Unit with **Aditya Birla Housing Finance Limited.** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 15 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 15-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.
If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 15-days period by contacting.
Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301;
Landline(s): +910120-3101683,
E-mail: accounts@lvnorth.in

महात्मा ज्योतिबा फुले समाज के दिशा सूचक - नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

- गरीबों का कल्याण-उत्थान हमारा संकल्प था, है और रहेगा - नायब सैनी
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों से की बच्चों को शिक्षित करने की अपील

एजेंसी

गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 से देश के किसी भी सरकारी कॉलेज में मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति एवं ओ.बी.सी. के सभी विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी, इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर ÷ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज÷ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री छगन भुजबल, सांसद श्री उपेंद्र कुशवाह तथा श्रीमती कल्पना सैनी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को बैसाखी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक और दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। उन्होंने अमृतसर में जलियांवाला बाग में जनरल डायर के आदेश से अंग्रेजी सेना द्वारा गोलियां चलाने पर शहीद होने वाले नागरिकों को भी नमन किया।

महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज सुधारों के लिए समर्पित किया अपना जीवन

मुख्यमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले जी ने उस समय देश और समाज को जगाने का काम किया था, जब भारत गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ थी। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन बाल विवाह को रोकने, विधवा विवाह का समर्थन करने, महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने, छुआछूत को खत्म करने और समाज को सशक्त बनाने में लगा दिया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, विधवा विवाह, दलित उत्थान और शोषण के

विरुद्ध आवाज उठाई, वह भी उस दौर में जब ये बातें सोचना भी कठिन था। उनका कहना था कि ÷शिक्षा ही व्यक्ति और समाज का उत्थान कर सकती है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर भारत का पहला लड़कियों का स्कूल पुणे में खोला। उनकी पत्नी भी एक महान समाज सुधारक और भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया । उन्होंने महात्मा फुले जी की जयंती पर राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन का आयोजन करने के लिए 'अखिल भारतीय सैनी सेवा समाज' की भी सराहना की। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा फुले के आदर्श हमारे लिए दिशा सूचक हैं। उन्हीं के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि सैनी समाज का इतिहास प्राचीन और गौरवशाली है। इसने हमेशा से श्रम, त्याग और सेवा को अपना धर्म माना है। कृषि, बागवानी और जनसेवा में इस समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले सैनी समाज के रत्न हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों का कल्याण-उत्थान हमारा संकल्प था, संकल्प है और संकल्प रहेगा। इसलिए विकास का हमारा आधार गरीब का सशक्तिकरण है। लास्ट माइल डिलीवरी पर फोकस ने इन वर्गों का जीवन बदल दिया है। वंचितों की सेवा का यह संकल्प ही सच्चा सामाजिक न्याय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछड़े वर्गों के लिए क्रीमीलेयर की आय सीमा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक की है तथा पिछड़ा वर्ग-बी को पंचायती राज संस्थाओं व शहरी स्थानीय निकायों में आरक्षण दिया है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गरीब के लिए बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना बहुत मुश्किल है। इसलिए पिछड़े वर्गों के 3 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों की देश में पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये तक तथा विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर दिया जाता है। उन्होंने राज्य सरकार को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां किसानों की शत- प्रतिशत फसलों को एमएसपी पर खरीदने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार द्वारा 'हर-घर गृहिणी योजना' में 17 लाख गरीब परिवारों को हर महीने केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित करने की अपील की और कहा कि यही महात्मा ज्योतिबा फुले को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर विधायक श्री मुकेश शर्मा, श्रीमती बिमला चौधरी, श्रीमती उषा मौर्य, 'ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज' के अध्यक्ष श्री दिलबाग सिंह सैनी समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

हरियाणा में मौसम ने करवट बदली, पारा लुढ़ककर 36.4 डिग्री पर पहुंचा, बादल छाए

चंडीगढ़। हरियाणा में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलता नजर आ रहा है। भीषण गर्मी से राहत इस बात से मिल रही है कि पिछले दो दिनों से राज्य के कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है, लेकिन इससे तापमान में भी गिरावट आई है। इस बारिश से खेतों के साथ-साथ लोग भी खुश हैं, जो कुछ दिन पहले तक गर्मी से परेशान थे। तापमान को देखकर साफ पता चल रहा है कि बारिश से मौसम में कितना बदलाव आता है। शनिवार को सिरसा में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कुछ दिन पहले तक हरियाणा में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन अब इसमें 6 डिग्री की गिरावट आई है। दूसरे शब्दों में कहें तो गर्मी की तपिश कुछ कम जरूर हुई है, लेकिन उमस ने लोगों को परेशान कर रखा है। मौसम विभाग के अनुसार आज हरियाणा के ज्यादातर जिलों में बादल छाए रहेंगे। लेकिन आमतौर पर मौसम साफ नहीं रहता, हालांकि कुछ इलाकों में तेज धूप निकल सकती है। माना जा रहा है कि इससे तापमान में और गिरावट आएगी, जिससे लोगों को कुछ राहत मिलेगी। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में कृषि मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से यह बदलाव हुआ है।

हुनर के कारीगर से ओबीसी वर्ग का नाम लेकर चर्चा क्यों

नारनौल। नारनौल के विक्की की फैक्ट्री पर राहुल गांधी के पहुंचने के बाद हालांकि विक्की सैनी हरियाणा में छा गया है, लेकिन विक्की की रेडीमेड फैक्ट्री विक्की के हुनर की कारीगरी को देखते हुए केंद्र में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ओबीसी पर ज्यादा जोर देते नजर आ रहे हैं। जिसके चलते अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा यह भी शुरू हो गई है कि आखिरकार हुनर के कारीगर से कांग्रेस एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बार-बार ओबीसी वर्ग का नाम लेकर चर्चा क्यों की। नारनौल के विक्की सैनी का वीडियो वायरल होने के बाद न केवल क्षेत्र के भाजपा नेताओं में यह चर्चा शुरू हो गई है, बल्कि हरियाणा के गुप्तचर विभाग पंचकूला तक के अधिकारियों ने इस मामले में विक्की सैनी के परिवार की फीडबैक भी जुटाई है कि कहीं विक्की सैनी की पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी विचारधारा या उनके परिवार में कोई सक्रिय रूप से कांग्रेस की राजनीति में भी तो सक्रिय नहीं है। इस बाबत आज गुप्तचर विभाग के जिला स्तर के कई अधिकारी नारनौल के सैनी समाज के सक्रिय लोगों से फोन पर विक्की के परिवार के लोगों के बारे में जानकारी मांग रहे थे। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा अभी हाल ही संपन्न हुए चुनाव में ओबीसी वर्ग के लोगों के लिए अनेक फैसले लेकर यहां तक की हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के चेहरे को ओबीसी वर्ग के नाम पर आगे कर कर सत्ता में काबिज हुई है। साथ ओबीसी वर्ग के लोगों के लिए कई सुविधाएं तक जारी की है।

18 तक कर सकते हैं दावे व आपत्ति

कनीना। हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के उपबंधों के तहत खंड कनीना में आने वाले गांव खरखडाबास, कपुरी, मुंडायन, झिंगावन, गुढा, छिथरौली, बागौत, धनौन्दा व झाड़ली ग्राम पंचायतों का 11 अप्रैल को ड्राफ्ट मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। यह ड्राफ्ट मतदाता सूची 18 अप्रैल तक आमजन के लिए विभिन्न स्थानों पर निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। यह जानकारी देते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल तक आमजन उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) कार्यालय नारनौल, तहसीलदार कार्यालय कनीना एवं संबंधित हलका पटवारी, संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय कनीना, जिला परिषद कार्यालय नारनौल व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय एवं खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय कनीना में ड्राफ्ट मतदाता सूची का निरीक्षण कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां 1 जनवरी 2025 के आधार पर तैयार की गई है।

युवती के पुराने दोस्त ने नए दोस्त पर गोली चलाकर किया जानलेवा हमला, 2 आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। युवती के पुराने दोस्त द्वारा युवती के नए दोस्त पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने 2 युवकों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 10 अप्रैल को पुलिस थाना सदर पुलिस टीम को कंट्रोल रूम के माध्यम से एक सूचना आयरिश पार्क बिल्डिंग सैक्टर-48 के पास एक व्यक्ति द्वारा फायरिंग करने के सम्बन्ध में प्राप्त हुई। उपरोक्त सूचना पाकर पुलिस टीम सूचना में बताए गए स्थान/घटनास्थल आयरिश पार्क बिल्डिंग सैक्टर-48 के पास पहुँची, जहां पर एक व्यक्ति व एक युवती उपस्थित मिले हाजिर मिले। घटनास्थल पर उपस्थित व्यक्ति ने पुलिस टीम को एक लिखित शिकायत के माध्यम से बताया कि वह वेल्डन टेक पार्क क्रेड रिजोल्व सैक्टर-48 सोहना रोड में करीब 3 महीनों से नौकरी करता है। उसके ऑफिस में ही एक युवती भी काम करती है, जिसके साथ 3 महीनों से उसकी दोस्ती है। उसकी युवती दोस्त की सोम शुक्ल निवासी झांसी से भी दोस्ती थी।

नारनौल के छोरे की फैक्ट्री पहुंचे राहुल, हरियाणा में स्टार की भांति छाया विक्की

नारनौल। स्थानीय शहर के एक मध्यम वर्ग के परिवार के बेटे द्वारा दिल्ली के हौज खास इलाके में चलाई जा रही रेडीमेड कपड़ों की फैक्ट्री में केंद्र में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहुंचे तो नारनौल का यह छोरा विक्की सैनी पूरे हरियाणा में रातों-रात स्टार की तरह छा गया। पिछले शनिवार 5 अप्रैल को राहुल गांधी ने विक्की सैनी की फैक्ट्री पर हरियाणा के नारनौल के इस युवक का हुनर जाना तथा उसके काम की सराहना की। अपने इस सारे कार्यक्रम की वीडियो को राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी उसकी एक फिल्म बनाकर शेयर की है। करीब एक सप्ताह बाद जब गत दिवस जैसे ही इस वीडियो को नारनौल के लोगों ने देखी तो यह नारनौल ही नहीं हरियाणा में भी चर्चा का विषय बन गई। पिछले दो दिनों से विक्की सैनी के परिजनों पर नारनौल के लोकल मीडिया वालों के फोन पर फोन जा रहे हैं और इस मामले की जानकारी जुटा रहे हैं। विक्की सैनी की फैक्ट्री के दौरे की वीडियो में राहुल गांधी कह रहे है कि क्या एक ओबीसी युवा इंडियन फैशन का टाप डिजाइनर बन सकता है। नारनौल शहर के मोहल्ला नलापुर के रहने वाले विक्की सैनी ने दिल्ली के हौज खास के पास रेडीमेड कपड़ों की एक फैक्ट्री लगाई हुई है।

प्रजापति विकास समिति की वार्षिक सभा का कोटिया में हुआ आयोजन

कनीना। उपमंडल के गांव कोटिया में प्रजापति विकास समिति की वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। सभा हवा सिंह प्रधान की अध्यक्षता में की गई। कार्यकाल में समिति द्वारा लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। समिति का कार्यकाल 3 वर्ष पूर्ण होने पर समिति के सदस्यों द्वारा चुनाव करवाने पर विचार विमर्श किया गया। प्रधान हवा सिंह ने बताया कि इस दौरान सभी ने निजी विद्यालयों में बच्चों को नए भेजकर सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने का निर्णय लिया। प्रजापति समाज ने विचार वर्ष किया है कि समाज में फैली कुरीतियों नशा खोरी, दहेज प्रथा, संस्कार संस्कृति की गिरावट होने के बारे में मिलकर विचार किया। उन्होंने बताया कि प्रजापति विकास समिति समाज के भलाई के कार्यों में अग्रणी रहती हैं।

में आत्मचिंतन भी करना होगा, क्या हम डा. भीमराव अंबेडकर के सपनों का भारत बना पाए हैं: कुमारी सैलजा

जब तक देश में असमानता, गरीबी और भेदभाव जैसी चुनौतियां मौजूद हैं, तब तक बाबासाहेब का सपना अधूरा

एजेंसी

जींद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सभी को संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डा. अंबेडकर की दूरदर्शिता, संघर्ष और असाधारण योगदान ने आधुनिक भारत की नींव रखी। डॉ. भीमराव अंबेडकर यह एक नाम नहीं, बल्कि वह विचारधारा हैं, जिन्होंने हमें संविधान, समानता, न्याय और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया। हमें आत्मचिंतन भी करना होगा। क्या हम उनके सपनों का भारत बना पाए हैं? क्या हम उस समाज की स्थापना कर पाए हैं, जहाँ कोई भेदभाव न हो, जहाँ हर नागरिक को समान अवसर मिले? जब तक देश में असमानता, गरीबी और भेदभाव

जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं, तब तक बाबासाहेब का सपना अधूरा है। वे डॉ भीम राव अंबेडकर समाज कल्याण सभा द्वारा भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के अवसर पर गांव अशरफगढ़ (जींद)में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुह को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व विधायक राजरानी पूनम, पूर्व विधायक परिवंद्र सिंह दुल, माजरा खाप के प्रधान वीरेंद्र संधु, अप्रवासी कांग्रेस के अध्यक्ष वीरेंद्र वशिष्ठ, ओबीसी प्रभाग के अध्यक्ष रमेश सैनी, राजरूप, सरदार इंद्रजीत सिंह, पूर्व सरपंच रामकिशन, सरदार गुरविंद्र सिंह माजरा, लाल बहादुर खोवाल, पूर्व प्रधान सुरेंद्र मेंहदिया, बालादेवी खेदड, अंबेडकर सभा के प्रधान विनोद कुमार, राममेहर, सूरजभान, रवि सिंह, सुमित सिंह, सुलतान सिंह, सूबेसिंह, बादल सिंह, प्रेम सिंह धीरा आदि मौजूद थे। आयोजनकर्ताओं की ओर से कुमारी सैलजा का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया। कुमारी सैलजा ने सबसे पहले उन्होंने बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कुमारी सैलजा ने कहा कि बाबासाहेब का जीवन एक साधारण बालक से असाधारण राष्ट्र निर्माता बनने तक की प्रेरक गाथा है। 14 अप्रैल 1891 को महू की धरती पर जन्मे डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के उस हिस्से से उठकर देश के सबसे ऊंचे मंच तक का सफर तय किया, जिसे सदियों तक दबाया और कुचला गया। उन्होंने छुआछूत और जातिगत भेदभाव की अमानवीय दीवारों को शिक्षा और आत्मबल से तोड़ डाला। उनका शैक्षणिक जीवन, उनके विचार, उनकी दृष्टि - सब कुछ हमें सिखाता है कि अगर इरादे नेक हों और उद्देश्य स्पष्ट हो, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती।

सुभाष बराला ने विपक्ष पर साधा निशाना, बोले, खिलाड़ियों का सम्मान राजनीति से ऊपर

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा की स्टार पहलवान विनेश फोगाट को दोगुना इनाम दिए जाने की सरकार की घोषणा ने न केवल खेल प्रेमियों का ध्यान खींचा है, बल्कि अब इस पर राजनीतिक जमीन भी बनने लगी है। इस पूरे मामले पर भाजपा के हरियाणा से राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने खुलकर अपनी बात रखी है। उन्होंने यह जरूर कहा कि खिलाड़ियों की सुविधाओं और सम्मान को राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। सुभाष बराला ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'देश और प्रदेश की सरकारों ने हमेशा खिलाड़ियों का सम्मान किया है।' खिलाड़ियों को जो उपकरण मिलने चाहिए, वह सरकार ने दिए हैं और आगे भी देती रहेगी। विनेश फोगाट का दोहरा सम्मान भी इसी कड़ी का हिस्सा है, इसमें राजनीति को घसीटना अनुचित होगा। बराला

ने आगे कहा कि किसी भी खिलाड़ी को परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष पर हमला करना अनैतिक है, क्योंकि इन मुद्दों पर सस्ती राजनीति करना अनैतिक है। सांसद सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को लेकर भी व्यस्त रहे। सुभाष बराला ने खेलों के अलावा कांग्रेस की आलोचना करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। हरियाणा विधानसभा में अभी तक विपक्ष का नेता न चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा, 'यह लोकतंत्र के लिए दयनीय स्थिति है। दो बार विपक्ष के नेता तय नहीं हो पाए हैं।' बराला ने कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति पर टिप्पणी की और कहा कि पार्टी नेतृत्व पूरी तरह से दिशाहीन नजर आ रहा है। उन्होंने कहा, 'कोई दिशा नहीं है, कोई स्पष्ट नेतृत्व नहीं है।' पार्टी अंदर से इतनी कमजोर हो चुकी है कि अब उसमें इच्छाशक्ति भी नहीं दिखती। बराला ने कहा कि जब इच्छाशक्ति खत्म हो जाती है तो इस तरह के अनिश्चित फैसले लिए जाते हैं। विनेश फोगाट को दो पुरस्कार मिलने का मामला भले ही खेल भावना से जुड़ा हो, लेकिन राजनीति के आने से इसमें बदलाव आया है। विपक्ष सरकार द्वारा खिलाड़ियों के समर्थन को चुनौती देता नजर आ रहा है, हालांकि एक तरफ सरकार खिलाड़ियों को उकसाने की बात कर रही है। इन सबके बीच सुभाष बराला का जवाब यह साफ कर देता है कि राजनीति से ऊपर उठकर खेल और खिलाड़ियों का सम्मान किया जाना चाहिए।

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर हम सभी के हैं प्रेरणा स्त्रोत - कृष्ण कुमार बेदी

एजेंसी

जींद। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। भारत रत्न, संविधान निर्माता और दबे-कुचले वर्ग की आवाज बनकर बाबा साहेब ने देश की अखंडता और समरसता का संदेश दिया है। उन्होंने दुनिया के सबसे बेहतरीन संविधान की रचना करके सबको बराबरी का हक दिलवाया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार जींद में रानी तालाब पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए बोल रहें थे। उन्होंने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। हम सभी उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जानते हैं। बाबा साहेब को समानता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने जातिवाद और असमानता के खिलाफ सख्त रूप से विरोध किया और समाज को एकमत और समृद्धि की दिशा में बदलने की बात की। उनका योगदान आज भी सामाजिक न्याय, शिक्षा

और मुक्ति की ओर एक प्रेरणा स्रोत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर हिसार में 14 अप्रैल को समरस्ता के सबसे बड़े पुजारी और समाजवाद के प्रतीक महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर बने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

ममता बनर्जी को रियल टाइम एक्शन फिल्में देखने का शौंक : अनिल विज

एजेंसी

अम्बाला। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने वक्फ बिल पर पश्चिम बंगाल में लगातार हो रही हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को आड़े हाथों लिया और कहा की ममता बैनर्जी को रियल टाइम एक्शन फ़िल्में देखने का शौंक है, जिसमें सड़कों पर आग लगी रहे, लोगों की दुकाने जलती रहे और लोग एक दूसरे का पेट फाड़ते रहें। यह सब देखना ममता बैनर्जी का शौंक है और वह कुछ महीनों के बाद ये एक्शन मूवी कर लेती हैं। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा एक्स पर दस भाजपा नेताओं को आईएसआई का एजेंट बताने पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का काम मनघढ़ंत कहानिया बनाना है। उन्होंने पहले चंदा मामा की कहानियां आती थी, अब दिग्विजय सिंह की कहानियां आती है। मंत्री अनिल विज ने कहा देश के गद्दारों से हाथ मिलाने का काम कांग्रेस का है, भाजपा का एक भी नेता देश के गद्दारों के साथ नहीं मिल सकता। मुंबई हमले में प्रमुख

साजिशकर्ता आतंकी तहुव्वर ने एनआईए के सामने पाकिस्तान के राज खोलने पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 166 लोगों की मौत का जिम्मेदार तहुव्वर अभी तोते की तरह बोलेगा और सब राज उगलेगा कि किसके कहने पर उसने यह सब किया।

बाबा साहब की जयंती पर प्रधानमंत्री का हरियाणा में हो रहा है शुभ आगमन - डॉ अरविंद शर्मा

एजेंसी

गोहाना। हरियाणा के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का शुभ आगमन हरियाणा में हो रहा है। करोड़ों रुपए की परियोजनाओं के साथ हरियाणा अब विकास की नान स्टॉप रफ्तार भर रहा है। डॉ अरविंद शर्मा आज जिला सोनीपत के गोहाना में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन कर संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा से बहुत स्नेह रहा है। इस बार उनका आगमन बाबा साहब की जयंती के अवसर पर हिसार और यमुनानगर में हो रहा है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की तरह मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बाबा साहब की विचारधारा को आत्मसात कर रहे हैं।

ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में 3 महिला चालक सहित 442 वाहन चालकों के पुलिस ने किए चालान

एजेंसी

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए अभियान चला रही है। अभियान के तहत न केवल वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाया जा रहा है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने पर उनका चालान किया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा 7 से 13 अप्रैल तक चलाए गए अभियान के ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाली 3 महिला चालक सहित 442 वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा व पुलिस उपायुक्त यातायात विरेंद्र विज के निर्देशन में कार्य करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुख्यालय/ हाईवे सत्यपाल यादव की देखरेख में यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने (ड्रिंक एंड ड्राइव) वाले वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए गए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुख्यालय/ हाईवे सत्यपाल यादव द्वारा यातायात पुलिस की विभिन्न पुलिस टीमों का गठन करके उनको चिन्हित स्थानों पर विशेष आदेश/निर्देश देकर तैनात की गई जिसमें पुलिस टीमों द्वारा नाका लगाकर चेकिंग करते हुए 3 महिला वाहन चालक सहित कुल 442 वाहन चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते हुए मिले और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उनके चालान किए गए। यातायात पुलिस, गुरुग्राम द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसना तथा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराते हुए यातायात का संचालन व्यवस्थित तथा सुरक्षित करना है। गुरुग्राम पुलिस आप सभी से अपील करती है कि यातायात के सभी नियमों की पालना करें व किसी भी प्रकार

NAME CHANGE
I hitherto known as Kusum Lata alias Kiran D/O Bijender W/O: Ankit,R/O H.No.-1255, Baselwa Colony, VTC: Old Faridabad, PO: Old Faridabad, District: Faridabad, Haryana, 121002 , Have changed my name and shall hereafter be known as KIRAN.

NAME CHANGE
I, KAPIL DEV S/o RALDU RAM R/o Chopra Patii, Balerkha (39), Jind, Belarkhan, Haryana-126116, have changed the name of my minor son YUVAAN alias YUVAANSH SHARMA aged 5 years and he shall hereafter be known as YUVAANSH SHARMA.

फ़र्रुखनगर में पंचवर्षीय योजना के तहत सडक़ व रेल नेटवर्क के विस्तार

एजेंसी

गुरुग्राम। ऐतिहासिक फ़र्रुखनगर शहर को बदलने की दिशा में एक अहम क़दम उठाते हुए, हरियाणा के उद्योग, वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने शनिवार शाम यहाँ एक महत्त्वाकांक्षी विकास कार्यक्रम की घोषणा की। सिंह ने राज्य की पंचवर्षीय योजना के तहत रेल और सडक़ संपर्क में व्यापक सुधार लाने वाली अनेक बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का खुलासा किया। सिंह ने ज़ोर देकर कहा कि फ़र्रुखनगर को आसपास के नगरों तथा दूरस्थ क्षेत्रों से जोडऩा सरकार की प्राथमिकता है। शीघ्र ही एक रेल नेटवर्क फ़र्रुखनगर को झज्जर से जोड़ेगा, जिससे हिसार, रोहतक और अंततः दिल्ली तक की यात्रा सुगम होगी। इसके अतिरिक्त, मौजूदा बाईपास का विस्तार कर शहर के चारों ओर एक रिंग रोड बनाई जाएगी, जिससे न केवल स्थानीय यातायात में सुधार होगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा। दीन दयाल जन आवास योजना के अंतर्गत सेक्टर 3 में स्थित एसएचएफ होम्स के नए मकान मालिकों को चाबी सौंपने के कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए, सिंह ने धानकोट और चंदू बुढेरा क्षेत्रों में चल रही ट्रैफ़िक समस्याओं को स्वीकार किया, जहाँ स्कूल बसों और यात्रियों को लगातार जाम का सामना करना पड़ता है। इन बाधाओं को दूर करने के लिए, इस वर्ष से दो नए बाईपास सडक़ों का निर्माण शुरू किया जाएगा, जिन्हें अगले वर्ष तक पूरा करने का लक्ष्य है। फ़र्रुखनगर अपनी ऐतिहासिक महत्ता के लिए लंबे समय से जाना जाता है। अब, सरकारी सहयोग बढऩे के साथ, यह शहर वाणिज्य, आवासीय विकास और सार्वजनिक सुविधाओं का एक प्रमुख केंद्र बनने की दहलीज़ पर है। फ़र्रुखनगर नगर परिषद के चेयरमैन बीरबल सैनी और एसएचएफ होम्स के प्रमोटर डॉ. हरीश यादव व डॉ. सुमन यादव की उपस्थिति में, सिंह ने बेहतर शैक्षिक संस्थानों, सामुदायिक केंद्रों और

चालू वित्त वर्ष में 45 प्रतिशत कंपनियों की भर्ती करने की योजना : रिपोर्ट

एजेंसी

मुंबई। भर्ती परिदृश्य चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सकारात्मक बना हुआ है और 45 प्रतिशत कंपनियों ने कहा कि वे नए स्थायी पदों पर भर्ती करने की योजना बना रही हैं। शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया। कार्यबल समाधान और मानव संसाधन सेवा प्रदाता 'जीनियस कंसल्टेंट्स' ने एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 45 प्रतिशत नियोक्ता नए स्थायी पदों पर नियुक्ति करने की योजना बना रहे हैं, जबकि 13 प्रतिशत मौजूदा पदों पर कर्मचारियों को बदलने की योजना बना रहे हैं। यह रिपोर्ट विभिन्न उद्योगों के 1,520 ग्राहक प्रतिनिधियों और संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों से मिली प्रतिक्रियाओं पर आधारित है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि अस्थायी भर्ती का महत्व व्यापक रूप से बढ़ता दिखाई दे रही है, क्योंकि 26 प्रतिशत नियोक्ता अस्थायी, संविदात्मक या परियोजना-आधारित भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हालांकि, 16 प्रतिशत संगठनों ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कोई भर्ती योजना नहीं होने का संकेत दिया, जो एक सतर्क दृष्टिकोण को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक 37 प्रतिशत नियोक्ताओं ने कहा कि उनका लक्ष्य मध्य-स्तर के पेशेवरों की भर्ती करना है, जबकि 26 प्रतिशत ने कहा कि वे गिग कर्मचारी (ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए डिलीवरी करने वाले), अनुबंध-आधारित भूमिकाओं और सलाहकार पदों की ओर बढ़ रहे हैं।

सोभा की चौथी तिमाही की बिक्री बुकिंग 22 प्रतिशत बढ़कर 1,836 करोड़ रुपये हुई

नयी दिल्ली। बेहतर आवास मांग के कारण रियल्टी फर्म सोभा लिमिटेड की बिक्री बुकिंग मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़कर 1,835.7 करोड़ रुपये की हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में इसकी बिक्री बुकिंग 1,504 करोड़ रुपये थी। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में 6,644.1 करोड़ रुपये की तुलना में सोभा की बिक्री बुकिंग पिछले वित्तवर्ष में घटकर 6,276.5 करोड़ रुपये की रह गई। सोभा ने पिछले वित्तवर्ष में 13,412 रुपये प्रति वर्ग फीट की औसत कीमत पर 46.8 लाख वर्ग फीट की बिक्री की थी। पिछले वित्तवर्ष 2024-25 के दौरान इसकी कुल बिक्री बुकिंग में बेंगलुरु ने 58 और गुड़गांव ने 19.9 प्रतिशत का योगदान दिया। सोभा ने कहा कि कंपनी ने पिछले वित्तवर्ष में चार शहरों में 87.6 लाख वर्ग फुट की आठ परियोजनाएं शुरू कीं। बेंगलुरु स्थित सोभा देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। इसकी कर्नाटक, दिल्ली-एनसीआर, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और महाराष्ट्र के आवास बाजारों में उपस्थिति है।

उत्तर प्रदेश सरकार 10 हजार पर्यावरण सखियों को प्रशिक्षित करेगी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिये सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 10,000 'पर्यावरण सखियों' को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई है। एक बयान के अनुसार, यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा देगी। सरकार ने कहा कि इस मिशन के तहत प्रेरणा ओजस प्राइवेट लिमिटेड सौर ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल है, जिसमें सौर उत्पाद विनिर्माण, विकेन्द्रीकृत सौर प्रणाली, स्वच्छ खाना पकाने के उत्पाद और सौर खुदरा दुकानें शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए एक अनूठी पहल शुरू की है, जो ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता की नई राह दिखाएगी। सरकार ने कहा कि मिशन का मुख्य ध्यान सौर ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह कदम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में लखनऊ में एक सौर उत्पाद निर्माण इकाई शुरू की गई, जबकि 20 जिलों के 207 विकास खंडों में 414 सौर खुदरा दुकानें स्थापित की गईं, जिनसे 414 महिलाओं को लाभ हुआ। इसके अलावा 80 सौर खाद्य प्रसंस्करण मशीन, ड्रायर, और डीफ्रीजर स्थापित किए गए। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने इस महत्वाकांक्षी योजना की बारीकियों को साझा करते हुए बताया कि अगले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा और महिला सशक्तीकरण का केंद्र बनाने का एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है।

दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन नीति से 20,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद

नयी दिल्ली। दिल्ली की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति 2.0 से 20,000 तक नौकरियां पैदा हो सकती हैं और इसके तहत बैटरी संग्रह केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे, साथ ही चार्जिंग और बैटरी अदला-बदली स्टेशनों का शहरव्यापी नेटवर्क भी स्थापित किया जाएगा। नई प्रस्तावित नीति के बारे में पीटीआई-भाषा से बात करते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने को प्रोत्साहित करना है।इसका मुख्य ध्यान दोपहिया, बस, तिपहिया और माल वाहक जैसे बड़े वाहनों पर होगा, जिसका उद्देश्य उन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलना है।

उद्योग हितधारकों को वैश्विक मानक स्थापित करने चाहिए : पीयूष गोयल

एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कैपेक्सिल के वाइब्रेंट बिल्डकॉन-2025 को संबोधित किया। उन्होंने उद्योग जगत के हितधारकों से स्थिरता में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, आयात निर्भरता को कम करने, स्वच्छ और हरित निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करने तथा भूकंपरोधी और मॉड्यूलर बुनियादी ढांचे की दिशा में काम करने पर जोर दिया। गोयल ने निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की बढ़ती ताकत पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्विक क्षमता केन्द्रों (जीसीसी) से लेकर मेक इन इंडिया के तहत घरेलू विनिर्माण तक की चर्चा की। उन्होंने आवास, बुनियादी ढांचे, वाणिज्यिक अचल संपत्ति, रेलवे, हवाई अड्डों, राजमार्गों और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''सीमेंट और इलेक्ट्रिकल्स से लेकर सुरक्षा प्रणालियों और स्वचालन तक हर तत्व इस पारिस्थितिकी तंत्र में एक भूमिका निभाता है।'' गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे विश्वस्तरीय सम्मेलन केन्द्रों की परिकल्पना की थी, दोनों ही महामारी के दौरान बनाए गए थे। इन अत्याधुनिक स्थलों ने जी20 शिखर सम्मेलन, भारतटेक्स, भारत मोबिलिटी और स्टार्टअप महाकुंभ जैसे वैश्विक कार्यक्रमों की मेजबानी की है।'' गोयल ने कहा कि कई प्रमुख सरकारी पहलों को सूचीबद्ध किया गया, जिनमें 20 नए स्मार्ट औद्योगिक शहर, 50 गंतव्यों में बेहतर पर्यटन बुनियादी ढांचा और 100 नए औद्योगिक प्लग-एंड-प्ले हब शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''अगर हमें आज की 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है तो हर नागरिक को विकसित भारत 2047 में योगदान देना होगा।''

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि आज भारत एकता के साथ भविष्य की कल्पना कर रहा है, सहयोग को बढ़ावा दे रहा है और एकजुट होकर काम कर रहा है। गोयल ने कहा, ''वाइब्रेंट बिल्डकॉन हमारे निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को एक साथ लाने की शुरुआत मात्र है।'' बैसाखी के अवसर पर लोगों को बधाई देते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कोविड-19 महामारी के दौरान किसानों की भूमिका के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवधानों के बावजूद, भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महीने दर महीने निर्बाध खाद्य वितरण सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा, ''महामारी के चरम के दौरान भी, भारत ने गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने और लाखों लोगों को अभाव से बाहर निकालने के अपने मिशन को जारी रखा।'' भारत की खाद्य सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के बीच संबंध बताते हुए, गोयल ने कहा कि वाइब्रेंट बिल्डकॉन देश की तीव्र शहरीकरण, सभी के लिए आवास और लॉजिस्टिक्स परिवर्तन का समर्थन करने की क्षमता का उदाहरण है। उन्होंने कहा, ''यह मंच हमारी विनिर्माण और बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाता है, जो वैश्विक निवेश को आकर्षित करने और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है।'' अंत में गोयल ने वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरने के लिए भारत की क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हमें साहसिक लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए, सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे श्रम बल को उचित वेतन मिले और निरंतर नवाचार करते रहें।

मुंबई एयरपोर्ट पर 6.3 करोड़ रुपये का सोना बरामद, यात्री गिरफ्तार

एजेंसी

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर बैंकाक से आए एक यात्री को पकड़ा है, जिसके पास से 6.3 करोड़ रुपये कीमत का सोना बरामद हुआ है। इस यात्री ने 6.7 किलोग्राम सोने की छड़ें अपने जूतों में चालाकी से छिपाकर रखी थीं।डीआरआई सूत्रों ने बताया कि उनकी टीम को बैंकाक से एक यात्री के बारे में गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर डीआरआई की टीम बीती रात मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। बैंकाक से आए एक यात्री को रोका गया। तलाशी के दौरान उसके जूतों में छिपाकर रखी गई सोने की 6.7 किलोग्राम सोने की छड़ें मिलीं। डीआरआई ने यात्री को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद सोने के खरीदार का पता चला है। इस मामले की छानबीन डीआरआई की टीम कर रही है।

असम के मुख्यमंत्री जीत अदाणी से मिले, ग्रुप के 50,000 करोड़ रुपये की निवेश योजना पर हुई चर्चा

एजेंसी

गुवाहाटी । असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने फरवरी में गुवाहाटी में आयोजित व्यापार शिखर सम्मेलन के दौरान राज्य के लिए प्रस्तावित 50,000 करोड़ रुपये की निवेश योजना को आगे बढ़ाने के लिए अदाणी समूह के निदेशक जीत अदाणी के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को उम्मीद है कि अदाणी समूह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए दिए गए प्रस्ताव शीघ्र ही वास्तविकता बन जाएंगे। सरमा ने एक्स पर कहा, 'एडवांटेज असम 2 के दौरान अदाणी ग्रुप ने राज्य में 50,000 करोड़ रुपये निवेश करने का प्रस्ताव दिया था। आज हमारे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हमने इस प्रस्ताव को कार्यान्वित करने के लिए अदाणी समूह के निदेशक जीत अदाणी और उनकी टीम के साथ बैठक की। ' उन्होंने आगे कहा, हम उम्मीद करते हैं कि हमने एयरो-सिटी, होटल, सीमेंट प्लांट और प्रमुख इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के विकास में निवेश से संबंधित जिन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, वे जल्द ही शुरू हो जाएंगे। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने फरवरी में एडवांटेज असम 2.0 बिजनेस

समिट के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन के दौरान घोषणा की थी कि समूह राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

चेयरमैन ने भारत भर में निवेश आधारित विकास को बढ़ावा देने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी बताया। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के माध्यम से गुजरात की आर्थिक परिवर्तन की तुलना करते हुए, उन्होंने कहा कि असम जैसे राज्यों को विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए ऐसी पहलों की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा, हम प्रगति के इसी विजन का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हैं। इसलिए, आज मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि अदाणी समूह असम में 50,000 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। अदाणी समूह के निवेश से असम के आर्थिक विकास में तेजी आने, रोजगार के अवसर पैदा होने और राज्य को भारत के आर्थिक परिदृश्य के एक मजबूत हिस्से के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

एनबीसीसी ने एस्पायर लेज़र पार्क, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), उत्तर प्रदेश में रिहायशी इकाइयों की थोक बिक्री के लिए ई-नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न की

एजेंसी

नई दिल्ली। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने एस्पायर लेज़र पार्क, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) में 14.60 लाख वर्ग फीट बिक्री योग्य क्षेत्रफल वाले 560 रिहायशी इकाइयों की ई-नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न की, जिससे 1153.13 करोड़ रुपये का कुल बिक्री मूल्य प्राप्त हुआ। उच्च-हिस्सेदारी वाली इस नीलामी को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली जिसमें बोलियां आरक्षित मूल्य से काफी अधिक रहीं। यह निधि, बैंक ऋण भुगतान के साथ-साथ चालू परियोजनाओं की निधि आवश्यकता को कम करेगी। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुवीक्षित परियोजना, एस्पायर लेज़र पार्क परियोजना में अत्याधुनिक सुविधाएं और कार्यनीतिक लोकेशन शामिल है जो इसे एक लोकप्रिय निवेश अवसर बनाती है। यह बिक्री, अटकी हुई आम्रपाली परियोजनाओं को पूर्ण करने में अहम सिद्ध होगी और कई घर खरीदारों का अपना घर होने के सपने को पूरा करेगी। अब तक,

आम्रपाली की कुल 4024 रिहायशी इकाइयों (10.49 मिलियन वर्ग फीट का बिक्री योग्य क्षेत्रफल) वाली 4 नई एफएआर परियोजनाओं (एस्पायर गोल्फ होम्स, एस्पायर सेंचुरियन पार्क, एस्पायर ड्रीम वैली और एस्पायर लेज़र पार्क) के लिए ई-नीलामी पूर्ण हो चुकी है, जिनका कुल बिक्री मूल्य 8227.92 करोड़ रुपये है। इस सफल अंतरण के साथ, एनबीसीसी ने भारत में एक अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है और साथ ही भारत में इस क्षेत्र में एकमात्र सार्वजनिक उपक्रम होने का गौरव भी प्राप्त किया है तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी संपत्ति बिक्री हेतु नया मानक स्थापित किया है। ऐसा माना जा रहा है कि इस ई-नीलामी की सफलता से इस क्षेत्र में निवेशकों का विश्वास और बढ़ेगा तथा एनबीसीसी को संकटग्रस्त परिसंपत्ति परियोजनाओं के निष्पादन में अग्रणी के रूप में स्थापित करेगा एवं नोएडा/ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), उत्तर प्रदेश के हजारों प्रभावित घर खरीदारों को राहत पहुंचाएगा।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी का असर घरेलू सर्राफा बाजार पर भी, सोना-चांदी महंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी का असर घरेलू सर्राफा बाजार पर भी साफ नजर आ रहा है। सोना आज 240 से 260 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में आज 2,900 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है। बाजार की इस तेजी के कारण सोना अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर कारोबार कर रहा है। भाव में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना महंगा होकर 95,670 रुपये से लेकर 95,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये से लेकर 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आए उछाल के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज एक लाख रुपये प्रति

किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।साप्ताहिक आधार पर देखें तो उतार-चढ़ाव को मिलाकर 24 कैरेट सोना पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान 5 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक महंगा हुआ है। इसी तरह 22 कैरेट सोना की कीमत 4,600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गई है। बाजार की तेजी का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार के कारोबार में 24 कैरेट सोना कुछ देर के लिए उछल कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि, बाद में ये 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर सेटल हुआ। इसी तरह चांदी के भाव में भी पिछले एक सप्ताह में करीब 6 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

केंद्र ने बिहार के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए

एजेंसी

पटना। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत बिहार की प्रतीक्षा सूची समाप्त हो गई। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवासों का आवंटन कर दिया है। इन अतिरिक्त आवासों के आवंटन से राज्य में पीएम आवास योजना की 2018 से चली आ रही प्रतीक्षा सूची तकरीबन समाप्त हो गई है। सूची में मौजूद लगभग सभी लाभार्थियों को आवास मिलने का रास्त साफ हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। केंद्रीय कृषि एवं किसान और ग्रामीण विकासमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कुमार को पत्र लिखकर पूरी स्थिति से अवगत करा दिया है।पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की 9 अगस्त 2024 को हुई बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण से संबंधित योजना को मंजूरी प्रदान करते हुए इस योजना का विस्तार आगामी 5 वर्षों 2029 तक करने की सहमति दी गई। इस योजना के शुरू होने से 2024-25 तक बिहार को 44 लाख 92 हजार 10 घर आवंटित किए गए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिए आवास मुहैया कराने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की थी, जिसका क्रियान्वयन राज्यों के सहयोग से किया जा रहा है।इस पत्र में इस बात का खासतौर से उल्लेख किया गया है।

घरेलू शेयर बाजार में एफपीआई की बिकवाली जारी, अप्रैल में अभी तक 31,575 करोड़ के शेयर बेचे

एजेंसी

नई दिल्ली/चेन्नई। अमेरिकी के रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर ग्लोबल मार्केट में मचे हड़कंप के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) इस महीने घरेलू शेयर बाजार में लगातार बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने हुए हैं। अप्रैल के महीने में अभी तक एफपीआई ने भारतीय बाजार से 31,575 करोड़ रुपये की निकासी की है। ये निकासी इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके पहले 21 से 28 मार्च तक के 6 कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार में 30,927 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार साल 2025 में की गई कुल खरीद और बिक्री को मिलाकर एफपीआई अभी तक शुद्ध रूप से 1.48 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। इस संबंध में

धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान करने के बाद से ही ग्लोबल मार्केट में उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। खासकर, अमेरिका और चीन के बीच जिस तरह से टैरिफ को लेकर दांव-पेंच चला जा रहा है, उसकी वजह से पूरी दुनिया के स्टॉक मार्केट का कारोबार प्रभावित हुआ है। भारत भी इस उथल-पुथल से बच नहीं सका है। इसी वजह से पिछले सप्ताह के कारोबार में जहां सेंसेक्स और निफ्टी जबरदस्त गिरावट का शिकार हुए, वहीं दो कारोबारी दिनों में इन सूचकांकों ने जोरदार तेजी भी दिखाई। प्रशांत धामी का कहना है कि बाजार की इस उतार-चढ़ाव में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की आक्रामक अंदाज में की गई बिकवाली ने भी अहम भूमिका निभाई है। उनका कहना है कि वैश्विक स्तर पर मचे हड़कंप के कारण घरेलू शेयर बाजार में एफपीआई की रणनीति को लेकर अभी कुछ भी कह पाना मुश्किल है। एक बार बाजार की उथल-पुथल के थमने के बाद ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की रणनीति स्पष्ट हो सकेगी।इसी तरह खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना का कहना है कि बाजार में मिल रहे मौजूदा संकेत के आधार पर कहा जा सकता है कि एफपीआई मीडियम टर्म में खरीदार की भूमिका में भी आ सकते हैं। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन दोनों देशों के रवैये से उन दोनों ही देशों में सुस्ती आने की आशंका बन गई है। इस सुस्ती से निपटने के लिए दोनों ही देशों की नजर भारतीय उत्पादों पर पड़ सकती है। खासकर, अमेरिका चीन के उत्पादों की भरपाई भारतीय उत्पादों से कर सकता है।

झटपट डिलीवरी करने वाली कंपनियों के खिलाफ अभियान, 22 को होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

एजेंसी

नई दिल्ली। झटपट डिलीवरी करने करने वाली कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर एक अभियान चलाया चलाया जाएगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स संयुक्त रूप से यह अभियान चलायेगा।

22 अप्रैल को 'क्विक कॉमर्स कंपनियों का क्रूर चेहरा' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल का कहना है कि झटपट यानी 10 मिनट में सामान पहुंचाने का दावा करने वाली कंपनियां असल में छोटे व्यापारियों को समाप्त कर रही हैं। इसके अलावा यह अपने यहां काम करने वाले



कर्मचारियों का भी शोषण कर रही हैं। 10 मिनट में सामान आपूर्ति करना इंसान तो क्या रोबोट के लिए भी संभव नहीं है। इसलिए व्यापारियों के समूहों ने मिलकर इसके खिलाफ मुहिम चलाने का फैसला लिया है। इसी अभियान के तहत 22 अप्रैल को क्विक कॉमर्स का क्रूर चेहरा विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

चीमा ने अनाज मंडी दिड़बा में सरकारी गेहूं खरीद का किया शुभारंभ

चंडीगढ़/दिड़बा/संगरूर। पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दिड़बा की अनाज मंडी में सरकारी गेहूं खरीद का शुभारंभ किया। श्री चीमा ने भरोसा दिलाया कि इस सीजन के दौरान किसानों को मंडियों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों द्वारा लाई गई फसल की बोलियां भी लगवाईं और मौके पर ही सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा फसल की खरीद सुनिश्चित करवाई गई। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार गेहूं के एक-एक दाने की खरीद और किसानों को 24 घंटे के भीतर भुगतान करवाने के लिए वचनबद्ध है।

उन्होंने दिड़बा के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गेहूं की निर्बाध खरीद, लिफ्टिंग, बारदाने की उपलब्धता, परिवहन, मज़दूरी के साथ-साथ बिजली, पीने के साफ पानी, साफ-सफाई और शौचालयों की सुविधा संबंधी किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया कि उपमंडल के अधीन आने वाली समस्त अनाज मंडियों की निगरानी उपमंडल न्यायाधीश दिड़बा कर रहे हैं और सभी सरकारी खरीद एजेंसियों को सरकार के दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना करने के आदेश जारी किए गए हैं।

टॉप 10 में शामिल देश की 5 कंपनियों के मार्केट कैप में 84 हजार करोड़ की बढ़ोतरी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 5 के मार्केट कैप में 84 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदे में हिन्दुस्तान यूनिलीवर रही। इसके अलावा टॉप 10 में शामिल शेष 5 कंपनियों के मार्केट कैप में इस सप्ताह 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान हिन्दुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के मार्केट कैप में कुल 84,559.01 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और इंफोसिस के मार्केट कैप में कुल 70,757.33 करोड़ रुपये की कमी हो गई। 7 से 11 अप्रैल के बीच हुए कारोबार के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 28,700.26 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,56,054.27 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 19,757.27 करोड़ रुपये उछल कर 16,50,002.23 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा, आईटीसी का मार्केट कैप 15,329.79 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,27,845.57 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जबकि बजाज फाइनेंस ने अपने मार्केट कैप में 12,760.23 करोड़ रुपये जोड़े। इस तरह कंपनी का मार्केट कैप बढ़ कर 5,53,348.28 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं भारती एयरटेल का मार्केट कैप 8,011.46 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 10,02,030.97 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 24,295.46 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 11,69,474.43 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं इंफोसिस का मार्केट कैप 17,319.11 करोड़ रुपये की कम होकर 5,85,859.34 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 12,271.36 करोड़ रुपये फिसल कर 6,72,960.97 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 8,913.09 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ गिर कर 9,34,351.86 करोड़ रुपये के स्तर पर और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 7,958.31 करोड़ रुपये फिसल कर 13,82,450.37 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 16,50,002.23 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 13,82,450.37 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 11,69,474.43 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 10,02,030.97 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,34,351.86 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 6,72,960.97 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 5,85,859.34 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,56,054.27 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,53,348.28 करोड़ रुपये) और आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,27,845.57 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

क्या है GM Diet, जो 7 दिनों में वजन करेगी कम किन बातों का रखना चाहिए ध्यान

आजकल वजन कम करने वाले लोग तरह के डाइट प्लान को फॉलो करते हैं. लेकिन अगर आप हफ्ते भर में अपने बढ़े हुए वजन को कम करना चाहते हैं तो हम यहां आपको एक खास तरह की डाइट के बारे में बताने वाले हैं. इस डाइट का नाम है त्तरू डाइट प्लान. इस डाइट को फॉलो करके आप बिना किसी टेंशन के अपने वजन को कम कर सकते हैं.

त्तरू डाइट एक 7-दिनों का वेट लॉस प्रोग्राम है, जिसे सबसे पहले 1985 में जनरल मोटर्स कंपनी के कर्मचारियों के लिए तैयार किया गया था, ताकि वे फिट और स्वस्थ रह सकें. यह डाइट प्लान तेजी से वजन घटाने में मदद करता है और शरीर को डिटॉक्स भी करता है. इस डाइट के अनुसार, हर दिन विशेष प्रकार की खाने की चीजों को शामिल किया जाता है. इसके साथ ही, पूरे हफ्ते में पानी का अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है. बता दें कि इसे हॉपकिंस रिसर्च सेंटर, अमेरिकी कृषि विभाग और स्न्रष्ठ की मदद से तैयार किया गया था.

फलों के साथ पहला दिन

पूरे दिन केवल फल खाएं, जैसे तरबूज, सेब, संतरा, पपीता आदि.केला छोड़कर कोई भी फल खा सकते हैं.दिनभर खूब पानी पिएं (8-12 गिलास).पहला दिन शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है.

सब्जी के साथ दूसरा दिन

केवल उबली या कच्ची सब्जियां खाएं.आलू केवल सुबह नाश्ते में खा सकते हैं, उबला हुआ.तेल और मसाले का बिल्कुल इस्तेमाल न करें. इससे मिलने वाला फाइबर और पोषक तत्वों से भरपूर ये दिन शरीर को ऊर्जा देता है.

तीसरा दिन फल और सब्जी

फल और सब्जियों को साथ खाएं.केला और आलू से परहेज करें. इससे शरीर को संतुलित पोषण मिलने लगता है.

चौथा दिन केला और दूध

दिनभर में 6-8 केले और 3-4 गिलास दूध पी सकते हैं. इससे शरीर में ऊर्जा और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी नहीं होती है.कुछ लोग इसमें हल्का वेजिटेबल सूप भी पी सकते हैं.

पांचवा दिन ब्राउन राइस, टमाटर और प्रोटीन

5वें दिन आप 1 कप ब्राउन राइस, 6-7 टमाटर और प्रोटीन स्रोत जैसे पनीर या मूंग दाल को खाएं.नॉन वेज पसंद करने वाले लोग चिकन या मछली खा सकते हैं.इस दिन शरीर में आयरन और फाइबर की कमी पूरी होती है.

छठा दिन ब्राउन राइस और सब्जियां

6वें दिन आप ब्राउन राइस और कोई भी सब्जी को डाइट में शामिल कर सकते हैं. पानी का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें. इससे आपको एनर्जी मिलती और फाइबर संतुलन बना रहता है.

सातवां दिन फल, ब्राउन राइस और जूस

आखिरी दिन ब्राउन राइस, ताजे फल और फ्रूट जूस को डाइट को शामिल करें.यह दिन शरीर को हल्का और ताजगी महसूस कराने में मदद करता है.

भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने में सांस्कृतिक संगठनों को भी निभानी होगी विशेष भूमिका

प्राचीनकाल में भारत विश्व गुरु रहा है इस विषय पर अब कोई शक की गुंजाईश नहीं रही है क्योंकि अब तो पश्चिमी देशों द्वारा पूरे विश्व के प्राचीन काल के संदर्भ में की गई रिसर्च में भी यह तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं। भारत क्यों और कैसे विश्व गुरु के पद पर आसीन रहा है, इस संदर्भ में कहा जा रहा है कि भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के नियमों के आधार पर भारतीय नागरिक समाज में अपने दैनंदिनी कार्य कलाप करते रहे हैं। साथ ही, भारतीयों के डीएनए में आध्यतम पाया जाता रहा है जिसके चलते वे विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले अपने कार्यों को धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। लगभग समस्त भारतीय, काम, अर्थ एवं कर्म को भी धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। काम, अर्थ एवं कर्म में चूंकि तामसी प्रवृत्ति का आधिक्य बहुत आसानी से आ जाता है अतः इन कार्यों को तासमी प्रवृत्ति से बचाने के उद्देश्य से धर्म से जोड़कर इन कार्यों को सम्पन्न करने की प्रेरणा प्राप्त की जाती है। जैसे, भारतीय शास्त्रों में काम में संयम रखने की सलाह दी जाती है तथा अर्थ के अर्जन को बुरा नहीं माना गया है परंतु अर्थ का अर्जन केवल अपने स्वयं के हित के लिए करना एवं इसे समाज के हित में उपयोग नहीं करने को बुरा माना गया है। इसी प्रकार, दैनिक जीवन में किए जाने वाले कर्म भी यदि धर्म आधारित नहीं होंगे तो जिस उद्देश्य से यह मानव जीवन हमें प्राप्त हुए है, उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी।प्राचीनकाल में भारत में राजा का यह कर्तव्य होता था कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो और यदि किसी राज्य की प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो वह नागरिक अपने कष्ट निवारण के लिए राजा के पास पहुंच सकता था। परंतु, जैसे जैसे राज्यों का विस्तार होने लगा और राज्यों की जनसंख्या में वृद्धि होती गई तो उस राज्य में निवास कर रहे नागरिकों के कष्टों को दूर करने के लिए धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन भी आगे आने लगे एवं नागरिकों के कष्टों को दूर करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने लगे। समय के साथ साथ धनाडय वर्ग भी इस पावन कार्य में अपनी भूमिका निभाने लगा। फिर, और आगे के समय में एक नागरिक दूसरे नागरिक की परेशानी में एक दूसरे का साथ देने लगे। परिवार के सदस्यों के साथ पड़ौसी, मित्र एवं सहृदयी नागरिक भी इस प्रक्रिया में अपना हाथ बंटाने लगे। इस प्रकार प्राचीन भारत में ही व्यक्ति, परिवार, पड़ौस, ग्राम, नगर, प्रांत, देश एवं पूरी धरा को ही एक दूसरे के सहयोगी के रूप में देखा जाने लगा। ÷वसुधैव कुटुंबकम÷, ÷सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय÷, ÷सर्वे भवंतु सुखिन÷ का भाव भी प्राचीन भारत में इसी प्रकार जागृत हुआ है। ÷व्यक्ति से समष्टि÷ की ओर, की भावना केवल और केवल भारत में ही पाई जाती है। उक्त संदर्भ में संघ द्वारा नवम्बर 2025 से जनवरी 2026 के दौरान किन्हीं तीन सप्ताह तक बड़े पैमाने पर घर घर सम्पर्क अभियान की योजना बनाई गई है, इसका विषय ÷हर गांव, हर बस्ती, हर घर÷ होगा। साथ ही, संघ द्वारा समस्त मंडलों और बस्तियों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों में बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक नागरिक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी, का संदेश दिया जाएगा। प्रत्येक खंड एवं नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें भी आयोजित की जाएंगी, इन बैठकों में एक साथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा। इन बैठकों का उद्देश्य सांस्कृतिक आधार और हिंदू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश देना होगा। प्रयागराज में हाल ही में सम्पन्न महाकुम्भ में समस्त क्षेत्रों में लोग एक साथ आए थे, किसी को भी किसी नागरिक की जाति, मत, पंथ, आदि की जानकारी नहीं थी। विभिन्न नगरों के संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। इसी प्रकार, युवाओं के लिए भी राष्ट्र निर्माण, सेवा गतिविधियां एवं पंच परिवर्तन पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना विभिन्न प्रांतों द्वारा तैयार की जा रही है।आज भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरह अन्य धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों को भी आगे आकर मां भारती को एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने में अपना योगदान देने की आवश्यकता है। वर्तमान काल में लगभग समस्त देशों में चूंकि समस्त व्यवस्थाएं साम्यवाद एवं पूंजीवाद के नियमों पर आधारित हैं, जिनके अनुसार, व्यक्तिवाद पर विशेष ध्यान दिया जाता है और परिवार तथा समाज कहीं पीछे छूट जाता है। केवल मुझे कष्ट है तो दुनिया में कष्ट है अन्यथा किसी और नागरिक के कष्ट पर मेरा कोई ध्यान नहीं है। जैसे यूरोपीयन देश उनके ऊपर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पूरे विश्व का आह्वान करते हुए पाए जाते हैं कि जैसे उनकी समस्या पूरे विश्व की समस्या है परंतु जब इसी प्रकार की समस्या किसी अन्य देश पर आती है तो यूरोपीयन

देश उसे अपनी समस्या नहीं मानते हैं। यूरोपीयन देशों में पनप रही आतंकवाद की समस्या पूरे विश्व में आतंकवाद की समस्या मान ली जाती है। परंतु, भारत द्वारा झेली जा रही आतंकवाद की समस्या यूरोप के लिए आतंकवाद नहीं है। यह पश्चिमी देशों के डीएनए में है कि विकास की राह पर केवल मैं ही आगे बढ़ूँ, जबकि भारतीयों के डीएनए में है कि सबको साथ लेकर ही विकास की राह पर आगे बढ़ा जाय। यह भावना भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों में भी कूट कूट कर भरी है। इसी तर्ज पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। संघ के लिए राष्ट्र प्रथम है, और भारत में निवास करने वाले हम समस्त नागरिक हिंदू हैं, क्योंकि भारत में निवासरत प्रत्येक नागरिक से सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है। भले ही, हमारी पूजा पद्धति भिन्न भिन्न हो सकती है, परंतु संस्कार तो समान ही रहने चाहिए। इसी विचारधारा के चलते आज संघ देश के कोने कोने में पहुंचने में सफल रहा है। संघ ने न केवल राष्ट्र को एकजुट करने का काम किया है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय तथा उसके बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों में भी अपनी सक्रिय भूमिका सफलतापूर्वक निभाई है। इस वर्ष संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है परंतु संघ इसे अपनी उपलब्धि बिल्कुल नहीं मानता है बल्कि संघ के लिए तो शताब्दी वर्ष भी जैसे स्थापना वर्ष है और उसी उत्साह से अपने कार्य को विस्तार तथा सुदृढीकृत करते हुए आगे बढ़ने की बात कर रहा है। संघ का अपनी 100 वर्षों की स्थापना सम्बंधी उपलब्धि को उत्सव के रूप में मनाने का विचार नहीं है बल्कि इस उपलक्ष में संघ के स्वयंसेवकों से अपेक्षा की जा रही है कि वे आत्मचिंतन करें, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार प्रकट करें एवं राष्ट्र के लिए समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करें। शताब्दी वर्ष में समस्त स्वयंसेवकों से अधिक सावधानी, गुणवत्ता एवं व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेने हेतु आग्रह किया जा रहा है।

आज संघ कामना कर रहा है कि पूरे विश्व में निवास कर रहे प्राणी शांति के साथ अपना जीवन यापन करें एवं विश्व में लड़ाई झगड़े का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अतः हिंदू सनातन संस्कृति का पूरे विश्व में फैलाव, इस धरा पर निवास कर रहे समस्त प्राणियों के हित में है। इस संदर्भ में आज हिंदू सनातन संस्कृति को किसी भी प्रकार का प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अब तो विकसित देशों द्वारा की जा रही रिसर्च में भी इस प्रकार के तथ्य उभर कर सामने आ रहे हैं कि भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है और यह हिंदू सनातन संस्कृति के अनुपालन से ही सम्भव हो सका है। अतः आज विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से हिंदू सनातन संस्कृति को पूरे विश्व में ही फैलाने की आवश्यकता है। परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने भी संघ की स्थापना के समय कहा था कि संघ कोई नया कार्य शुरू नहीं कर रहा है, बल्कि कई शताब्दियों से चले आ रहे काम को आगे बढ़ा रहा है। संघ का यह स्पष्ट मत है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिंदू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा अतः हमारा कर्तव्य है

कि सभी प्रकार के भेदों को नकारने वाला समरसता युक्त आचरण, पर्यावरण पूरक जीवनशैली पर आधारित मूल्याधिशिष्ठ परिवार, स्व बोध से ओतप्रोत और नागरिक कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्ध समाज का निर्माण करें एवं इसके आधार पर समाज के सब प्रश्नों का समाधान, चुनौतियों का उत्तर देते हुए भौतिक समृद्धि एवं आध्यात्मिकता से परिपूर्ण समर्थ राष्ट्रजीवन खड़ा करें। संघ का यह भी स्पष्ट मत है कि हिंदुत्व की रक्षा और उसका सशक्तिकरण ही विश्व में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है 99 वर्षों की साधना के बाद संघ का प्रभाव देश में स्पष्ट रूप से दिख रहा है, और राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी भावना और हिंदू संस्कृति को ऊर्जा के स्त्रोतों के रूप में पुनर्परिभाषित करने के प्रयास तेज हो चुके हैं।

संपादकीय

ट्रंप का यू टर्न

टैरिफ युद्ध में भारत के लिए अवसर

कहा जाता है कि जिद्द के पक्के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आमतौर पर अपने फैसलों से पीछे नहीं हटते हैं। यदि ऐसा कोई कदम उठाते हैं तो उसे असामान्य बात ही कहा जाएगा। लेकिन हाल ही में उनके उस फैसले ने सबको चौंकाया है जिसमें उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के सदस्यों समेत दुनिया के साठ देशों के खिलाफ घोषित 'पारस्परिक टैरिफ' को नब्बे दिनों को टालने की घोषणा की है। बहरहाल, उनके इस अप्रत्याशित फैसले ने वैश्विक बाजारों को राहत दी है। जो यह दर्शाता है कि अड़ियल माने जाने वाले डोनाल्ड ट्रंप प्रतिकूल वैश्विक प्रतिक्रिया और घरेलू स्तर पर लगातार तेज होती असंतोष की आवाज से पूरी तरह से बेखबर नहीं हैं।

वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की रफ्तार तेज कर दी है। अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाये जाने वाले कर की दर को बढ़ाकर एक सौ पच्चीस कर दिया है। ऐसा लगता है कि चतुर सुजान ट्रंप को इस बात का अहसास हो गया है कि दुनिया के बहुत सारे देशों को नाराज करने की तुलना में एक मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर निशाना केंद्रित करना अधिक सुरक्षित और समझदारी से भरा फैसला होता है। दरअसल, टैरिफ वॉर के बाद अमेरिका में शेयर बाजार जिस तेजी से ध्वस्त हुए हैं, उसके मद्देनजर उनके 'अमेरिका ग्रेट अगेन' के सपने को खतरा पैदा होने की आशंका पैदा हो गई है। तभी वह अपने टैरिफ थोपने के फैसले को कुछ दिनों के लिये आगे टाल रहे हैं। वैसे अभी भी यह अनुमान लगाना मुश्किल ही है कि उनकी यह नई समझदारी निरंतरता के साथ स्थायी होगी भी या नहीं। लेकिन अनिश्चय के दौर से गुजर रहे वैश्विक बाजार को कुछ समय के लिये राहत जरूर मिली है। जिसका असर दुनिया के शेयर बाजारों पर भी नजर आया है।

जिससे मंदी की तरफ बढ़ रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कुछ समय तक राहत की सांस ले सकती हैं।बहरहाल, भारत ने ट्रंप के द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का तत्काल जवाब न देकर सकारात्मक पहल की है। ऐसा लगता है कि भारत ने ट्रंप के टैरिफ पर आक्रामक रुख अपनाने के बजाय इंतजार करने का फैसला करके समझदारी भरा कदम उठाया है। हालांकि, इस फैसले को लेकर विपक्षी आलोचना के स्वर भी सुनाए देते रहे हैं। दरअसल, दांव पर दोनों देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय समझौता भी है, जिस पर नई दिल्ली और वाशिंगटन काम कर रहे हैं। भारत का लक्ष्य है कि दोनों देशों के बीच व्यापार को ढाई गुना बढ़ाना है। भारत ने चतुराई से असहज स्थितियां पैदा करने वाले कारकों को टाला है।

बहरहाल, हाल में मिली राहत के बीच यह सुनिश्चित करने के लिये निरंतर बातचीत की आवश्यकता होगी कि भारत को लंबे समय तक भारी टैरिफ का बोझ न उठाना पड़े। साथ ही भारतीय हितधारकों को अधिक नुकसान से भी बचाया जाना चाहिए। वहीं चीन ने अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपे जाने के खिलाफ अंत तक व्यापार युद्ध लड़ने की कसम खाई है। उसने मौजूदा परिस्थितियों अमेरिका विरोधी मोर्चा बनाने के लिये यूरोपीय संघ अ आसियान के देशों से संपर्क साधा है। ऐसा लगता है कि चीन को इस बात का अहसास हो चला है कि टैरि युद्ध में वह अकेला ही अमेरिका का मुकाबला करने सक्षम नहीं हो सकेगा। दिलचस्प बात यह है कि ची भारत को संकेत दे रहा है कि दो सबसे बड़े विकासशी देशों को मौजूदा कठिनाइयों को दूर करने के लिये ए साथ खड़ा होना चाहिए। हालांकि, भारत चीन के इ अवसरवाद को बखूबी समझता है। लेकिन एक मुश्कि बात यह है कि चीन और अमेरिका भारत के सबसे ब व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। लेकिन अतीत में ची की भारत के खिलाफ जिस तरह की हरकतें रही हैं अ जिस तरह वह दक्षिण एशिया में भारत की घेराबंदी क रहा है, उसके मद्देनजर चीनी आकांक्षा के प्रति भारत क सतर्क प्रतिक्रिया देनी चाहिए। लगातार विषम हो परिस्थितियों के बीच भारत को अपने आर्थिक हितों क रक्षा के लिये बेहद सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

टैरिफ़ वॉर ठहरा है, स्थगित नहीं हुआ

एक अप्रत्याशित फैसले के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनिया भर के देशों के खिलाफ़ छेड़ा गया टैरिफ़ युद्ध 90 दिनों के लिये रोक लिया है। हालांकि उन्होंने अपनी मंशा साफ कर दी है कि वे %रेसिप्रोकल टैरिफ़% के अपने फैसले पर अडिग हैं। 75 देश ऐसे हैं जो ट्रम्प के इस व्यवसायिक युद्ध विराम से कुछ राहत तो पायेंगे लेकिन उनकी यह आशंका अभी खत्म नहीं हुई है कि 90 दिनों के बाद जब बढ़ी हुई दरें लागू होंगी तो उनके कारोबार का क्या होगा। साथ ही, अपने मुख्य प्रतिस्पर्धी चीन को राहत देने की बजाय उसकी सामग्रियों पर 125 प्रतिशत टैरिफ़ लागू करने का ऐलान कर साफ कर दिया है कि वह अपने वैचारिक प्रतिद्वंद्वी के साथ कारोबार के मोर्चे पर बड़ी लड़ाई से पीछे नहीं हट रहे हैं। हालांकि चीन भी अमेरिकी सामानों पर शुल्क बढ़ाकर माकूल जवाब दे रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के इस ऐलान के साथ ही एशियाई समेत दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ा उछाल आया। अमेरिकी शेयर मार्केट ने तो सबसे बड़ी छलांग लगाई जो ट्रम्प के ऐलान के बाद नीचे चला गया था। ट्रम्प ने यह निर्णय अपने सहयोगियों की सलाह पर लिया जो भारतीय समयानुसार बहुत सुबह हुआ था। यह भी कहा जाता है कि टैरिफ़ बढ़ाने की घोषणा से अमेरिका समेत विश्व भर के शेयरों में जो गिरावट आई और निवेशकों की राशि डूबी थी, (तकरीबन 19 लाख करोड़ रुपये), उससे अमेरिका में ही चिंता की लहर दौड़ गयी थी। अमेरिका के सभी 50 राज्यों में जो ट्रम्प विरोधी प्रदर्शन हुए, उसका प्रमुख कारण बढ़ाया गया टैरिफ़ ही था। ट्रम्प व रिपब्लिकन सरकार की लोकप्रियता इसके कारण देश में तो गिरी ही, अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी उसकी आलोचना हो रही है। अमेरिकियों का मानना है कि इससे अमेरिका दुनिया भर में अपने सहयोगियों के साथ साख भी खो रहा है।

चाहे यह फैसला कुछ दिनों के लिये आगे बढ़ा हो पर ट्रम्प इसे लेकर जिस कदर उत्साहित हैं उससे लगता नहीं कि वे यह कदम वापस लेंगे। अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उन्होंने जो भाषण दिया उसमें लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित राष्ट्राध्यक्ष की बजाय किसी तानाशाह की सी ध्वनि निकलती है। पहले तो उन्होंने कहा कि %इस ऐलान के बाद अमेरिका में इतना पैसा आ रहा है जितना पहले कभी नहीं देखा गया।% वास्तविकता तो यह है कि अभी इस फैसले पर ठीक से अमल शुरू भी नहीं हुआ है पर अमेरिकी नागरिकों में चिंता है कि बहुत सी वस्तुएं उन्हें महंगी मिलेंगी, खासकर जिनके लिये अमेरिका पूरी तरह से आयात पर

निर्भर है। इतना ही नहीं, ट्रम्प ने निर्लज्जतापूर्वक एक ऐसी गर्वोक्ति की जो कि शर्मनाक व असंसदीय है; जिसे न उद्धृत किया जा सकता है और न ही अभिव्यक्त। अमेरिकी शब्दावली में कहे गये उनके बयान का आशय यह था कि दुनिया एक तरह से उनके कदमों में आ गयी है।

90 दिन टलने के कारण जो उछाल आया वही बताने के लिये काफी है कि ट्रम्प का टैरिफ़ वॉर किस कदर से शेयर बाजारों पर कहर बनकर टूटा है, तभी तो वह कदम, चाहे कुछ ही दिनों के लिये टालते ही शेयर बाजारों की सांसें लौट आईं। खुद अमेरिकी बाजारों का झूम उठना बताता है कि राष्ट्रपति का यह फैसला अमेरिकी निवेशक भी नहीं झेल पायेंगे। इसके साथ यह भी साफ हो गया है कि 1991 में अमेरिका प्रवर्तित वैश्विक अर्थव्यवस्था की ट्रम्प रत्ती भर परवाह नहीं करते। वैसे भी %अमेरिकी फर्स्ट% के नारे पर जीतकर दूसरी बार जीतने वाले ट्रम्प के इस कदम से 3 माह दुनिया का व्यवसाय ऊहापोह में रहेगा। अलबत्ता, ट्रम्प के खासमखास मस्क को इस उछाल से बड़ा लाभ मिलने की सूचना है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें ट्रम्प बता रहे हैं कि उनके इस कदम से उनके कुछ मित्रों को कितना लाभ मिला है।

वैसे जिस चीन को सबक सिखाने के नाम पर ट्रम्प ने इतना बड़ा प्रपंच रचा और सारी दुनिया को लपेटे में लिया है, वह चीन बिलकुल निश्चिंत है। अपने कुल उत्पादन का लगभग 70 फीसदी वह निर्यात करता है- वह भी अपनी जनता की ज़रूरतें पूरी करने के बाद। चीन अमेरिकी वस्तुओं पर उतना निर्भर नहीं जितना कि अमेरिका चीन पर। उसे यदि अमेरिकी बाजार महंगे लगेंगे तो वह अपना उत्पादन दूसरे देशों में उतार सकता है। चीन अपने सस्ते उत्पादनों, शानदार लॉजिस्टिक्स और तेज़ डिलीवरी के चलते किसी भी देश का मुकाबला करता है। बहुत से एशियाई, अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देश महंगी अमेरिकी वस्तुओं की बजाय सस्ती चीनी सामग्रियों को पसंद कर सकते हैं। ट्रम्प का टैरिफ़ वॉर बहुत से देशों के लिये विनाशकारी हो सकता है लेकिन चीन का इससे बेपरवाह होना लाजिमी है। बहुत से विशेषज्ञों का तो यह भी मानना है कि यह अमेरिकी दांव चीन के लिये वरदान साबित हो सकता है। विशेषकर, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, छोटे-कल पुर्जों से बड़ी मशीनों आदि के लिये उसे नये बाजार मिल सकते हैं।

सम्भवतः इससे यह बात साबित हो सकती है कि कोई भी अदूरदर्शितापूर्ण फैसला लेने के जो नुकसान होते हैं वे वापस लेने या कुछ दिन टाल देने से और भी विनाशकारी साबित होते हैं। देखना होगा कि तीन माह बाद जब ट्रम्प-टैरिफ़ लागू होते हैं तो उसका असर कितना और किन देशों पर पड़ता है। सम्भवतः ज्यादातर देश इससे निपटने की तैयारियां कर लें। भारत को भी यही करना होगा। यदि सरकार सोचती है कि ट्रम्प से दोस्ती का वास्ता देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोई रियायत हासिल कर लेंगे तो वे खुशफहमी में हैं क्योंकि विदेश मंत्री एस. जयशंकर कह रहे हैं कि %इससे भारत को होने वाले नुकसान का अभी अंदाजा लगाना मुश्किल है लेकिन उम्मीद है कि नहीं होगा।% गुरुवार को महावीर जयंती के कारण शेयर बाजार बन्द था इसलिये तेजी का लाभ उसे नहीं मिला। देखना होगा कि शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार का मूड क्या रहेगा।

दूध... क्या खूब

दूध न सिर्फ बच्चों, बल्कि बड़ों के लिए भी जरूरी है। हालांकि दूध से जुड़े कई मिथ हैं, जिन्हें खत्म किया जाना चाहिए। साथ ही, यह भी जानना चाहिए कि किस उम्र में कितना दूध पीना चाहिए।

मिथ मंथन

अस्थमा के मरीज करें दूध और दूध से बनी चीजों से परहेज

इसे सही नहीं कहा जा सकता। इस बारे में कोई साइंटिफिक सबूत नहीं हैं कि दूध पीने से बलगम ज्यादा बनने लगता है या अस्थमा के मरीजों को दिक्कत होती है।

गाय/भैंस के दूध जितना अच्छा नहीं है सोयामिल्क

डॉ. रोमेल टिक्कू, सीनियर कंसल्टेंट, इंटरनल मेडिसिन, मैक्स के मुताबिक सोयामिल्क में भी गाय या भैंस के दूध की तरह तमाम फायदेमंद पोषक तत्व होते हैं, जैसे कि कैल्शियम, विटामिन डी और प्रोटीन। सोयामिल्क का फायदा यह है कि इसमें कॉलेस्ट्रॉल या सैचुरेटिड फैट नहीं होता, जबकि गाय/भैंस के दूध में ये पाए जाते हैं।

दूध ही कैल्शियम का इकलौता सोर्स

दूध ही कैल्शियम का इकलौता और बेस्ट सोर्स नहीं है। असलियत यह है कि गाय के दूध में मौजूद कैल्शियम को हमारा शरीर बमुश्किल ही सोख पाता है। हरी सब्जियां जैसे कि पालक, ब्रोकली, साग, सोयाबीन आदि में काफी अच्छी मात्रा में कैल्शियम होता है।

दूध/दूध से बनी चीजें खाने से मुंहासे हो सकते हैं

डाइट का मुंहासों में ज्यादा अहम रोल नहीं होता। दूसरे फैक्टर जैसे कि स्किन टाइप, जिनेटिक्स, हॉर्मोंस और पलूशन आदि मुंहासों की मुख्य वजह बनते हैं। ऐसे में दूध को लेकर सवाल उठाना सही नहीं है। स्किम्ड या टोंड दूध फुल क्रीम दूध जैसा बढ़िया नहीं होता

स्किम्ड मिल्क में एक फीसदी से भी कम फैट होता है। पांच साल से बड़े बच्चे इसे आराम से पी सकते हैं। इसमें विटामिन ए और डी ऊपर से डाले जाते हैं ताकि फैट निकालने के दौरान घटने वाले विटामिन्स की पूर्ति हो सके।

फ्लेवर्ड मिल्क सामान्य दूध जितना अच्छा नहीं

फ्लेवर्ड मिल्क में भी आम दूध की तरह की तमाम न्यूट्रिएंट होते हैं। बच्चे इसे आराम से पी सकते हैं। हालांकि चीनी की मात्रा ज्यादा होने की वजह से फिजिकली ज्यादा ऐक्टिव न रहने वाले लोग इसे कम पीएं तो अच्छा है।

जितना चाहें, दूध पी सकते हैं

मानसी चौधरी, सीनियर डाइटीशियन, फोर्टिस हॉस्पिटल का कहना है कि जरूरत से ज्यादा दूध पीने से शरीर में आयरन की कमी हो सकती है। कैल्शियम आयरन सोखने के प्रॉसेस में रुकावट डालता है। बच्चे अगर दूध ज्यादा पीते हैं तो उनका वजन कम रह जाता है क्योंकि दूध से पेट भरने के बाद वे पूरा खाना नहीं खाते। प्रोटीन रिच होने के कारण भूख भी कम लगती है।

दूर करें कन्फ्यूजन

- गाय और भैंस के दूध के मुकाबले पैकेट वाला दूध बेहतर है क्योंकि गाय/भैंस के दूध में मिलावट की गुंजाइश होती है। हां, अगर अपने सामने दूध निकलवा कर लेते हैं तो गाय/भैंस का दूध लेने में कोई खराबी नहीं है।
- भैंस के दूध में गाय के दूध के मुकाबले ज्यादा फैट होता है। गाय के 100 मिली दूध में करीब 65-70 कैलरी होती हैं और मां के दूध में भी करीब इतनी ही कैलरी होती हैं। लेकिन भैंस के 100 मिली दूध में 117 कैलरी होती हैं। गाय के दूध में फैट भी कम होता है लेकिन कॉलेस्ट्रॉल भैंस के दूध से ज्यादा होता है। जिन्हें मोटापे की समस्या है, उन्हें भैंस के दूध से परहेज करना चाहिए और कॉलेस्ट्रॉल के मरीजों को गाय के दूध से।
- कॉलेस्ट्रॉल और फैट से बचने के लिए टोंड या डबल टोंड दूध पीना बेहतर है। फुल क्रीम दूध में 7-8 फीसदी, टोंड में 3 फीसदी और डबल टोंड दूध में 1.5 फीसदी तक फैट होता है। बच्चों को फुल क्रीम मिल्क ही देना चाहिए।
- 6 महीने तक के बच्चों को मां का दूध ही देना चाहिए। 6 महीने से 1 साल तक मदर मिल्क के साथ फॉर्मूयुला मिल्क दें। 1 साल के बाद पैकेट वाला फुल क्रीम दूध दे सकते हैं। कई लोग इनके लिए गाय के दूध को इनके लिए बेहतर मानते हैं, जोकि सही नहीं है।
- टेट्रा पैक दूध की क्वॉलिटी बाकी दूध से बेहतर नहीं होती। बस, पैकिंग का फर्क है। यह सच है कि इस पैकिंग में दूध लंबे वक्त तक खराब नहीं होता, लेकिन यह गलत है कि ट्रेटा पैक दूध दूसरे दूध से बेहतर है।

किस उम्र में कितना दूध

एक्सपर्ट्स के मुताबिक दूध एक कंप्लीट फूड है। एम्स में सेंटर फॉर कम्यूनिटी मेडिसिन के अडिशनल प्रफेसर डॉ. संजय के. राय के मुताबिक सिर्फ दूध और अंडा ही ऐसे फूड आइटम हैं, जो कंप्लीट हैं। दूध में सारे जरूरी प्रोटीन और अमीनो एसिड्स पाए जाते हैं। दूध में बस आयरन और विटामिन सी कम पाया जाता है। बाकी इसमें सारे विटामिन्स भरपूर मिलते हैं, इसलिए दूध जरूर पीना चाहिए।

0 से 1 साल – इतने छोटे बच्चों को गाय/भैंस या पैकेट का दूध नहीं देना चाहिए। इनके लिए मां का दूध सबसे अच्छा है। किसी वजह से मां फीड नहीं कर सकती तो फॉर्मूयुला मिल्क दे सकते हैं।

0-6 महीना - 600 मिली तक रोजाना

6-12 महीना - एक से सवा लीटर रोजाना

1 से 2 साल - इन बच्चों को ब्रेन के बेहतर विकास के लिए ज्यादा फैट वाली डाइट की जरूरत होती है, इसलिए फुल क्रीम मिल्क देना चाहिए। इनके लिए दिन में 3-4 कप दूध (करीब 800-900 मिली) जरूरी है।

2 से 8 साल – 2 से 3 साल के बच्चों को रोजाना दो कप दूध या दूध से बनी चीजें देनी चाहिए। 4-8 साल के बच्चों को ढाई कप दूध/दूध से बनी चीजें जैसे कि पनीर, दही आदि रोजाना देना जरूरी है।

9 साल से ज्यादा – 9 साल से बड़े बच्चों को रोजाना करीब तीन कप दूध/दूध से बनी चीजें देनी चाहिए। ऐक्टिव टीन एजर्स को रोजाना करीब 3000 कैलरी की जरूरत होती है। इन्हें 4 कप तक दूध/दूध से बनी चीजें दे सकते हैं। हड्डियों की मजबूती के लिए दूध जरूरी है इसलिए बच्चों ही नहीं, बड़ों को भी दूध जरूर पीना चाहिए। अडल्ट्स को फुल क्रीम के बजाय टोंड या स्किम्ड मिल्क पीना चाहिए क्योंकि इससे फालतू कैलरी खाने से बच जाते हैं। एक गिलास फुल क्रीम दूध में 146 कैलरी और 8 ग्राम फैट (जिसमें से 5 ग्राम सैचुरेटिड) होता है, जबकि इतने ही टोंड (1 फीसदी मिल्क) में 102 कैलरी और 2 ग्राम सैचुरेटिड फैट होता है, जबकि स्किम्ड मिल्क में 83 कैलरी और जीरो फैट होता है।

नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ के मुताबिक आमतौर पर अडल्ट रोजाना 1000 से 1200 एमजी कैल्शियम लेते हैं। एक गिलास दूध में 285 एमजी कैल्शियम होता है। शरीर इस कैल्शियम का इस्तेमाल हड्डियों और दांतों को मजबूत करने के लिए करता है। रेग्युलर रूप से भरपूर मात्रा में दूध पीने से उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों को होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचा जा सकता है। दूध में मौजूद फॉस्फोरस कैल्शियम को सोखने और हड्डियों को बचाए रखने में मदद करता है।

कैसे पहचानें दूध की क्वॉलिटी

दूध के कलर, स्वाद और गाढ़ेपन से उसकी क्वॉलिटी पहचान सकते हैं। अगर इनमें से कहीं भी गड़बड़ लगे तो दूध में मिलावट हो सकती है। इसके अलावा, दूध में उंगली डालकर भी देख सकते हैं। अगर दूध में बहुत ज्यादा पानी होगा तो पानी ऊपर की तरफ आ जाएगा।

ईवनिंग वॉक से रह सकते हैं फिट



आम तौर पर महिलाओं की शिकायत होती है कि सुबह घर-ऑफिस की भाग-दौड़ के बीच उन्हें बिल्कुल समय नहीं मिलता। सुबह वॉक पर नहीं जा पाती हैं, इसलिए एक्सर्साइज भी नहीं करती हैं। यदि सुबह के समय आपको बिल्कुल भी वक्त नहीं मिलता, तो आप शाम को ईवनिंग वॉक के लिए जा सकती है।

शाम को टहलना सेहत और फिट रहने के लिहाज से काफी अच्छा है। कई सारे रिसर्च और स्टडी में भी यह बात साबित हो चुकी है कि ईवनिंग वॉक हेल्थी रहने के लिए अच्छा है। हर रोज शाम को 30 से 40 मिनट तक टहलना पर्याप्त है। यदि आपके पास समय हो तो धीरे-धीरे इस अवधि को अपनी सुविधानुसार बढ़ा भी सकती हैं।

- ईवनिंग वॉक दिन भर के तनाव और थकान को दूर करने में उपयोगी है।
- यदि आपको भूख नहीं लगने की परेशानी है, तो शाम के समय आधे घंटे जरूर टहलें। इससे भूख नहीं लगने, पेट भरा-भरा रहने की परेशानी में आराम मिलेगा।
- वजन की परेशानी है और आपके पास एक्सर्साइज करने या जिम जाने का समय नहीं है। तो फिर शाम के 40 मिनट अपने लिए निकालें और इस दौरान वॉक पर जाएं। 3 महीने यदि ऐसा लगातार कर सकेंगी, तो आपको खुद इसका असर दिखने लगेगा।
- मानसिक तौर पर भी शाम के समय वॉक करने के बाद आपको सुकून और शांति महसूस होगी।
- कुछ समय के बाद खुद ही आपको टहलने के दौरान अपनी स्पीड बढ़ती नजर आएगी और यदि आपको स्टेमिना की शिकायत है तो उसमें भी सुधार नजर आने लगेगा।

जाने वजन को कैसे नियंत्रित करती है आपकी नींद

अच्छी नींद हमारी सेहत के लिए कितनी जरूरी है यह तो शायद सभी जानते ही होंगे पर हाल ही में हुए नए शोध से पता चला है कि अच्छी नींद वजन नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि आप कम सोते हैं यानी पर्याप्त नींद नहीं लेते तो यह वजन को नियंत्रित करने वाले 2 हारमोनों लेप्टिन व घरेलिन को प्रभावित करती है।

लेप्टिन नामक हारमोन का सीधा संबंध तृप्ति अथवा संतुष्टि से होता है जो वजन कम करने में अहम भूमिका निभाती है और कम सोने से लेप्टिन का स्तर भी कम हो जाता है। यही नहीं, पर्याप्त नींद न लेने से भूख से संबंध रखने वाले हारमोन घरेलिन के स्तर में वृद्धि हो जाती है।

अध्ययन में कैलिफोर्निया के स्वास्थ्य विभाग के शोधकर्ताओं ने ग्रामीण पृष्ठभूमि के लोगों की नींद की अवधि और बॉडी मास इंडैक्स के बीच के संबंधों का मूल्यांकन किया है। बी.एम.आई. हमारे शरीर के वजन व ऊंचाई के बीच संबंध को दर्शाता है। बी.एम.आई. के मुताबिक 18.5 से 25 को साधारण, 25 से 30 को अधिक वजन, 30 से अधिक को ज्यादा मोटा माना जाता है।

ग्रामीण लोगों पर यह शोध इसलिए किया गया क्योंकि उनमें खतरनाक व्यवहार के प्रति रुझान अत्यधिक होता है। लोगों से उनकी नींद की अवधि, शारीरिक गतिविधियां, जो कि उनके पेशे से जुड़ी थीं उनमें अवसाद के लक्षण, अल्कोहल युक्त पदार्थों की खपत तथा खर्राटों संबंधी पूरी जानकारी ली गई। इसके साथ ही उनके कद तथा वजन को भी मापा गया।

शोधकर्ताओं ने पाया कि उच्च बॉडी मास इंडैक्स तथा लघु अवधि की नींद के बीच सीधा संबंध है। शोध में पता चला कि जो 6 घंटे से भी कम नींद लेते हैं उनका बॉडी मास इंडैक्स औसत यानी 30.24 की सीमा तक था तथा 28.25 तक उन लोगों में पाया गया जो एक ही समय में 9 घंटे की नींद लेते हैं।

अगर आप भी उच्च रक्तचाप की दवा ले रहे हैं तो यह खबर है आपके लिए

रक्तचाप को कम करने वाली कुछ दवाओं का भयानक दुष्प्रभाव हो सकता है। शोधकर्त्ताओं ने रक्तचाप की दवाएं लेने और एज-रिलेटेड मैक्युलर डिजेने रेशन (एएमडी) की शुरुआती अवस्था के विकास के बीच संबंध पाया है जिससे नजर कमजोर हो सकती है और अंधापन भी हो सकता है। एएमडी, आंखों की मैक्युला की गिरावट है, जो साफ दिखने के लिए उत्तरदायी होता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ विसकनसिन के स्कूल ऑफ मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ के रोनाल्ड कीन सतर्क करते हुए कहते हैं, ''यह इन परिणाम महत्वपूर्ण हो सकते हैं, यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें पहले दोहराया जाए और किसी के चिकित्सकीय आहार नियम बदलने से पहले उसका संभव चिकित्सकीय ट्रायल हो।'' इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए शोधकर्त्ताओं ने 1988 से 2013 तक 43-86 साल की उम्र के लगभग 5,000 लोगों का दीर्घकालिक जनसंख्या आधारित शोध किया।

आयु, लिंग और अन्य कारकों का समायोजन करने के बाद शोधकर्त्ताओं ने पाया कि एप्रेसोलिन और लोनिटेन जैसी रक्तवाहिकाओं को चौड़ा करने वाली रक्तचाप संबंधी दवाओं (वासोडिलेटर), प्रारंभिक-अवस्था का एएमडी बनाने में 72 फीसदी सहयोगी हैं। जो लोग वासोडिलेटर नहीं लेते उनमें शुरुआती चरण का एएमडी बनने की संभावना 8.2 फीसदी थी। जो लोग वासोडिलेटर दवाएं ले रहे थे उनमें बीमारी 19.1 फीसदी हुई।

अध्ययन रक्तचाप कम करने वाली दवाओं से भी एएमडी का जोखिम होने का अनुमान लगाया गया है। शोधकर्त्ताओं ने चेताया कि है उनके शोध में दवाओं के प्रभाव और उन्हें लेने वाले लोगों की स्थितियों पर विचार नहीं हो पाया है।

इस मौसम में लू से न हों लस्त

इन दिनों देश के अनेक भागों में गर्मियों का मौसम उफान पर है। मौजूदा मौसम में शरीर के प्रति लापरवाही बरतने पर लू लगने की समस्या उत्पन्न हो जाती है, लेकिन कुछ सजगताएं बरतकर आप लू को शिकस्त दे सकते हैं..

जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे गर्मी से होने वाली बीमारियों का भी खतरा बढ़ रहा है। अत्यधिक गर्म तेज हवाओं को लू कहा जाता है। लू लगने से होने वाली बीमारियों को उनकी तीव्रता के आधार पर तीन भागों में विभाजित किया जाता है..

1. मांसपेशियों में मरोड़ (क्रैम्प्स)= गर्मी की वजह से शरीर में पानी और नमक की कमी होना और मांसपेशियों में ऐंठन आना।

2. गर्मी का अत्यधिक प्रभाव= जब गर्मी का प्रभाव शरीर पर ज्यादा हो जाता है, तो इस स्थिति को लू लगना कहते हैं।

3. हीट स्ट्रोक - लू लगने की अत्यधिक गंभीर स्थिति को हीट स्ट्रोक कहते हैं। यह सबसे गंभीर समस्या है, जिसमें शरीर का तापमान 104 डिग्री फॉरेनहाइट के ऊपर तक पहुंच जाता है। इस कारण शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। इस रोग का अगर समय से उपचार न किया जाए, तो यह जानलेवा हो सकता है। जिस किसी व्यक्ति का तापमान 104 डिग्री फॉरेनहाइट से ज्यादा हो गया हो, तब उसे शीघ्र ही अस्पताल ले जाना चाहिए।

कारण

सबसे महत्वपूर्ण कारण है गर्म स्थानों पर होना। लू लगने का खतरा तब और भी बढ़ जाता है, जब कोई व्यक्ति गर्म वातावरण में सख्त शारीरिक काम कर रहा हो। इस स्थिति में आपके शरीर की गर्मी बाहर नहीं निकल पाती। इस कारण शरीर का आंतरिक तापमान बढ़ने लगता है। अन्य कारणों में पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना, दिन में शराब का सेवन और ज्यादा गर्म व तंग वस्त्र पहनना है।

लक्षण

▸ अत्यधिक पसीना आना। ▸ चक्कर आना। ▸ थकान होना। ▸ मांसपेशियों में मरोड़ होना। ▸ सिरदर्द होना, उल्टी आना। ▸ ब्लडप्रेशर कम (लो) हो जाना। ▸ समुचित इलाज न होने पर बेहोश होना। ▸ बुखार आना, पेशाब कम होना।

अगर उपर्युक्त लक्षण एक घंटे के घरेलू उपचार के बाद भी ठीक न हों, तो शीघ्र ही पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल ले जाएं।

जोखिम भरी स्थितियां

1. चार साल से कम उम्र के बच्चों में और 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गो में लू लगने का खतरा अधिक होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इन दोनों का शरीर तापमान के बदलाव को नियंत्रित नहीं कर पाता।

2. कुछ शारीरिक बीमारियों के कारण भी लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। जैसे- गुर्दे की और दिल की बीमारी आदि।

3. वातावरण के तापमान का शीघ्रता से बढ़ना। इस कारण शरीर को बढ़ते तापमान से सामंजस्य स्थापित करने का समय नहीं मिलता।

जटिलताएं

अगर लू लगने का समय पर समुचित उपचार न किया जाए, तो जानलेवा हीट स्ट्रोक हो सकता है।

उपचार

-शीघ्र ही पीड़ित व्यक्ति को ठंडे व छायादार स्थान पर ले जाएं।

-अगर पीड़ित व्यक्ति बेहोश न हो, तो पीने का पानी व नीबू पानी, लस्सी, जूस या ओआरएस का घोल दें।

-चाय, कॉफी या शराब जैसे पेय पदार्थ न दें। इनसे शरीर में पानी की कमी बढ़ सकती है।

-शरीर पर ठंडा पानी डालें।

-कपड़े ढीले कर दें।

-हवा के लिए पंखा या कूलर लगाएं।

बचाव

-बाहर जाते समय 30 एसपीएफ वाला सनस्क्रीन लगाएं।

-पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थ लें।

-जो व्यक्ति किडनी, दिल व दिमाग की बीमारियों का उपचार करा रहे हों, उन्हें अपने डॉक्टर से इस बारे में परामर्श लेना चाहिए कि क्या-क्या सजगताएं उन्हें बरतनी हैं।

आयुर्वेद के उपयोगी नुस्खे

हर मौसम का सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव होता है। किसी भी मौसम का आनन्द उठाने के लिए दोनों ही की जानकारी जरूरी है। इन दिनों गर्मियों का प्रभाव अधिक होने के कारण व्यक्ति लू की चपेट में जल्दी आ सकता है।

स्किन से लेकर बालों तक, नीम के पत्ते चबाने से होते हैं कई फायदे

सदियों से नीम का इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जा रहा है। मेडिकल साइंस में भी नीम का इस्तेमाल कई दवाइयों को बनाने में किया जाता है। नीम में कई ऐसे गुण होते हैं, जो सेहत के लिए तो लाभकारी साबित होते ही हैं साथ ही स्किन को भी बहुत फायदा पहुंचाते हैं। नीम खून को भी साफ करता है। आइए जानते हैं नीम के पत्ते चबाने के अनगिनत फायदों के बारे में-

स्किन के लिए फायदेमंद

नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये स्किन इंफेक्शन, मुंहासे और कई प्रकार की स्किन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाता है। कीड़े के काटने, खुजली होने, दाद आदि स्किन संबंधी समस्याओं पर नीम के पत्तों का पेस्ट हल्दी के साथ मिलाकर लगाने से फायदा होता है। नीम चेहरे के दाने और धब्बे भी दूर करता है।

बालों के लिए फायदेमंद

नीम के पत्ते चबाने से बालों को भी फायदा पहुंचता है। नीम स्कैल्प को फ्री रेडिकल से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखता है। नीम में मौजूद एंटी-फंगल गुण से डैंड्रफ की समस्या दूर होती है। इसके लिए नीम के पत्तों को पानी में उबालकर, उस पानी से बाल धोने से डैंड्रफ तो दूर होता ही है, साथ ही बालों की अन्य समस्याओं से भी राहत मिलती है।

इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाए

नीम में एंटीऑक्सीडेंट के साथ एंटीमाइक्रोबियल, एंटीवायरल गुण भी पाए जाते हैं। नीम के पत्ते चबाने से इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है। दरअसल, नीम के पत्ते चबाने से शरीर में मौजूद बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं, जिससे शरीर कई बीमारियों से सुरक्षित रहता है।

डाइजेशन बेहतर करता है

नीम लिवर के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है, जिससे नेचुरली तरीके से डाइजेशन बेहतर होता है।

बच्चों के लिए खतरनाक है पैकेट बंद दूध

नवजात बच्चों को पैकेट बंद दूध पिलाना आम बात है, लेकिन इसे लेकर हाल में जो खबर आई है, वो चौंकाने वाली है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के हालिया अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारत में बिकने वाला करीब 10 प्रतिशत दूध स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। चिकित्सकों का कहना है कि इस पैकेटबंद दूध से नवजातों या बच्चों में भी बड़ी आसानी से 'डेवलपमेंट डिसऑर्डर' हो सकता है।

प्रीमैच्योर बॉडी के लिए नुकसानदेह

डॉक्टरों का कहना है कि नवजात या कम उम्र के बच्चों के लिए मिलावटी या पैकेट में बंद दूध बहुत नुकसानदायक है, क्योंकि उनका शरीर प्रीमैच्योर होता है और किसी भी तरह की मिलावट का उनके हर अंग पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

खासतौर पर किडनी, लीवर और ब्रेन पर मिलावट वाले दूध घातक परिणाम डालते हैं। डॉक्टर जीएस लांबा ने कहा कि मिलावटी या कॉन्टैमिनेटेड दूध से होने वाला नुकसान इस बात पर निर्भर करता है कि कॉन्टैमिनेशन कैसा है। अगर दूध में बैक्टीरियल कॉन्टैमिनेशन है तो आपको फूड प्वाइजनिंग, पेट दर्द, डायरिया, इंटेस्टाइन इंफेक्शन, टाइफाइड, उल्टी, लूज मोशन जैसे इंफेक्शन होने का डर होता है।

यूरिया का होता है इस्तेमाल

हाल ही में यह खुलासा हुआ था कि भारत में बिकने वाला करीब 10 प्रतिशत दूध हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस 10 प्रतिशत में 40 प्रतिशत मात्रा पैकेज्ड मिल्क की है, जो हमारे हर दिन के भोजन में इस्तेमाल में आता है। इसे लेकर डॉ. लवकेश आनंद का कहना है कि मिलावटी दूध में यूरिया, वेजिटेबल ऑयल, ग्लूकोज से लेकर अमोनियम सल्फेट, एंटीबायोटिक्स, कीटनाशक, एफ्लाटॉक्सिन एम 1 तक पाया जाता है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही नुकसानदायक है।

रेसिपी

पनीर आलू कोफ्ता

■ **आलू** : 4 (उबले हुए) ■ **पनीर** : 125 ग्राम ■ **खसखस** : ¼ कप ■ **टमाटर** : 3 ■ **हरी मिर्च**: 2 ■ **कॉर्न फ्लोर** : ¼ कप ■ **हरा धनिया** : 2-3 टेबल स्पून (बारीक कटा हुआ) ■ **काजू** : 5-6 (बारीक कटे) ■ **किशमिश** : 15-20 ■ **अदरक पेस्ट**- 1 चम्मच ■ **जीरा** : ¼ चम्मच ■ **हल्दी पाउडर** : ½ चम्मच ■ **धनिया पाउडर** : 1 चम्मच ■ **लाल मिर्च पाउडर** : ½ चम्मच ■ **गरम मसाला** : दो चम्मच ■ **नमक** : स्वाद के अनुसार ■ **तेल** : तलने के लिए

विधि

उबले आलू को छीलकर और पनीर को कद्दूकस कर लें। अब इसमें नमक, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा हरा धनिया, 1/4 कप कॉर्नफ्लोर, कटे हुए काजू और किशमिश को भी डालकर मिक्स कर लें। कढ़ाई में तेल गरम कर मिक्सचर को चपटा कर, उस पर काजू के टुकड़े और 1-2 किशमिश रखकर चारों ओर से बंद करके गोल कर लें। गरम तेल में कोफ्ते को डालकर उलट-पलट कर गोल्डन ब्राउन होने तक तल लें। **ग्रेवी के लिए:** पैन में 4 टेबल स्पून तेल डालेंगे। फिर जीरा, भूनने के बाद हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और अदरक का पेस्ट डालकर मसाले को हल्का सा भून लें। अब मसाले में टमाटर और हरी मिर्च का पेस्ट डालकर फिर इसमें खसखस का पेस्ट और लाल मिर्च पाउडर डालकर मसाले को अच्छे से भुनें। अब मसाले में पानी डाल सकते हैं। नमक, गरम मसाला और थोड़ा सा हरा धनिया डालकर 5-6 मिनट ढककर पकाए। ग्रेवी में कोफ्ते डालकर रोटी या चावल जिसके साथ चाहे सर्व करें।

अडाई डोसा

■ **तुअर दाल**: 3/4 कप
■ **उड़द दाल**: 3/4 कटोरा
■ **मूंग दाल**: 3/4 कटोरा
■ **चना दाल**: 3/4 कटोरा
■ **हल्दी**: चुटकी भर
■ **हींग**: चुटकी भर
■ **जीरा**: दो चम्मच
■ **नमक** : स्वाद के अनुसार

विधि

अडाई डोसा बनाने के लिए सबसे पहले चावल और सभी दालों को अच्छे से साफ कर पानी से धो लें और एक साथ मिलाकर 4 घंटे के लिए भीगा दें। उसमें करी पत्ता और लाल मिर्च भी डाल दें। चार घंटे बाद पानी निथार कर मिक्सी में थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर बारीक पीस लें और डोसे जैसा घोल तैयार कर लें। उसमें नमक और हींग मिलाकर मिक्स कर लें। अब डोसा तवा गरम करें और उसमें एक दो बूंद तेल डालकर कपड़े से पोछ कर साफ कर लें। अब उसमे एक बड़ा चम्मच डोसे का घोल डाले और चम्मच से गोल-गोल करके चारों तरफ फैला दें। ऊपर से एक छोटा चम्मच तेल डालें, फिर पलट कर थोड़ा सुनहरा होने तक सेक लें। तैयार है हेल्दी नाश्ता, जिसे आप नारियल की चटनी के साथ गरमा-गरम सर्व कर सकती हैं।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

लॉफिंग ज़ोन

एक साधु बाजार में घूम रहा था। रास्ते में वह एक दुकानदार से बोला- बच्चा! साधु बाबा को कुछ दक्षिण दे दें। प्रभु की लीला हुई तो तेरी किस्मत पूरी तरह बदल जाएगी।

दुकानदार बोला- साधु बाबा, आप तो मुझे माफही करो। मुझे प्रभु की लीला नहीं चाहिए, पहले ही मैं अपनी एक लीला से परेशान हूं। दूसरी लीला का मैं क्या करूँगा।

□ □ □

एक नवविवाहित पति-पत्नी एक बहुत शानदार मकान में जीवन व्यतीत कर रहे थे। कुछ दिन बाद ही शहर में कुछ प्रसिद्ध कलाकारों का आगमन हुआ, उनके पास डाक से नाटक के दो टिकट आए।

टिकटों के साथ एक पर्चा था, जिस पर लिखा हुआ था- यह उपहार मैं भेज रहा हूँ। भेजने वाला बाद में आएगा।

पति-पत्नी खुश होकर नाटक देखने गए। जब आधी रात को घर लौटे तो देखा कि घर की सभी वस्तुओं का सफाया हो चुका था।

मेज पर कागज का एक पर्चा पड़ा था, जिस पर लिखा था- अब पता चला टिकट किसने भेजे थे?

□ □ □

काकुरो पहेली - 4025



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो -4025 का हल



फिल्म वर्ग पहेली- 4025



बायें से दायें:-

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निराली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिंपो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुम्हा तुम्हा तक तक तुम्हा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 4025

सूडोकु -4025

	9				6			
	1					2		
5			7				3	
			4					6
		3				9		
4					8			
	7				9			8
		2					1	
			3				4	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4025 हल

6	5	8	9	1	4	2	7	3
1	2	7	3	5	8	6	4	9
3	4	9	7	2	6	1	5	8
2	3	6	1	4	5	9	8	7
8	9	5	2	7	3	4	1	6
4	7	1	6	8	9	3	2	5
7	6	4	5	3	1	8	9	2
9	8	2	4	6	7	5	3	1
5	1	3	8	9	2	7	6	4

शब्द पहेली -4025

बाएँ से दाएँ

1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

ऊपर से नीचे

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

शब्द पहेली 4025 का हल

पंजाब विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा के खिलाफ एफआईआर दर्ज

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब में 50 ग्रेनेड आने का बयान दिए जाने के बाद विवाद में फंसे कांग्रेस विधायक दल के नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पंजाब पुलिस ने देर रात मोहाली के साइबर क्राइम पुलिस थाने में प्रताप सिंह बाजवा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। प्रताप सिंह बाजवा ने एक टीवी चैनल को दिए गए इंटरव्यू में कहा था कि पंजाब में इस समय कोई भी सुरक्षित नहीं है। शाम 07 के बाद अक्सर लोग घरों में बैठने को मजबूर हो रहे हैं। प्रताप बाजवा ने दावा किया था कि पंजाब में 50 बम आए हैं, जिनमें से 18 बम धमाके हो चुके हैं और 32 अभी बचे हैं। बाजवा के इस बयान के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री समेत राज्य की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने उन्हें घेर लिया। रविवार सुबह काउंटर इंटेलीजेंस की एआईजी रवजोत ग्रेवाल ने प्रताप सिंह बाजवा के साथ उनके घर जाकर पूछताछ भी की। बाजवा ने इस पूछताछ में पुलिस को कोई खास सहयोग नहीं दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और देर रात मोहाली के साइबर क्राइम पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

राम मंदिर के शिखर का निर्माण आखिरी चरण पर है : नपेंद्र मिश्र

अयोध्या। राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में परकोटा और परिसर के अंदर भगवान साधु संतों और महापुरुषों की मूर्तियों कि अप्रैल और मई माह में स्थापना की जानी है। सप्त मंदिर की सातों प्रतिमाएं आज पहुंच जाएंगी। उक्त जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नपेंद्र मिश्र ने दिया। उन्होंने समीक्षा के बाद चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के पूरब मुख्य प्रवेश द्वार पर 500 वर्षों के मंदिर के इतिहास को प्रदर्शित किया गया था। लोगों के सुविधा के लिए यात्री सुविधा केंद्र पर भी मंदिर का इतिहास लगाया गया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में लाइटिंग को लेकर के भी मंथन चल रहा है। पिकनिक स्पॉट के तर्ज पर राम मंदिर में लाइटिंग नहीं की जाएगी। राम मंदिर के दर्शन मार्ग पर छाजन की व्यवस्था की गई है, कैनोपी बनाई गई है। एलएनटी ने एक मार्ग पर कैनोपी का निर्माण किया है। दूसरे मार्ग पर राजीकीय निर्माण निगम कैनोपी का निर्माण कर रहा है, जिससे गर्मी से श्रद्धालुओं को राहत मिले। उन्होंने बताया कि राम मंदिर का निर्माण कार्य 15 मई तक पूरा हो जाएगा। शिखर पर ध्वज दंड लगा दिया जाएगा। तड़ित चालक और हवाई जहाज के लिए एविएशन लाइट लगकर तैयार हो जाएगी। शिखर का निर्माण आखिरी चरण पर है, अब कलश लगाने का काम शुरू होगा।

सीएम मोहन चरण माझी ने लोगों को उड़िया नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

भुवनेश्वर । ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को राज्यवासियों को उड़िया नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उड़िया अस्मिता को बढ़ावा देने और राज्य के विकास के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री ने भुवनेश्वर में मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷मैं ओडिशा के लोगों को उड़िया नववर्ष के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। हमारी सरकार ओडिशा के लोगों के लिए उड़िया अस्मिता को सबसे आगे रखते हुए काम कर रही है। हम राज्य के विकास के लिए लगातार काम करेंगे। सीएमओ ओडिशा एक्स हैंडल से सोमवार सुबह एक पोस्ट में कहा, उड़िया नववर्ष हमारी संस्कृति और परंपराओं का एक अनूठा उत्सव है। सीएम मोहन ने सभी से उड़िया नववर्ष को बड़े धूमधाम से मनाने की अपील की है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के लोगों को उड़िया नववर्ष की बधाई दी है। पीएम मोदी ने ओडिशा के लोगों को उड़िया नववर्ष की बधाई देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महा बिसुबा, पणा संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला वर्ष आपके सभी सपनों की पूर्ति का प्रतीक हो। हर जगह खुशियां, सद्भाव और समृद्धि हो। इस मौके पर उन्होंने ओडिया संस्कृति और उसकी समृद्ध परंपराओं की भी सराहना की।

अंबेडकर जयंती पर सीएम स्टालिन ने अर्पित की श्रद्धांजलि, बताया 'ज्ञान का सूर्य'

चेन्नई । देशभर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। तमिलनाडु में इस अवसर को 'समथुवा नाल' यानी 'समानता दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने चेन्नई के राजा अन्नामलाई पुरम स्थित अंबेडकर मणि मंडपम पहुंचकर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ डॉ. अंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रमुख प्रकाश अंबेडकर भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'ज्ञान की मशाल से जाति की हजार साल पुरानी गंदगी को जलाने वाले क्रांतिकारी नई दुनिया के अतुलनीय बुद्ध, कानूनी प्रतिभा अंबेडकर की जयंती, (हैशटैग) समानता दिवस! ज्ञान के सूर्य अंबेडकर अमर रहें, जो हमेशा दबे-कुचले और पिछड़े लोगों के अधिकारों को जीतने की हमारी यात्रा में हमारा मार्गदर्शन करेंगे!' 'सबके लिए सब कुछ' के लक्ष्य की ओर हमारी द्रविड़ मॉडल यात्रा में, हम अंततः उस समतावादी भारत को देख सकें जिसकी बाबासाहेब ने इच्छा की थी! जयभीम!

हमें नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

हिसार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर के साथ कैसा व्यवहार किया। उन्हें बार-बार अपमानित किया और दो बार चुनाव में हराया । उन्हें व्यवस्था से बाहर रखने के लिए षड्यंत्र रचे गए। यहां तक की उनके जाने के बाद भी उनकी विरासत मिटाने की कोशिश की गई। उन्होंने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए हरियाणा में हिसार की जनसभा में यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बाबा साहेब ने देश को समानता की राह दिखाई लेकिन कांग्रेस ने देशभर में वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा दिया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान वक्फ कानून का भी जिक्र किया और उसे कांग्रेस की कुनीति का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने

सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए बाकी समाज को बेहाल, अशिक्षित और गरीब रखा। उन्होंने कहा कि नए वक्फ कानून में ऐसी व्यवस्था की गई है कि आदिवासी की जमीन को हिन्दुस्तान के किसी भी कोने में वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा। उन्होंने कहा कि नए प्रावधानों में वक्फ की पवित्र भावना का सम्मान होगा। मुस्लिम समाज के गरीब और पसमांदा परिवारों, महिलाओं, विद्वान और बच्चों को उनका हक मिलेगा। यही सही मायने में सामाजिक न्याय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले हिसार में एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला रखी और अयोध्या के लिए सीधी उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि आज यह गर्व का विषय है कि भाजपा विकसित हरियाणा, विकसित भारत को लेकर पूरी गंभीरता से काम कर रही है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री ने उन्हें याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष और जीवन संदेश भाजपा सरकार की 11 साल की यात्रा का प्रेरणा स्तंभ बना रहा है।

मुर्शिदाबाद में हमारे खिलाफ जैसे युद्ध छेड़ दिया, पेट्रोल बम, पत्थरों से हुआ हमले- बीएसएफ के डीआईजी ने बताई लोमहर्षक दास्तां

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज इलाके में भड़की हिंसा के बाद हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की नौ कंपनियों को तैनात किया गया है। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी और पीआरओ नीलोत्पल कुमार पांडे ने कहा, 'जवानों के पहुंचने पर अराजक तत्वों ने हमारे खिलाफ जैसे युद्ध छेड़ दिया। हमारी पेट्रोलिंग पार्टी पर ईंट-पत्थरों के साथ पेट्रोल बम फेंके गए। हमला करने वाले वही लोग हैं, जो इलाके में लगातार कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं।' हालांकि, इस हमले में किसी भी बीएसएफ जवान के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, भारी पथराव में कुछ जवानों को मामूली चोटें आई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बीएसएफ ने सुसूतिया और शमशेरगंज पुलिस थाना क्षेत्र सहित आसपास के संवेदनशील इलाकों में अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। बीएसएफ ने माना है कि स्थानीय लोग डरे हुए हैं। इस डर को दूर करने और विश्वास बहाल करने के लिए जवान लगातार इलाके में फ्लैग मार्च कर रहे हैं।बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया, 'हम राज्य पुलिस के साथ मिलकर समन्वय में काम कर रहे हैं ताकि स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सके।' बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती दौर में प्रशासन के अनुरोध पर दो कंपनियों को मौके पर भेजा गया था।

मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक गई चार लोगों की जान, राज्यपाल ने हालात से केंद्र को अवगत कराया

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल के विरोध के नाम पर हिंदू समुदाय के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। शुक्रवार की नमाज के बाद से भड़की हिंसा भी दिनभर जारी रही । आज सुबह से हालात तनावपूर्ण है। इस बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद जिले की मौजूदा स्थिति को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट भेजी है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के नाम पर पुलिस पर पथराव और आगजनी भी हुई है।राजभवन के सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल ने केंद्र को भेजी रिपोर्ट में बीते दिनों मुर्शिदाबाद में हुई घटनाओं का ब्योरा दिया गया है। साथ ही बताया है कि जिले के किन-किन इलाकों में हालात ज्यादा संवेदनशील बने हुए हैं। यह जानकारी राज्यपाल की कोर टीम द्वारा जुटाए गए तथ्यों और राज्य सचिवालय से प्राप्त विवरणों के आधार पर तैयार की गई है। रिपोर्ट में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच हुई गोपनीय बातचीत का विवरण भी शामिल है, जो मौजूदा स्थिति को लेकर हुआ।इधर राज्य

सरकार ने हालात पर काबू पाने के लिए विशेष कदम उठाया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनात 23 ऐसे पुलिस अधिकारियों को मुर्शिदाबाद भेजा गया है, जिनके पास कानून-व्यवस्था संभालने का विशेष अनुभव है। यह टीम तब तक जिले में कार्यरत रहेगी जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती।राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार स्वयं मुर्शिदाबाद पहुंच चुके हैं और जिला प्रशासन एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के साथ समन्वय कर रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल (दक्षिण बंगाल फ्रंटियर) के महानिरीक्षक के. एस. शेखावत भी मुर्शिदाबाद पहुंचे।सीएपीएफ के जवानों ने सारा दिन जिले के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया। खासतौर पर नौ अति संवेदनशील क्षेत्रों में इनकी विशेष तैनाती की गई है। यह कार्रवाई शनिवार शाम कलकत्ता हाई कोर्ट की एक विशेष खंडपीठ के आदेश के बाद की गई।

सम्राट विक्रमादित्य जैसे महानायक इतिहास नहीं बनते, इतिहास बनाते हैं : मुख्यमंत्री

एजेंसी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने शक और हूण जैसे आक्रांताओं को परास्त कर सुशासन स्थापित किया। भगवान श्रीराम के बाद सम्राट विक्रमादित्य का काल विनम्रता से शासन करना सिखाता है। सम्राट विक्रमादित्य जैसे महानायक इतिहास नहीं बनते, इतिहास बनाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यह बात रविवार की रात दिल्ली के लाल किले में विक्रमोत्सव के दौरान चित्र प्रदर्शनी और एमपी पवेलियन के अवलोकन के दौरान मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य के मंचन के साथ सरकार की जनहितैषी और कल्याणकारी योजनाओं, संस्कृति और पर्यटन की जानकारी के साथ प्रदेश में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित किया जा रहा है। दरअसल, मध्य प्रदेश शासन द्वारा दिल्ली के लाल किले परिसर स्थित माधवदास पार्क में विक्रमोत्सव के अंतर्गत 12 अप्रैल से विक्रम संवत के प्रवर्तक सम्राट विक्रमादित्य के महानाट्य का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस महानाट्य मंचन के दूसरे दिन केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन

और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्रीद्वय जगदीश देवड़ा व राजेंद्र शुक्ल, संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के साथ गणमान्य नागरिक और समाजसेवी थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विरासत के विकास के संकल्प को लेकर दिल्ली में विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ विकास की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महानाट्य मंचन के मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के दामाद होने के नाते उनका प्रदेश से विशेष प्रेम और लगाव है। नड्डा के मार्गदर्शन में प्रदेश विकास की राह पर अग्रसर है।

पोरबंदर के पास समुद्र से 1800 करोड़ रुपये का 300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त

एजेंसी

पोरबंदर। गुजरात के पोरबंदर से 190 किलोमीटर दूर समुद्र से 1800 करोड़ रुपये का 300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया गया है। भारतीय कोस्ट गार्ड (आईसीजी) और एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता 12-13 अप्रैल की रात को मिली है। इस दौरान 14 क्रू मेंबर को भी पकड़ा गया है। गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी और आईसीजी ने सोशल साइट पर यह जानकारी साझा की है। कोस्ट कार्ड और एटीएस ने एक बड़े ऑपरेशन के जरिए ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी। गुजरात और महाराष्ट्र के बीच अरब सागर में संदिग्ध बोट से 1800 करोड़ रुपये का 300 किलो मेफेड्रोन (एमडी) पकड़ा गया है। एजेंसियों के इनपुट के आधार पर पोरबंदर से दूर समुद्र में स्पीड बोट और अन्य जरूरी संसाधन के साथ ऑपरेशन शुरू किया गया। गुजरात और महाराष्ट्र के समुद्र के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा के समीप संदिग्ध बोट को रोका गया।

केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में सहकारी आंदोलन में आया क्रांतिकारी परिवर्तनः मुख्यमंत्री डॉ यादव

एजेंसी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ प्रतिबद्ध है। केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में सहकारी आंदोलन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव भोपाल के रविन्द्र भवन में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में आयोजित राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्य प्रदेश डेयरी फेडरेशन

के मध्य अनुबंधों का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह के कुशल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि वे पारस की तरह हैं, उनके पास जो विभाग आ जाए वह सोना हो जाता है। उनकी उपस्थिति में हो रहे अनुबंध से प्रदेश में नई संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। बहुउद्देशीय समितियों के माध्यम से प्रदेश में भी सहकारिता की गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है। सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। अब सहकारी समितियों से पेट्रोल पंप, दवाई की दुकान व अन्य गतिविधियां संचालित होंगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में फैक्ट्रियों को भी सहकारिता से चलाने के लिए अनुबंध हुआ है। वृहद स्तर पर एमओयू होने से आज बड़ी संभावनाओं का द्वार खुले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन हर घर की आय में वृद्धि का प्रमाणिक स्त्रोत है। प्रदेश में गौ-पालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। गौ-पालन पर अनुदान की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार ने दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है। सरकार घर-घर गोकुल बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

मायावती ने बाबासाहेब को उनकी जयंती पर नमन किया, कहा- 'बहुजनों के सामाजिक हालात दयनीय'

एजेंसी

लखनऊ । संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की आज जयंती है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने बाबासाहेब को उनकी जयंती पर नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में बहुजनों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक हालात, कांग्रेस की तरह भाजपा शासनकाल में भी अत्यंत दयनीय हैं। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीन पोस्ट कीं। उन्होंने कहा, ÷संविधान निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर को आज उनकी जयंती पर अंबेडकरवादी पार्टी बीएसपी (बसपा) के तत्वावधान में पूरे देश भर में उन्हें शत-शत् नमन्, माल्यार्पण व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित, जिसके लिए सभी लोगों का

तहेदिल से आभार व धन्यवाद प्रकट करती हूं।' बसपा सुप्रीमो ने कहा, 'देश के समस्त दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों व अन्य उपेक्षितों को भी वास्तव में मिशनरी अंबेडकरवादी बनना होगा, जिसमें जुल्म-ज्यादती व अन्याय आदि से मुक्ति पाकर शासक वर्ग बनने की शक्ति उनकी आपसी एकता व सत्ता की मास्टर चाबी की प्राप्ति में ही है।' उन्होंने आगे कहा, 'देश में बहुजनों के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक हालात, कांग्रेस की तरह भाजपा शासनकाल में भी अति-दयनीय हैं तथा इनके आरक्षण के संवैधानिक अधिकार पर भी सुनियोजित कुठाराघात होने से अब इनकी स्थिति कुछ 'अच्छे दिन' के बजाय बुरे दिन वाली ही बन रही है, जो अति दुःखद व चिंतनीय है।' बता दें कि हर साल 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाई जाती है। यह दिन भारत के संविधान निर्माता, सामाजिक सुधारक और दलित आंदोलन के प्रणेता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन को चिह्नित करता है। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम, रैलियां और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की समानता, शिक्षा, और सामाजिक न्याय के योगदान को याद किया जाता है।

मुर्शिदाबाद हिंसा पर बोले गिरिराज सिंह, 'वक्फ को लेकर ममता बनर्जी फैला रहीं भ्रम'

एजेंसी

बेगूसराय । केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह हिंसा सरकार की नाकामी का सबूत है और ममता बनर्जी हिंदुओं को पलायन के लिए मजबूर कर रही हैं। साथ ही, उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप विपक्षी नेताओं पर लगाया।

गिरिराज सिंह ने मुर्शिदाबाद की हिंसा को दुखद बताते हुए कहा कि यह घटना जम्मू-कश्मीर के 1990 के दशक की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि लोगों की दुकानें लूटी गईं, घर जलाए गए। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इतनी बड़ी घटना बिना सरकार की शह के नहीं हो सकती। ममता बनर्जी रक्षक थीं, लेकिन अब

भक्षक बन गई हैं। क्या बंगाल कश्मीर या बांग्लादेश बन जाएगा? उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतंत्र में लोगों को अपनी बात रखने का हक है, लेकिन संपत्ति और जान-माल की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है, जिसमें ममता सरकार पूरी तरह विफल रही है उन्होंने आगे कहा कि इस हिंसा ने बंगाल को बांग्लादेश से भी आगे÷ पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि जब माझी ही नाव डुबोए, तो क्या किया जाए? ममता बनर्जी की नीतियां हिंदुओं को बंगाल छोड़ने पर मजबूर कर रही हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। वक्फ कानून को लेकर हो रहे विरोध पर गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ मौलानाओं और विपक्षी नेताओं, खासकर राहुल गांधी और असदुद्दीन ओवैसी, द्वारा लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है। वक्फ कानून में सुधार किया गया है। यह स्पष्ट है कि किसी की संपत्ति नहीं ली जाएगी। फिर भी भ्रम फैलाकर राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश हो रही है। कोई एक सबूत दिखाए कि यह कानून किसी के खिलाफ है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि यह संशोधन वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाने के लिए है, लेकिन विपक्ष इसे गलत तरीके से पेश कर रहा है।

मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को माफ किया

एजेंसी

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भतीजे आकाश को माफ कर दिया है। जबकि आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ की गलतियां अक्षम्य हैं और उनको पार्टी में नहीं लिया जा सकता है। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार शाम को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आकाश आनंद ने एक्स पर चार पोस्ट कर सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को स्वीकार लिया है। उन्होंने अपने से वरिष्ठ पदाधिकारियों को पूरा आदर-सम्मान देने के साथ ही अपने ससुर की बातों में आगे नहीं आकर बसपा पार्टी व मूवमेन्ट के लिए जीवन समर्पित करने की बात लिखी है। आकाश के सार्वजनिक माफी मांगे जाने पर उन्हें एक और मौका दिए जाने का निर्णय लिया। बसपा प्रमुख ने यह भी स्पष्ट किया कि अब वो स्वस्थ्य हैं। उन्होंने कहा, जब तक पूरी तरह स्वस्थ्य रहूंगी, कांशीराम की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के लिए पूरे जी-जान व तन्मयता से समर्पित रहकर कार्य करती रहूंगी। ऐसे में मेरे उत्तराधिकारी बनाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। मैं अपने निर्णय पर अटल हूं और रहूंगी मायावती ने कहा कि पार्टी से निष्कासन के बाद आकाश अपनी तमाम गलतियों के लिए माफी मांगने व आगे ऐसी गलती नहीं करने को लेकर वह लोगों से लगातार सम्पर्क करता रहा है और आज उसने सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानते हुए अपने ससुर की बातों में अब आगे नहीं आने का संकल्प व्यक्त किया है। लेकिन आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ की गलतियां अक्षम्य हैं। उन्होंने गुटबाजी जैसी घोर पार्टी विरोधी गतिविधियों के साथ-साथ आकाश के करियर को भी बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

कार-ट्रेलर की टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

एजेंसी

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले के रायसर थाना इलाके में रविवार सुबह ट्रेलर-कार की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियर, उसकी बैंक मैनेजर पत्नी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी लोग एक ही परिवार के हैं। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर रोड से नीचे उतरकर पलट गया। कार से शवों को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि हादसा सुबह मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर हुआ। जहां लखनऊ के रहने वाले सत्य प्रकाश (60), उनकी पत्नी रामा देवी (55), बेटा अभिषेक (35), बहू प्रियांशी (30) और 6 महीने की पोती श्री वर्ना कार से खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए निकले थे। इसी दौरान नेकावाला टोल के पास कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में पूरा परिवार खत्म हो गया। कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पांचों कार में बुरी तरह फंस गए थे। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आशंका है कि ओवरटेक करने के चक्कर में यह हादसा

हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि प्रियांशी बैंक ऑफ बड़ौदा की गोमतीनगर ब्रांच में मैनेजर थी। सत्य प्रकाश मल्टीनेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। बच्ची का नामकरण नहीं हुआ था, हालांकि घर के लोग उसे श्री कहकर बुलाते थे। सभी लोग कार से 12 अप्रैल की शाम मैनपुरी के लिए निकले थे। खाटू श्याम से 70 किमी पहले कार सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। वहीं अभिषेक और प्रियांशी की शादी 29 नवंबर 2022 को हुई थी। हादसे के वक्त अभिषेक सिंह गाड़ी चला रहे थे। अभिषेक का बड़ा भाई हिमांशु प्राइवेट जॉब करता है। उसकी पत्नी ज्योति और बेटा जियांशु है।

हाई ब्लड शुगर होने पर शरीर के इन अंगों पर पड़ सकता है बुरा असर

डायबिटीज के मामलों में तेजी देखी जा रही है। भारत में डायबिटीज के आंकड़े चिंताजनक है। जी हां, करीब 77 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में है। वहीं अनुमान जताया जा रहा है कि साल 2045 तक यह संख्या बढ़कर 134करोड़ तक पहुंच जाएगी। अचानक से शरीर में ब्लड के रक्तस्त्राव के बढ़ जाने को हाइपरग्लेसेमिया कहा जाता है। इससे शरीर के कई अंगों को क्षति पहुंचती है।

आंखों की समस्या

डायबिटीज होने के बाद एक अच्छी लाइफस्टाइल से ही अच्छे से लॉन्ग लाइफ जी सकते हैं। ब्लड शुगर असामान्य रूप से बढ़ने से आंखों पर प्रभाव पड़ता है। इससे धुंधलापन होना, मोतियाबिंद होना, ग्लूकोमा जैसी समस्या घेरने लगती है। इसके लिए पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है।

घाव के ठीक होने में वक्त लगना

दरअसल, हाइपरग्लेसेमिया की वजह से घाव ठीक होने में वक्त लगता है। कई बार महीने भी लग जाते हैं। इतना ही नहीं घाव अगर ठीक नहीं होता है तो कई बार इंफेक्शन नहीं फैले इसलिए अंग को ही निकालना पड़ता है। जिसका कारण होता है रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना।

संक्रमण का खतरा

रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण संक्रमण का खतरा अधिक होता है। डायबिटीज मरीज को यूरिन के संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होता है। इसका प्रभाव किडनी पर भी पड़ता है।

पैरों की समस्या

मधुमेह होने के कारण पैर अधिक दर्द करते हैं। कई बार असहनीय दर्द रहता है। पैरों में घाव हो जाना, उंगलियों का कालापन होना।

शुगर कंट्रोल नहीं होने पर पूरे पैर में भी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है मीठा जरा भी नहीं खाएं और शुगर फ्री चीजों का ही सेवन करें।

आहार में शामिल करें ये नॉन डेयरी कैल्शियम रिच फूड नहीं होगी कैल्शियम की कमी

शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए दूध और दूध से बने उत्पादों का सेवन बहुत जरूरी होता है। लेकिन यदि आपको दूध पीना पसंद नहीं है या आपको दूध से एलर्जी है तब आप क्या करेंगी? नहीं आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रकृति ने हमें ऐसे बहुत से खाद्य पदार्थ दिए हैं, जिनमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है। इसलिए आज बात करते हैं उन फूड्स की जो दूध के बिना भी आपके शरीर में कैल्शियम की कमी नहीं होने देंगे।

क्यों जरूरी है कैल्शियम

हमारे शरीर में हड्डियों के विकास के लिए कैल्शियम बेहद आवश्यक है। यह हड्डियों के साथ ही मांसपेशियों, कोशिकाओं और हृदय व नसों के सुचारू रूप से काम करने के लिए भी बहुत जरूरी है। हमारे शरीर में कैल्शियम की मात्रा सबसे अधिक पायी जाती है। इनमें से लगभग 98% हिस्सा हमारे दांतो और हमारे शरीर की हड्डियों में प्रयोग होता है। जबकि इसका 1% रक्त और मांसपेशियों में प्रयोग होता है। इसलिए कैल्शियम सभी के लिए आवश्यक है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक कैल्शियम की जरूरत होती है। इसी वजह से कैल्शियम की आपूर्ति के लिए दूध और दूध से बने पदार्थों का सेवन किया जाता है। मगर यदि आपको दूध से एलर्जी है या आपको दूध पीना पसंद नहीं है, तो आपको नॉन डेयरी प्रोडक्ट से यह जरूरत पूरी करनी होगी।

हरी सब्जियां

गहरे रंग वाली सब्जियां जैसे बथुआ, पालक, चौलाई, मेथी आदि में आयरन और फोलेट के साथ-साथ कैल्शियम की भी अच्छी मात्रा होती है। आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर कैल्शियम की प्राप्ति कर सकती हैं।

बादाम और अंजीर

बादाम को पावर बैंक कहा जाता है, क्योंकि इसमें सभी आवश्यक आयरन और विटामिन होते हैं। यह कैल्शियम में भी काफी समृद्ध होता है। इसी के साथ-साथ अंजीर में भी आयरन और कैल्शियम की समृद्ध मात्रा होती है। नाश्ते, लंच या हल्की स्नैकिंग के रूप में आप बादाम और अंजीर का एक साथ सेवन कर सकती हैं।

डाइट में शामिल करें सोया

यदि आप अपनी डाइट में सोया या उससे बने फूड्स जैसे टोफू का प्रयोग करती हैं तो आपको लगभग 220 मिलीग्राम से 250 मिलीग्राम कैल्शियम की आपूर्ति होती है। जो आपकी दैनिक जरूरत के बराबर है।

भुने हुए तिल

यदि आप कैल्शियम रिच नॉन डेरी प्रोडक्ट की तलाश में हैं, तो भुने हुए तिल आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। एक्सपर्ट के मुताबिक लगभग 25 ग्राम तिल आपको 270 मिलीग्राम कैल्शियम, दैनिक जरूरत के बराबर आपूर्ति करता है।

मछली भी है कैल्शियम रिच

सार्डिन या साल्मन यह दो बेहतरीन मछलियां हैं। जिनसे दैनिक जरूरत की कैल्शियम की आपूर्ति होती है। यह दोनों ही कैल्शियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं। आपको इनको बस जरूरत के मुताबिक ही खाना है। यानी कि हफ्ते में लगभग दो टुकड़े।

साबुत अनाज एवं दालें

आप अपनी डाइट में ऐसे कुछ अनाज या दालों का प्रयोग कर सकती हैं, जो कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत हैं। जैसे कि मोठ, राजमा, कुलथी, बाजरा, चना, सोयाबीन, रागी आदि।

आयुर्वेद ने भी माना खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.

गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।

डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए। इस चाय को खाली पेट पीने से अपच, ब्लोटिंग और वजन कम करने में मदद मिलेगी।

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।

कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

सिलेरी जूस

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।

वजन घटाने के बुनियादी नियम

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए डाइट में शामिल करें अनार के फूल

खून बढ़ाने से लेकर ग्लोइंग स्किन पाने के लिए अनार खाने के फायदों के बारे में आपने सुना ही होगा। लेकिन क्या आपने अनार के फूल के फायदों के बारे में सुना है। प्राकृति ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है, जो स्वस्थ रहने और किसी बीमारी से लड़ने के लिए काफी है। ऐसा ही एक प्राकृति का तोहफा है अनार का फूल। आइए जानते हैं अनार के फूल के फायदों के बारे में।

- शुगर की परेशानी इन दिनों आम हो गई है। दुनियाभर में कई लोग इस जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। हालांकि इसे कंट्रोल करने के कई तरीके हैं, लेकिन बावजूद इसके इसे ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में एक स्वस्थ जीवन शैली पर स्विच करना महत्तवपूर्ण है। शुगर के मरीजों को कम चीनी और फाईड चीजों को अवॉइड करना चाहिए। ऐसे में डाइट में अनार के फूल शामिल करना अच्छा हो सकता है। हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक अनार के फूल में फोटोकेमिकल होता है, जो शुगर के मरीजों के लिए अच्छा होता है।
- बेदाग स्किन और स्वस्थ चमक इन दिनों खो सी गई है। पर्यावरण प्रदूषण और गलती जीवनशैली के चलते ऐसी त्वचा पाना बेहद ही मुश्किल हो गया है। वहीं बीजी रूटीन में नियमित त्वचा की देखभाल करना भी मुश्किल होता है। ऐसे में आप अनार के फूल पर विश्वास कर सकते हैं, इसकी मदद से झुर्रियों और समय से पहले बूढ़ा होने से बचा जा सकता है।
- कोरोना काल में हर किसी ने एक चीज अच्छे से सिखी है और वो है स्वस्थ्य रहना। लोग इन दिनों स्वस्थ और इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाली हर एक चीज का पूर्ण रूप से ख्याल रख रहे हैं। ऐसे में अनार के फूल भी स्वस्थ रहने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। जो बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में मदद करते हैं।
- अनार के फूल को डाइट में शामिल करने से अपने कार्डियोवस्कुलर हेल्थ का ख्याल रख सकते हैं। शरीर में सबसे महत्तवपूर्ण अंगों में से एक होता है हृदय, जो पूरे शरीर में ब्लड पंप करता है। इससे न केवल ऑक्सीजन बल्कि शरीर के विभिन्न कार्यों को करने के लिए पोष्क तत्व भी पहुंचाता है। अगर दिल की सेहत का ध्यान न रखा जाए तो आप आलसी, सुस्त और लो एनर्जी महसूस करेंगे।
- अनार का फूल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के साथ शरीर में जमा फैट को खत्म कर आपको हेल्दी रखता है। हालांकि अच्छे परिणाम के लिए आपको कसरत करनी होगी।

कैसे करें अनार के फूल का इस्तेमाल

आप अनार के फूलों के सपलीमेंट ले सकते हैं, या फिर अगर आपको अनार के फूल मिल जाते हैं तो आप इसकी चाय बनाकर पी सकते हैं। हालांकि किसी भी तरह की जलन महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

दूध, दही, पनीर के सेवन से कम होता है डायबिटीज और हाई बीपी का खतरा

वैज्ञानिकों के अनुसार दही, दूध या पनीर का रोजाना सेवन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है। हाल ही में एक शोध ने डेयरी रिच डाइट (यानी दही, दूध या पनीर युक्त खाद्य पदार्थ) को रक्त शर्करा के स्तर, ब्लड प्रेशर में सुधार और हृदय रोग संबंधी जोखिमों को कम करने से जोड़ा गया। शोध के मुताबिक, रोजाना इन डेयरी उत्पादों का दो बार सेवन इन बीमारियों से राहत दिलाने में फायदा करता है।

इस अध्ययन को डायबिटीज रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का विश्लेषण करना था। उन्होंने भारत सहित दुनियाभर के 21 देशों के 35 से 70 वर्ष के लोगों में डेयरी रिच डाइट के प्रभाव का गहराई से अध्ययन किया। इस शो में डेयरी उत्पादों जैसे दूध, दही, दही से बने पेय, पनीर से बनी डिशेज शामिल थीं। इन्हें फुल या लो फैट के रूप में बांटा गया था। बटर और क्रीम का अलग से मूल्यांकन किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर उन देशों में नहीं खाए जाते थे जो अध्ययन का हिस्सा थे।

मेटाबॉलिक सिंड्रोम के पांच घटकों पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन लगभग 1,13,000 लोगों में किया गया। मेटाबॉलिक सिंड्रोम एक तरह से समस्याओं का झुंड होता है। मुख्य रूप से इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ जाना, कमर के आसपास चर्बी बढ़ जाना और कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड का स्तर असामान्य हो जाना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम में ये समस्याएं एक साथ होती हैं जिससे स्ट्रोक, डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है।

शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ी हुई कमर, गुड कोलेस्ट्रॉल का निम्न स्तर, हाई ब्लड फैट्स और बढ़े हुए फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज की 12 महीनों की स्थिति को ट्रैक किया। अध्ययन से पहले लगभग 46,667 लोगों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम था, यानी उनमें पांच में से कम से कम तीन स्थितियां थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि फुल फैट वाले डेयरी का सेवन करने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम कम था। इससे पता चलता है कि डेयरी प्रोडक्ट शरीर की कार्यप्रणाली में कैसे सुधार करते हैं। शोध में कहा गया है कि यदि इन निष्कर्षों के आधार पर बड़े और दीर्घकालिक परीक्षणों में पुष्टि की जाती है, तो बढ़ती डेयरी खपत मेटाबॉलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और हृदय रोग के मामलों को कम करने के लिए बड़े काम की हो सकती है।

डेयरी उत्पादों में स्वास्थ्य लाभ में हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती, पाचन में सुधार, वजन घटाना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक डेयरी उत्पाद प्रोटीन और कैल्शियम के बड़े स्रोत हैं। इसके अलावा यह उत्पाद विटामिन और मिनरल्स के भी बड़े संयोजक होते हैं। डेयरी उत्पाद मुख्य रूप से पशुओं के दूध से निर्मित खाद्य या पेय पदार्थ होते हैं। मुख्य रूप से जिन पशुओं के दूध का प्रयोग इन उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है उनमें गाय, भैंस, बकरी, भेड, याक और ऊंट शामिल हैं।

हेल्दी डाइट के लिए खाइए ब्राउन राइस

जो लोग हेल्दी डाइट और व वजन कम करने में दिलचस्पी रखते हैं और चावल से परहेज करते हैं, उनके लिए ब्राउन राइस एक बेहतरीन विकल्प है। कैलोरी कम होने के साथ-साथ इसके और भी कुछ फायदे हैं। जानिए इसके 5 फायदे.

कोलेस्ट्रॉल

ब्राउन राइस खाने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि यह कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अनचाहे फैट को शरीर के आंतरिक भागों में जमने से रोकता है।

डाइबिटीज

सामान्यत: चावल में शर्करा की मात्रा अधिक होती है, जिसके कारण डाइबिटीज के रोगी इससे दूरी बनाए रखते हैं। लेकिन ब्राउन राइस के सेवन से रक्त में शर्करा का स्तर नहीं बढ़ता। इसलिए यह आपके लिए बेहतर विकल्प है।

हृदय रोग

हार्टअटैक या हृदय के अन्य रोग, ज्यादातर हृदय की धमनियों में कोलेस्ट्रॉल के जमाव के कारण होते हैं। ऐसे में ब्राउन राइस का सेवन इससे बचाकर आपके हृदय की भी रक्षा करता है।

हड्डियां

मैग्नीशियम व कैल्शियम से भरपूर होने के कारण ब्राउन राइस, हड्डियों को मजबूत करने के लिए बेहद फायदेमंद है। सफेछ चावल की अपेक्षा यह सेहत के कई फायदे देता है।

वजन कम

वजन कम करना चाहते हैं, और चावल से दूर नहीं रह सकते, तो सफेद चावल की जगह ब्राउन राइस को भोजन में शामिल करें। कुछ ही समय में आप वजन में कमी महसूस करेंगे।

जरूरी नहीं महंगी बादाम खाना, सस्ती मूंगफली भी है प्रोटीन का खजाना

मूंगफली का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। बल्कि इसे बादाम का पर्याय माना जाता है। जितने पोषक तत्व बादाम में मौजूद होते हैं वह सभी मूंगफली में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन बादाम महंगा होता है और मूंगफली सस्ती होती है लेकिन आप बादाम की जगह मूंगफली भी खा सकते हैं। एक लीटर दूध के बजाए 100 ग्राम कच्ची मूंगफली में अधिक प्रोटीन होता है। मूंगफली के साथ ही मूंगफली के तेल के कई फायदे होते हैं। यह कीटाणुओं को खत्म करने में मददगार होता है। जानते हैं मूंगफली खाने के अचूक फायदों के बारे में -

हड्डियों को करें मजबूत

मूंगफली के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। मूंगफली में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को विटामिन डी और कैल्शियम मिलता है। बादाम के बदले इसका आसानी से सेवन कर सकते हैं।

हार्मोन को करें बैलेंस

जब महिला और पुरुषों में हार्मोंस अनबैलेंस्ड हो जाते हैं तब कई प्रकार की शारीरिक समस्या होती है। इसलिए महिला और पुरुष को रोज एक मुट्ठी मूंगफली का सेवन करना चाहिए।

कैंसर से बचाएं

मूंगफली में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जिसका नाम है पॉलीफिनॉलिक। इसके सेवन से पेट के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। सप्ताह में 1 बार मूंगफली के साथ मक्खन का सेवन करना चाहिए।

झुर्रियों को हटाए

मूंगफली खाने से झुर्रियां कम होती है। इसमें मौजूद तत्व चेहरे पर बारीक रेखा और झुर्रियों को बनने से रोकती है।

ड्रायबिटीज को करें नियंत्रित

मूंगफली का सेवन करने से डायबिटीज की आशंका कम होती है। रोज अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। ताकि घातक बीमारियों से बचा जा सकें।

कोहली की हार्टबीट बढ़ी, भागे आए संजू सैमसन, दिल पर रखा हाथ, कांमेंटेटर हैरान

एजेंसी

जयपुर । जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल 2025 के रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (क्रक) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच में उस समय चिंता का माहौल बन गया, जब विराट कोहली ने गर्मी के कारण दिल पर हाथ रखे नजर आए। आरसीबी के 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने अचानक खेल रोका और राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन को इशारे से अपनी धड़कन जांचने को कहा। यह इस हाई-वोल्टेज मैच में एक अप्रत्याशित और मानवीय पल था। सैमसन ने हैरानी के बावजूद सहानुभूति दिखाई और कोहली को आश्वस्त किया। तुरंत बाद आरसीबी की मेडिकल टीम कोहली की मदद के लिए पहुंची। कमेंट्री बॉक्स में नवजोत सिंह सिद्धू ने बताया कि दोपहर की तपती गर्मी के कारण कोहली डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए थे। उन्हें जल्दी हाइड्रेट किया गया, जिसके बाद उन्होंने खेल फिर से शुरू किया। विराट कोहली ने अपने करियर में एक और रिकॉर्ड जोड़ लिया। अब वह टी20 में 100 अर्धशतक पूरे करने वाले पहले एशियाई बल्लेबाज बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर टी20 क्रिकेट में 100 अर्धशतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर हैं।

बुमराह और करुण नायर में तल्खी, मैदान पर हुआ बड़ा ड्रामा, रोहित का रिएक्शन वायरल

नई दिल्ली। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में उस समय माहौल गरमा गया, जब जसप्रीत बुमराह और करुण नायर के बीच मैदान पर टकराव हो गया। यह घटना पावरप्ले के आखिरी ओवर में हुई, जब नायर अपनी शानदार 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा करने के लिए दूसरा रन लेने दौड़े और अनजाने में बुमराह से टकरा गए। नायर जोकि 1077 दिनों बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे, ने बुमराह के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और उनके एक ओवर में 18 रन ठोक डाले, जिसमें 2 छक्के और 1 चौका शामिल था। इस शानदार बल्लेबाजी ने बुमराह को दबाव में ला दिया, जिन्होंने पहले दो ओवरों में 29 रन लुटाए थे। टकराव के बाद नायर ने तुरंत हाथ उठाकर माफी मांगी और स्थिति समझाने की कोशिश की, लेकिन बुमराह नाराज दिखे और दोनों के बीच कुछ तीखी बातें हुईं। कमेंटेटर हर्षा भोगले ने नायर की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा कि वह बुमराह को किताब की तरह पढ़ रहे हैं! इस बीच, मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को सर्कल के किनारे हंसते और इशारों में मजाक करते देखा गया, जिसने इस घटना में हल्का-सा हास्य जोड़ दिया। नायर ने अपनी पारी के दौरान 40 गेंदों में 89 रन बनाए। वह 12वें ओवर में आऊट हो गए जिससे वह अपना पहला आईपीएल शतक चूक गए।

पेरिस फ्री स्टाइल शतरंज : कार्लसन और नाकामुरा के बीएच होगा फाइनल, अर्जुन नें नेपोमनिशि को हराया

पेरिस। फ्री स्टाइल ग्रांड स्लैम शतरंज के सेमी फाइनल में नॉर्वे के मैगनस कार्लसन नें यूएसए के फबियानों करूआना को और यूएसए के हिकारु नाकामुरा नें जर्मनी के विन्सेंट केमर को पराजित करते हुए फाइनल में जगह बना ली है और अब इन दोनों के बीच बेस्ट ऑफ टू क्लासिकल मुक़ाबले का फ़ाइनल खेलेंगे । वहीं हारने वाले दोनों खिलाड़ी अब तीसरे और चौंथे स्थान के लिए टक्कर लेंगे । पांचवें स्थान की दौड़ में भारत के अर्जुन एरिगासी नें आज शानदार वापसी की और उन्होने रूस के यान नेपोमिन्सी के खिलाफ पहला क्लासिकल मुक़ाबला हारने के बाद पहले जीत दर्ज कर स्कोर बराबर कर वापसी की और फिर टाईब्रेक में 1.5-0.5 से जीत दर्ज करते हुए आगे बढ़ गए और अब उनका सामना फ्रांस के मकसीम लागरेव से पांचवें और छठे स्थान के लिए होगा जिन्होने खुद अर्जुन के तरह वापसी करते हुए उज़्बेक्सितान के अब्दुसत्तोरोव को पराजित किया ।

धूप में बल्लेबाजी करना कठिन था: संजू सैमसन ने बताई हार की वजह

नई दिल्ली। गुजरात के बाद आरसीबी ने भी राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में हरा दिया और अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। राजस्थान पहले खेलते हुए जयसवाल के 75 रनों के बावजूद 173 रन ही बना पाई। इस लक्ष्य को विराट और सॉल्ट की जोड़ी ने अर्धशतक लगाकर आसान बना दिया। मैच गंवाने के बाद राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन निराश दिखे। जब उसने 170 के कम टारगेट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस तरह के धीमे विकेट पर टॉस हारने के बाद, दिन के खेल में पहले 10 ओवरों के लिए धूप में पहले बल्लेबाजी करना कठिन होता है। सैमसन ने कहा कि हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे। मुझे लगता है कि उन्होंने पावरप्ले में जो किया उससे वह गेम निकालकर ले गए। वैसे भी कैच मैच जिताते हैं। उन्होंने भी हमारे कैच छोड़े और हमने भी उनके कैच छोड़े (मुस्कुराते हुए)। इसमें कोई शक नहीं कि हमें सुधार करना होगा। आरसीबी को श्रेय जाता है। दूसरी पारी में गेंद बेहतर आई।

कार्लोस अल्कराज ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब

एजेंसी

मोनाको। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने खेले गए फाइनल मुकाबले में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपना पहला मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। 21 वर्षीय अल्काराज ने यह मुकाबला 3-6, 6-1, 6-0 से अपने नाम किया। यह कार्लोस अल्कराज के करियर का छठा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब है। इसके साथ ही यूरोपीय क्ले-कोर्ट सीजन की शुरुआत उन्होंने जीत के साथ की है। अब अल्कराज फ्रेंच ओपन में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। मैच की शुरुआत में अल्कराज लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे और उन्होंने अपने शुरुआती दो सर्विस गेम गंवा दिए। पहले सेट में उन्होंने 14 अनफोर्स्ड एरर किए, जिसका फायदा उठाकर मुसेट्टी ने 6-3 से बढ़त बना ली। हालांकि, इसके बाद अल्कराज ने जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट

6-1 से अपने नाम किया। तीसरे और निर्णायक सेट में उन्होंने मुसेट्टी को पूरी तरह दबाव में रखते हुए 6-0 से मुकाबला समाप्त कर खिताब अपने नाम किया। मैच के दौरान लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे सेट में दाहिने पैर में परेशानी हुई, जिसके लिए उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। हालांकि, वह कोर्ट पर लौटे, लेकिन ज्यादा संघर्ष नहीं कर पाए। जीत के बाद अल्कराज ने कहा, मैं इस तरह मैच नहीं जीतना चाहता था। लोरेंजो ने इस हफ्ते बेहद कठिन मुकाबले खेले। मैं उनके लिए दुख महसूस कर रहा हूं कि मुकाबला इस तरह खत्म हुआ। मैं मोंटे कार्लो का खिताब जीतकर बेहद खुश हूं। पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए कोर्ट के अंदर और बाहर दोनों ही जगह मुश्किल भरे रहे, लेकिन मेहनत का नतीजा देखकर अच्छा लग रहा है। इस जीत के साथ ही कार्लोस अल्कराज सोमवार को जारी होने वाली ताजा एटीपी रैंकिंग में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पीछे छोड़कर विश्व नंबर-2 बन जाएंगे। पिछले साल फ्रेंच ओपन के बाद से क्ले कोर्ट पर अल्कराज का यह 17वां जीत और कुल रिकॉर्ड 17-1 है। उन्हें इस दौरान एकमात्र हार पेरिस 2024 ओलंपिक के फाइनल में नोवाक जोकोविच के हाथों मिली थी।

तीरंदाजी वर्ल्ड कप स्टेज-1 : पुरुष रिकर्व टीम इवेंट में भारत ने जीता रजत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-1 में पुरुष रिकर्व टीम इवेंट का रजत मेडल अपने नाम किया। खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को चीन के हाथों 1-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की ओर से धीरज बोम्मडेवरा, तरूणदीप राय और अतानु दास की तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में भारत का तीसरा पदक दिलाया। इससे पहले भारत ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण और कंपाउंड मेंस टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता था।

पहले सेट में बराबरी, फिर चीन ने ली बढ़त

रिकर्व टीम इवेंट के गोल्ड मेडल मुकाबले में भारत और चीन की टीमों ने पहले सेट में 54-54 की बराबरी की। लेकिन दूसरे सेट में चीन ने चार 10 का स्कोर करते हुए 58-55 से जीत दर्ज की और 3-1 की बढ़त बना ली। भारत की ओर से एक बार फिर 8 अंक स्कोर कर पिछड़ने का खामियाजा भुगतना पड़ा। तीसरे सेट में भी चूकी भारतीय टीम, चीन ने स्वर्ण किया अपने नाम तीसरे सेट में भारत को मैच में बने रहने के लिए जीत दर्ज करनी थी, लेकिन भारतीय

तीरंदाज 54 अंक ही जुटा सके। चीन ने 55 अंक बनाकर सेट और मुकाबला दोनों अपने नाम कर लिया। इसी के साथ चीन ने स्वर्ण पदक जीता। कंपाउंड मेंस इंडिविजुअल कैटेगरी में भारत के अनुभवी अभिषेक वर्मा मेडल से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। वहीं, धीरज बोम्मडेवरा मेंस रिकर्व इंडिविजुअल इवेंट में अभी भी मुकाबले में बने हुए हैं, जिनका प्रदर्शन दिन में बाद में होगा।

आईपीएल 2025: धीमी ओवर गति के कारण अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को अपने ही घर अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के हाथों 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में दिल्ली की ओर से करुण नायर ने शानदार 89 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। वहीं, धीमे ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

करुण नायर की पारी गई बेकार, तीन रन आउट ने पलटा मैच: दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई इंडियंस ने तिलक वर्मा की अर्धशतकीय पारी और सूर्यकुमार यादव व नमन धीर की तेजतर्रार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में 205/5 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ही गेंद पर जैक फ्रेजर मैकगर्क बिना खाता खोले आउट हो गए। दिल्ली की ओर से करुण नायर ने तीन साल बाद आईपीएल में खेलते हुए 40 गेंदों पर 12 चौके और 5 छक्कों की मदद से 89 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके अलावा

केवल अभिषेक पोरेल ने 33 रन बना सके। आखिरी ओवरों में दिल्ली ने तीन विकेट रन आउट से गंवाए, जिसने मैच का रुख पलट दिया और दिल्ली 19 ओवर में 193 रन पर सिमट गई। मुंबई ने 12 रन से मुकाबला अपने नाम किया।

अक्षर पटेल पर धीमे ओवर रेट के चलते लगा जुर्माना

इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत ओवर रेट में पहली बार नियम का उल्लंघन किया। इस वजह से कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

अक्षर पटेल ने बताई हार की वजह: मैच के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में अक्षर पटेल ने हार की बड़ी वजह खराब शॉट चयन और मिडिल ऑर्डर के विफल रहने को बताया। उन्होंने कहा, हम मैच को अपने हाथ में ले आए थे। कुछ सॉफ्ट डिसमिसल और खराब शॉट्स ने हमें नुकसान पहुंचाया। हर बार लोअर ऑर्डर से उम्मीद नहीं कर सकते। हमें इस हार को भूलना होगा और आगे बेहतर खेल दिखाना होगा।

मुंबई इंडियंस ने तोड़ी दिल्ली की जीत की लय: इस हार के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स की चार मैचों की जीत की लय टूट गई और टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर खिसक गई। वहीं, मुंबई इंडियंस ने सीजन की अपनी दूसरी जीत दर्ज करते हुए सातवें पायदान पर जगह बना ली।

मेजर लीग सॉकर: इंटर मियामी ने शिकागो फायर के खिलाफ खेला गोल रहित ड्रॉ

एजेंसी

शिकागो। अमेरिकी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में इंटर मियामी और शिकागो फायर के बीच मुकाबला बिना किसी गोल के ड्रॉ रहा। लियोनेल मेसी ने पूरे 90 मिनट मैदान पर बिताए और कई रोमांचक मौके बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मुकाबले में दोनों टीमों के गोलकीपर्स ने शानदार प्रदर्शन किया और पहली बार इस सीजन में क्लीन शीट हासिल की।

मेसी के दो शानदार प्रयास, लेकिन किस्मत ने नहीं दिया साथ: इस मुकाबले में लियोनेल मेसी ने 64वें और 85वें मिनट में गोल करने की पूरी कोशिश की। पहले मेसी का शानदार शॉट शिकागो के गोलकीपर क्रिस ब्रैडी ने क्रॉसबार की मदद से बचाया, वहीं दूसरे मौके पर भी गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। मेसी ने लुइस सुआरेज को भी एक बेहतरीन पास दिया था, लेकिन वह ऑफसाइड करार दिया गया।

इंटर मियामी का लगातार दूसरा ड्रॉ: कॉनकाकैफ चैंपियंस कप क्वार्टर फाइनल में एलएएफसी के खिलाफ जबरदस्त वापसी के बाद इंटर मियामी को एमएलएस में लगातार दूसरे मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। इस सीजन यह पहला मौका था जब इंटर मियामी किसी एमएलएस मुकाबले में गोल

नहीं कर सका।

शिकागो फायर ने पहली बार रखा क्लीन शीट: शिकागो फायर के लिए यह इस सीजन का पहला क्लीन शीट था। टीम ने बीते तीन मैचों में दो ड्रॉ और एक हार झेली थी। इस मुकाबले में भी शिकागो ने आखिरी मिनटों में कुछ बेहतरीन मौके बनाए, लेकिन इंटर मियामी के गोलकीपर ऑस्कर उस्टारी ने शानदार बचाव कर टीम को हार से बचा लिया।

अंतिम मिनटों में मुकाबला हुआ रोमांचक: पहले हाफ में मुकाबला धीमा रहा, लेकिन दूसरे हाफ के अंतिम मिनटों में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। शिकागो के जोनाथन बम्बा और मारन हाइले-सेलासी ने भी गोल करने की कोशिश की, लेकिन किस्मत और इंटर मियामी की डिफेंस ने उन्हें सफलता नहीं दी।

द मास्टर्स 2025: रोरी मैकइलरॉय ने पूरा किया करियर ग्रैंड स्लैम, मिली ग्रीन जैकेट

एजेंसी

अगस्ता। अगस्ता नेशनल गोल्फ क्लब में इतिहास रच दिया गया, जब रोरी मैकइलरॉय ने एक रोमांचक मुकाबले में जस्टिन रोज़ को प्लेऑफ में हराकर द मास्टर्स 2025 का खिताब जीत लिया। इसी के साथ मैकइलरॉय ने करियर ग्रैंड स्लैम भी पूरा कर लिया और वो गोल्फ इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए। पूरे टूर्नामेंट में बढ़त बनाए रखने वाले मैकइलरॉय ने आखिरी दिन शुरुआत में ही दो शॉट की बढ़त गंवा दी। इसके बाद बैक-नाइन पर तीन होल में चार शॉट की बढ़त भी हाथ से निकल गई। 13वें होल पर उनकी एक गलती ने मैच को पूरी तरह रोमांचक बना दिया, जब उनका शॉट

रे क्रीक में चला गया और डबल बोगी करनी पड़ी। हालात मुश्किल होने के बाद भी मैकइलरॉय ने हार नहीं मानी। 15वें होल पर शानदार 7-आयरन से गेंद को 6 फीट तक पहुँचाया और बर्डी लगाकर बराबरी कर ली। इसके बाद 17वें होल पर 8-आयरन से बेहतरीन शॉट खेलते हुए 2 फीट तक गेंद पहुँचाई और बर्डी कर एक शॉट की बढ़त ले ली। जस्टिन रोज़ ने भी कमाल की वापसी की। 75 का स्कोर खेलने वाले रोज़ आखिरी दिन 10 बर्डी लगाकर खिताबी दौड़ में लौटे। 18वें होल पर 20 फीट की बर्डी पुट लगाकर मुकाबला प्लेऑफ में पहुँचाया। हालांकि प्लेऑफ में उनकी किस्मत ने फिर साथ नहीं दिया। प्लेऑफ में मैकइलरॉय ने तीसरे शॉट पर गेंद को 3 फीट तक पहुँचाया और बर्डी करते हुए खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद वो घुटनों के बल बैठ गए और खुशी के आँसू बहाए।

फीडे महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप - राउंड 6 : जू वेनजुन की एक और जीत, 4-2 की बनाई बढ़त

एजेंसी

शंघाई। मौजूदा विश्व शतरंज चैम्पियन जू वेनजुन ने चैलेंजर तान झोंगयी के खिलाफ काले मोहरों से जीत दर्ज करते हुए मैच में 4-2 की अहम बढ़त बना ली है। यह उनकी पिछले चार मुकाबलों में तीसरी जीत है और शंघाई चरण का यह अंतिम मुकाबला रहा। अब मैच अगले चरण के लिए तान के गृह नगर चोंगकिंग की ओर बढ़ रहा है इस राउंड में एक बार फिर इंग्लिश ओपनिंग खेली गई, लेकिन तान ने डबल फियांचेटो सेटअप अपनाया। हालांकि, इस लाइन में उन्हें शुरुआती बढ़त नहीं मिली और जू ने ठोस और सटीक खेल के जरिए जल्दी ही नियंत्रण हासिल कर लिया। तान का घोड़ा काफी देर तक किनारे पर फंसा रहा, जिससे उनके मोहरों का तालमेल

बिगड़ा और जू को स्थिति में स्पष्ट लाभ मिला और अपने राजा को केंद्र में लाकर और मोहरों को बेहतरीन समन्वय में रखते हुए जू नें मुकाबला 59 चालों में जीत लिया। अब जू को खिताब बचाने के लिए बचे 6 मुकाबलों में केवल 2.5 अंक की आवश्यकता है।

आईपीएल 2025: सीएसके ने गायकवाड़ की जगह आयुष म्हात्रे को टीम में किया शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अब तक खराब प्रदर्शन से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने बड़ा फैसला लिया है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर पूरे सीजन से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने मुंबई के युवा ओपनर आयुष म्हात्रे को टीम में शामिल किया है। 17 वर्षीय म्हात्रे को दो दिन में टीम से जुड़ने के लिए कहा गया है और वे जल्द ही सीएसके के स्क्वाड का हिस्सा बन सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ये सीजन अब तक बेहद निराशाजनक रहा है। टीम ने सात में से केवल एक मुकाबला जीता है और लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इसी बीच कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के कोहनी में फ्रैक्चर के चलते पूरे सीजन से बाहर हो जाने से टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं। क्रिकबज की

रिपोर्ट के अनुसार,, सीएसके मैनेजमेंट ने आयुष म्हात्रे समेत उर्विल पटेल (गुजरात), सलमान निज़ार (उत्तर प्रदेश) और पृथ्वी शॉ को ट्रायल के लिए चेन्नई बुलाया था। हालांकि, प्रदर्शन और फिटनेस के आधार पर आयुष म्हात्रे का चयन किया गया। आईपीएल 2025 की नीलामी में 30 लाख के बेस प्राइस पर भी कोई खरीदार न मिलने वाले म्हात्रे को अब बड़ा मौका मिल गया है। सीएसके अभी लखनऊ में अपना सातवां मुकाबला खेलने पहुंची है, जहां सोमवार रात वे लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ भिड़ेगी। इसके बाद टीम 20 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में उतरेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि आयुष म्हात्रे मुंबई में ही सीएसके स्क्वाड से जुड़ेंगे। 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे मुंबई के क्रिकेट सर्कल में उभरता हुआ सितारा हैं। अब तक खेले गए 9 फर्स्ट क्लास मैचों में वे 504 रन बना चुके हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वहीं, 7 लिस्ट ए मुकाबलों में भी उन्होंने 458 रन बनाए हैं। पिछले साल अक्टूबर में डेब्यू करने वाले म्हात्रे को क्रिकेट विशेषज्ञ भविष्य का भारतीय खिलाड़ी मानते हैं।

दौसा में देवनगरी प्रीमियर कबड्डी लीग 2025 का हुआ भव्य शुभारंभ

दिल्ली। दिल्ली ने प्वाइंट टेबल में गंवाया शीर्ष स्थान, RCB ने राजस्थान को दिया झटका सुपर संडे में खेले गए आईपीएल 2025 के पहले मैच में जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीत दर्ज करते हुए राजस्थान रॉयल्स को अंक तालिका में नीचे खिसका दिया। वहीं मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स पर रोमांचक जीत के बाद दिल्ली को टॉप से धकेल दिया और खुद 2 स्थान उपर 7वें पर आ गई है। अपेडिट प्वाइंट टेबल में मुंबई 6 मैचों में 2 जीत के साथ 4 अंक लेकर सातवें स्थान पर आ गई है जबकि दिल्ली 5 मैचों में 4 जीत सहित 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस एक बार फिर टॉप पर आ गई है। राजस्थान को हार के बाद एक पादयान नीचे 8वें स्थान पर खिसकना पड़ा है।

बस मौके का इंतजार था : मुंबई के खिलाफ आक्रामक अर्धशतक लगाकर बोले करूण नायर

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आक्रामक अर्धशतक लगाकर दो सत्र बाद आईपीएल में वापसी करने वाले करूण नायर मानसिक रूप से अपना पहला मैच खेलने के लिये पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है । जीत के लिये 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करूण के 40 गेंद में 89 रन की मदद से दिल्ली ने शानदार शुरूआत की लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाकर 12 रन से मैच गंवा दिया। एक ओवर में जसप्रीत बुमराह को दो छक्के लगाने का माद्दा बहुत बल्लेबाजों ने नहीं होता लेकिन करूण ने यह कर दिखाया। उनके इस प्रदर्शन का कारण घरेलू क्रिकेट का शानदार प्रदर्शन भी है जिसमें उन्होंने विदर्भ के लिए विभिन्न प्रारूपों में पिछले सत्र में 1870 रन बनाए। टेस्ट मैच में तिहरा शतक जड़ चुके करूण ने मैच के बाद मीडिया से कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे आईपीएल पहले खेल चुका होने के कारण आत्मविश्वास था। मुझे पता

था कि कैसे खेलना है। मेरे लिए कुछ नया नहीं था। मेरे दिमाग में तैयारी पूरी थी। बस मौके का इंतजार था। कुछ गेंद खेलकर फिर लय में आने की बात थी। वर्ष 2022 में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे करूण ने पावरप्ले के दौरान पारंपरिक शॉट्स खेलने के बारे में कहा, 'मैं खुद से यही कह रहा था कि खुद को समय दो, आम शॉट खेलो और उसके बाद तेजी से खेल सकते हो। सब कुछ वैसे ही हुआ लेकिन अगर टीम जीत जाती तो अधिक खुशी होती। पिछले चार मैचों में मौका नहीं मिलने के बावजूद उन्हें यकीन था कि उन्हें मौका मिलेगा और इसके लिए वह मानसिक रूप से तैयार थे।

आईपीएल 2025: रन आउट की हैट्रिक बना मुंबई ने दिल्ली को दी मात, दर्ज की पहली जीत

एजेंसी

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रनों से हराकर आईपीएल 2025 में अपनी हार का सिलसिला तोड़ा और पहली जीत दर्ज की। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली सिर्फ 193 रन ही बना सकी। मैच का निर्णायक क्षण 19वें ओवर में आया, जब मुंबई के फील्डरों ने रन आउट की हैट्रिक बनाकर दिल्ली को पटखनी दी। मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप वाली दिल्ली 19 ओवर में ही ऑलआउट हो गई। मुंबई की ओर से मिले 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को पारी की पहली ही गेंद पर जैक फ्रेजर मैकगर्क के रूप में झटका लगा। हालांकि इसके बाद अभिषेक पोरेल और करुण नायर ने दिल्ली की पारी को मजबूती दी और दोनों ने मिलकर 61 गेंदों में 119 रन जोड़ डाले। पोरेल 33 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं तीन साल बाद आईपीएल में वापसी करने वाले करुण नायर ने 89 रनों की तूफानी पारी खेली। जब नायर आउट हुए तब दिल्ली को 50 गेंदों में जीत के लिए 71 रन की जरूरत थी। यह लक्ष्य बेहद

आसान लग रहा था, लेकिन स्पिनरों के आतंक और नई गेंद की जुगलबंदी ने सारा खेल ही बदल दिया। रही रही कसर 19वें ओवर के रोमांच ने पूरा कर दिया। 18.3 ओवर तक 7 विकेट खोकर 192 रन बना लिए थे। लेकिन फिर अगली तीन गेंदों पर लगातार तीन रन आउट ने दिल्ली की उम्मीदों और करुण नायर की शानदार बल्लेबाजी पर पानी फेर दिया। मुंबई के लिए कर्ण शर्मा ने तीन और मिचेश सेंटरन ने दो विकेट झटके। जबकि दीपक चहर और जसप्रीत बुमराह के खाते में एक-एक विकेट रहा।इससे पहले, मुंबई इंडियंस ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 205 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई के लिए तिलक वर्मा और नमन धीर की जबरदस्त बल्लेबाजी का अहम योगदान रहा। तिलक ने 33 गेंदों में 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं नमन ने 17 गेंदों में 38 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों ने मिलकर 33 गेंदों में 62 रन की धमाकेदार साझेदारी की। इससे पहले सूर्यकुमार यादव (40) और रायन रिकलटन (41) ने भी अपने-अपने बल्लेबाजी से मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। दिल्ली की ओर से कुलदीप यादव और विपराज निगम ने 2-2 विकेट चटकाए, जबकि मुकेश कुमार को एक सफलता मिली।

'कंडोम बेचती है'...

नुसरत भरूचा

ने याद किया ट्रोलिंग का दौर, बोलीं- जवाब देना जरूरी हो जाता है

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा इन दिनों अपनी फिल्म 'छोरी 2' को लेकर काफी चर्चा में हैं. नुसरत की फिल्म 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई है. फिल्म को अच्छे रिव्यूज मिल रहे हैं. फिल्म में नुसरत के साथ एक्ट्रेस सोहा अली खान भी लीड रोल में हैं. नुसरत और सोहा दोनों की एक्टिंग की काफी तारीफ हो रही है. एक्ट्रेस इस वक्त अपनी फिल्म के प्रमोशंस के लिए कई इंटरव्यूज दे रही हैं. ऐसे ही एक इंटरव्यू में नुसरत ने ट्रोलर्स को लेकर बात की.एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग को लेकर बात की. उन्होंने बताया कि लोग लड़कियों से एक्सपेक्ट करते हैं कि वो एक सर्टेन वे से ही बीहेव करें. साथ ही नुसरत ने बताया कि यूं तो वो कॉमेंट्स ज्यादा नहीं पढ़तीं, लेकिन एक बार ऐसा हुआ था कि उन्हें भी लोगों की बातों का जवाब देना पड़ गया था.

ऑनलाइन ट्रोलिंग पर नुसरत ने क्या कहा ?

ब्रूट के साथ बातचीत में नुसरत ने ऑनलाइन ट्रोलिंग को लेकर बात की. उन्होंने कहा कि लोग चाहते हैं कि लड़कियां जैसे वो चाहते हैं वैसे ही बर्ताव करें, और जब कोई लड़की कुछ अलग या ऑफ रूट काम करती है तो लोगों से ये बात बर्दाश्त नहीं होती. अपने पोस्ट पर आने वाले कॉमेंट्स पढ़ने के सवाल पर नुसरत ने बताया कि हां वो कॉमेंट्स पढ़ती हैं, हालांकि, वो पूरे नहीं पढ़तीं. इसके बाद ट्रोलिंग को लेकर हो रहे सवाल पर नुसरत ने एक किस्सा शेयर किया.

'जनहित में जारी' का जिक्र

नुसरत ने साल 2022 में आई अपनी फिल्म 'जनहित में जारी' का जिक्र किया. उन्होंने बताया कि उस वक्त इस फिल्म के लिए एक कैंपेन चलाया गया था. नुसरत ने बताया कि उस फिल्म के लिए कुछ पोस्टर्स डिजाइन किए गए थे, जिनको फिल्म के सब्जेक्ट के हिसाब से सोशल मीडिया पर एक कैंपेन की तरह शेयर किया गया था. नुसरत ने बताया कि उनको और उनकी टीम को ये बात पता थी कि इस कैम्पेन में लोगों के कॉमेंट्स आएंगे, लेकिन फिर भी वो कॉमेंट्स ऐसे थे कि नुसरत को जवाब देना पड़ गया. नुसरत ने बताया कि लोगों ने कहा कि वो 'डी ग्रेड' एक्ट्रेस हैं और 'कंडोम बेचती हैं'बातचीत में नुसरत ने बताया कि उन्होंने कॉमेंट्स पढ़ने के बाद उसी वक्त अपना फोन का कैमरा खोला और एक वीडियो बनाया. इसके बाद उन्होंने ट्रोलर्स को जवाब दिया. नुसरत ने बताया कि वो कॉमेंट्स इतने खराब थे कि उनसे रहा नहीं गया और इसलिए अंत में उन्होंने जवाब दिया. नुसरत ने कहा कि जब भी कॉमेंट्स पढ़ते हैं तो उसमें कई तरह की बातें होती हैं. नुसरत ने ये भी कहा कि कई लोग उन्हें ये भी बताते हैं कि वो कैसी लग रही हैं. कई अच्छे कॉमेंट्स भी होते हैं.

आलिया भट्ट

अनन्या के बाद अब शनाया कपूर की बारी, 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' की शूटिंग इस दिन होगी शुरू

संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर के पास एक्टिंग में डेब्यू करने से पहले ही कई सारे प्रोजेक्ट्स हैं. शनाया कपूर की बॉलीवुड में एंट्री का लंबे वक्त से इंतजार किया जा रहा है. हालांकि शनाया ने इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले अपनी पूरी तैयारी की है. फिल्मों के साथ-साथ उनके पास OTT के प्रोजेक्ट्स भी मौजूद हैं. इसके अलावा वो धर्मा प्रोडक्शन की हिट फ्रेंचाइजी 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के तीसरे पार्ट की लीड हीरोइन होने वाली हैं. चलिए जानते हैं कि किस से शनाया SOTY 3 की शूटिंग शुरू करेंगी.'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' को एक वेब सीरीज की तरह बनाया जा रहा है. इसी बीच पता चला है कि इसकी शूटिंग 20 अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाली है. मिड-डे की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस में बनने वाली कैंपस ड्रामा 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' इसी महीने मुंबई में फ्लोर पर आने वाली है. यह छह एपिसोड का शो होगा, जिसका डायरेक्शन रीमा माया करेंगी. इस सीरीज के साथ रीमा डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रही हैं.

इस दिन शुरू होगी SOTY 3 की शूटिंग

रिपोर्ट के मुताबिक शनाया कपूर स्टारर इस सीरीज की शूटिंग 30 दिनों में पूरी की जाएगी. सूत्र ने बताया, पिछले छह सालों से SOTY 3 पर काम चल रहा था. आखिरकार, करण ने हरी झंडी दे दी है और यूनिट 20 अप्रैल से इसकी शूटिंग शुरू करने की प्लानिंग कर रही है. छह एपिसोड की शूटिंग के लिए 30 दिनों से ज्यादा का टाइट शेड्यूल होगा.हाल ही में आई रिपोर्ट्स के अनुसार शनाया इस शो में डबल रोल में नजर आएंगी. उम्मीद है कि यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी.

'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से लॉन्च हुए कई चेहरे

'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रैंचाइज़ की पिछली फ़िल्मों ने बॉलीवुड में कई नए चेहरे लॉन्च किए हैं. साल 2012 में आई 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने-अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. साल 2019 के सीक्वल में अनन्या पांडे और तारा सुतारिया ने डेब्यू किया था. अब SOTY 3 शनाया कपूर का पहला OTT प्रोजेक्ट होगा.

विजय वर्मा संग ब्रेकअप के बाद चिरंजीवी ने तमन्ना भाटिया को दी खास सलाह! अब सच आया सामने

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के अलग होने की खबर लंबे समय से आ रही है. भले ही दोनों सितारों ने अभी तक अपने ब्रेकअप की खबरों पर चुप्पी साधे रखी हो, लेकिन सभी को यकीन हो गया है कि अब ये दोनों साथ नहीं हैं. ब्रेकअप की वजह को लेकर अलग-अलग अंदाजे लगाए जा रहे थे. किसी का कहना था कि विजय वर्मा ने तमन्ना से शादी करने से इनकार कर दिया था, इसलिए एक्ट्रेस ने उन्हें छोड़ दिया. अब कहानी कुछ और ही सामने आई है. तमन्ना और विजय के अलग होने की असली वजह सामने आ गई है.विक्की लालवानी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है. इस पोस्ट में तमन्ना और विजय के रिश्ते को लेकर काफी कुछ लिखा है. रिपोर्ट की मानें तो ऐसी अफवाहें थीं कि तमन्ना के पिता विजय संग उनके रिश्ते को लेकर खुश नहीं हैं. वो अपनी हर बात खुलकर रखने वालों में से हैं और एक्ट्रेस के पिता विजय के खिलाफ भी थे. हालांकि अब सच्चाई ये बताई जा रही है कि तमन्ना के पिता ने दोनों के रिश्ते को वक्त के साथ अपना लिया था. उनके हिसाब से दोनों 2024-25 तक शादी भी करने वाले थे.

इस बात से परेशान हो चुकी थीं तमन्ना

लेकिन उन्होंने जब अपनी बेटी से पूछा कि अब वो अपनी शादी को लेकर ढील क्यों बरत रही हैं, तो जवाब जानकर वो हैरान रह गए. तमन्ना ने अपने माता-पिता से कहा कि वह विजय से शादी करने के लिए तैयार नहीं हैं. एक्ट्रेस ने अपने माता-पिता को बताया कि उन्हें अब यह महसूस नहीं होता कि विजय उनके लिए कमिटेड हैं. वह पब्लिक प्लेसेस पर विजय के साथ बार-बार दिखने को लेकर भी परेशान हो चुकी थीं, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि ऐसा विजय के कहने पर होता था.

चिरंजीवी ने दी थी तमन्ना को खास सलाह

जब तमन्ना के माता-पिता ने उमसे पूछा कि वह अपने इस फैसले को लोगों को कैसे बताएगी, तो तमन्ना ने उनसे कहा कि इसके बारे में पब्लिक में बताने की कोई ज़रूरत नहीं है. लेकिन इस दौरान तमन्ना के फैमली फ्रेंड और साउथ स्टार चिरंजीवी ने उन्हें गाइड किया. रिपोर्ट की मानें तो चिरंजीवी ने तमन्ना को सलाह देते हुए कहा कि बेहतर होगा कि वह अपने ब्रेकअप की खबर मीडिया तक पहुंचाएं. बता दें, चिरंजीवी तमन्ना और उनके परिवार के बहुत करीब हैं, क्योंकि उन्होंने 'सई रा नरसिम्हा रेड्डी' में एक साथ काम किया है.

प्रियंका-निक ने 3 साल की बेटी को लेकर लिया ऐसा फैसला, नन्ही परी के इस काम से हैरान हैं दोनों

बॉलीवुड में अक्सर ऐसा देखा जाता है कि सेलेब्स की राह पर चलते हुए उनके बच्चे भी फिल्मी दुनिया में ही करियर बनाते हैं. जबकि कई सेलेब्स के बच्चों ने अपनी अलग राह चुनी और अलग पहचान बनाई. हालांकि सेलेब्स अक्सर ही अपने बच्चों के करियर को लेकर चिंतित रहते हैं और ये चिंता कम उम्र में ही शुरू हो जाती है.

प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस अभी महज तीन साल की हैं, लेकिन अभी से ये खबरें शुरू हो गईं कि दोनों की लाडली आखिर बड़ी होकर क्या बनेंगी ?प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की बेटी मालती एक चर्चित स्टार किड हैं.

बेटी को लेकर दोनों ने एक बड़ा फैसला लिया है. हाल ही में निक एक शो पर पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने बेटी के फ्यूचर को लेकर बात की. उनसे जब पूछा गया कि क्या उनकी बेटी शोबिज में एंट्री लेंगी ? इस पर निक ने जो जवाब दिया वो सुर्खियां बटोर रहा है.

क्या शोबिज में एंट्री लेंगी प्रियंका की बेटी ?

फैंस के बीच चर्चा चल रही है कि क्या निक और प्रियंका की तरह ही उनकी बेटी मालती भी शोबिज में कदम रखेंगी. ये सवाल हाल ही में निक से 'द केली क्लार्कसन' शो में भी पूछा गया था. इस पर उन्होंने मनोरंजन को एक शानदार करियर बताते हुए कहा कि उसे क्या करना है ये उसका फैसला होगा. हमने (प्रियंका और निक) इसके बारे में बहुत बात की है. वहीं बेटी की पसंद को बताते हुए निक ने आगे कहा, हमारी तीन साल की बेटी को गाना पसंद है.

बेटी जो भी करें, अपनी मर्जी से करें...

निक ने आगे कहा, मैंने और प्रियंका ने अपने करियर में काफी कुछ देखा है. हम नहीं चाहते कि हमारी बेटी को भी वो फेस करना पड़े. पैरेंट्स का काम बच्चों की सुरक्षा करना होता है. इसके साथ ही उन्हें खुलकर जीवन जीने देना चाहिए. निक ने बेटी को लेकर कहा वो जो भी करें, अपनी मर्जी से करें.

सरोगेसी से हुआ था मालती का जन्म

प्रियंका और निक ने साल 2018 में राजस्थान के उदयपुर में हिंदू और क्रिश्चियन वेडिंग की थी. इसके बाद कपल ने साल 2022 में बेटी का वेलकम किया. 15 जनवरी 2022 को उनका जन्म सरोगेसी के जरिए हुआ था. अब मालती करीब तीन साल तीन महीने की हो चुकी हैं.